Chief Minister said that the Rath Yatra would celebrate the contribution of a common man in these 50 years of the glorious journey of Himachal Pradesh. He said that the State Government would organize 51 events across the State by different departments of the State. He said the Swarnim Rath Yatra would cover almost all the constituencies of the State in over two months. He said that a mega event would be held on 25th January, 2022 on the State level Statehood day function.

Jai Ram Thakur said that the State Government has constituted an Executive Committee under the chairmanship of MLA Dr Rajiv Bindal for successful organization of this event.

He said that not only this, further four sub committees have been constituted which include Swarnim Rath Procurement Committee, IEC Committee, Social Media Committee and Budgetary Committee. He said the State Government was contemplating to organize the Swarnim Himachal Rath Yatra in the State from 25th January this year but due to the pandemic it was postponed.

Chief Minister said that the proposed Swaranim Rath would cover different parts of the State and 51 events would be held in a befitting manner. He said that the developmental history of the State would be showcased in this Rath Yatra and the participation of general public would be ensured. He said that active participation of achievers in different fields such as sports, social work, culture, literature etc would also be ensured in this Swarnim Himachal Rath Yatra.

# Parking facility to scribes, Press Club members expresses gratitude to Jai Ram Thakur

PANKAJ KATNA
HAMIRPUR, AUG 27



Press Club members expressed their gratitude to Jai Ram Thakur Chief Minister Jai Ram Thakur finally fulfilled the long pending demand of the journalists of Hamirpur for parking facility. Now the journalists of Press Club Hamirpur will get the facility to park their vehicles in the parking located at Mini Secretariat. As per the instructions of Chief Minister Jai Ram Thakur, DC Hamirpur Devshweta Banik held a meeting with the journalists and told them about the parking spot. Press Club Hamirpur President Dinesh Kanwar and all the members of the club have expressed their sincere gratitude to Chief Minister Jai Ram Thakur for providing parking facility. Media coordinator of the government, Vishwachakshhu was intimated about parking problems being faced by journalists recently.

# Kanwar will visit Una today to lay foundation stone of works

JYOTI SYAL
UNA, AUG 27



Rural Development, Panchayati Raj, Agriculture, Fisheries and Animal Husbandry Minister Virendra Kanwar will be on his stay in district Una from Saturday. Giving this information, an official spokesman said that Virendra Kanwar would lay the foundation stone for the construction of Road Side Suvidha Bhawan at Samur Kalan on Saturday at 10.30 am. After this, he will lay the foundation stone of the link road at Dangoli at 11.30 am and Panchavati Park at 12.30 pm at Kotla Kalan Upper. Virendra Kanwar will solve the public problems at Circuit House Una at 4 pm after laying the foundation stone of community building at Ramsery at 3 pm. The spokesman said that on August 29, Rural Development and Panchayati Raj Minister Virendra Kanwar would lay the foundation stone of the helipad at Raghu Kalan at 11 am and lay the foundation stone of sub-tehsil office and residential building at Ravdu Kalan at 12 noon. Virendra Kanwar will distribute induction heaters to the eligible beneficiaries at Ambedkar Bhawan Thana Kalan on August 30. An official spokesman said that on August 31, Rural Development and Panchayati Raj Minister Virendra Kanwar would inaugurate the irrigation tube well at Basal at 11 am and at Dhamandari at 12 noon.

Yugmarg 28 AUG 2021

# HP to begin undergraduate offline classes

AGENCY
SHIMLA, AUG 27



Himachal Pradesh Government ordered to start off line undergraduate classes of Govt, private degree, Sanskrit College and Institutions aided by govt with effect from Sep 1, 2021 following the standard Operating Procedure.

A notification issued by Additional Director higher Education Dr Parmod Chauhan said that the above Educational institutions are being directed by the state government to start offline classes with effect from Sep 1, 2021 following the SOPs issued from time to time.

He said that if needed, the head of the Institution should regulate the classes in such a manner that each classroom does not have students above 50 per cent capacity of the classroom.

He further directed to ensure proper thermal screening, use of masks, proper hand washing, social distancing and sanitation of class rooms and avoidance of unnecessary gathering.

He said that admission for 2nd and 3rd year UG classes started rolling along with online classes from August 16. The admission process for 1st year classes to be completed Aug. 31 and physical or offline classes would start with effect from Sep 1 now, he added.

The Barring examination department wasn't able to start offline classes since March last year which caused massive loss of regular academic activities and practical classes for learning to sciences, information technology students.

Teaching faculty and non-teaching staff are already attending their office and with Vaccination of most students above 18 yrs age group University and Colleges would start it's suspended activities now, a government official told UNI. Chief minister Jai Ram Thakur said that almost 98 per Cent eligible population have got their first shot of Covid Vaccine in the state which would help the state to face 3rd wave of Covid pandemic and lifting Covid restrictions to some extent.

# दो अक्तूबर से शुरू होगी स्वर्णिम हिमाचल रथयात्रा

## मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने की उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता, अधिकारियों को निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व के स्वर्ण जयंती वर्ष पर हिमाचल प्रदेश सरकार 2 अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथयात्रा शुरू करेगी। दो महीने में यह यात्रा प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में गुजरेगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उच्च स्तरीय समिति की बैठक में दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य में 51 कार्यक्रम होंगे। 25 जनवरी, 2022 को एक विशाल कार्यक्रम होगा। इसके सफल आयोजन के लिए विधायक डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति बनाई गई है। चार उप समितियां भी गठित की गई हैं। इनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण समिति, सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं। कहा कि सरकार इस वर्ष 25 जनवरी से स्वर्णिम रथयात्रा शुरू करना चाहती थी, लेकिन कोरोना के कारण इसे

**दो महीने में हर विधानसभा क्षेत्र को कवर करेगी स्वर्णिम रथयात्रा लोगों को जोड़ने का होगा प्रयास**



बैठक में सीएम जयराम और अन्य। अमर उजाला

स्थगित कर दिया गया था। रथयात्रा में खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृति, साहित्य आदि में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

स्वर्णिम रथ को राज्य के विकास के गौरवशाली इतिहास प्रदर्शित करने के लिए नवीनतम उपकरणों से लैस किया जाएगा। राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष और बजट समिति के अध्यक्ष सतपाल सत्ती ने कहा कि जहां रथयात्रा जाएगी और मुख्य कार्यक्रम होगा, वहां के मुख्य, ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण भवनों को भी सजाने के प्रयास किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार और स्वर्णिम रथयात्रा खरीद समिति के अध्यक्ष त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रत्येक परिवार को भव्य आयोजन से जोड़ने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

सीएम ने रथयात्रा से संबंधित कार्ययोजना और अन्य जानकारी को अंतिम रूप देने के लिए सभी जिला प्रशासन को कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायतीराज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों, युवक, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सुझाव दिया कि विशेष जिले में कार्यक्रम मनाते समय अलग जिलों के लिए अलग-अलग विषयों पर भी विचार किया जा सकता है।

# एशिया के सबसे ऊंचे गांव कौमिक पहुंचे राज्यपाल, लोगों से की बात

संवाद न्यूज एजेंसी

**केलांग/उदयपुर/काजा (लाहौल-स्पीति)।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर शुक्रवार को एशिया के सबसे ऊंचे गांव कौमिक पहुंचे। उन्होंने चीन सीमा से सटे लांगचा, हिक्किम, ताबो और कीह गोंपा का भी दौरा किया। राज्यपाल ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर वहां की संस्कृति के बारे में जाना। उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं।



काजा में पारंपरिक वेशभूषा में राज्यपाल और उनकी पत्नी। संवाद

राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र की संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाज समृद्ध हैं। यहां के लोगों ने अपनी इस पहचान को कायम रखा है। शुक्रवार को राज्यपाल काजा में जनजातीय संस्कृति से भी रूबरू हुए। एडीएम मोहन दत्त ने उन्हें पारंपरिक वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर प्रदेश सरकार की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने लांगचा में छेरिंग डोलमा और गटूक छोडन को गृहिणी सुविधा योजना के तहत गैस

**आर्लेकर ने लांगचा, हिक्किम, ताबो और कीह गोंपा का दौरा कर संस्कृति के बारे में भी जाना**

कनेक्शन और चूल्हा वितरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को धुएं से छुटकारा दिलाने तथा पर्यावरण संरक्षण में हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तीन वर्षों में सरकार ने राज्य में योजना के तहत 2.85 लाख महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन दिए हैं।

राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल सही मायनों में सुदूर क्षेत्रों में बसता है। वह कोशिश करेंगे कि राज्य के हर जिले का दौरा कर लोगों से मिलें। हिमाचल की संस्कृति को नजदीक से समझने के साथ लोगों की समस्याओं को भी जान सकेंगे। स्थानीय लोगों ने कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया है। वे इनका हल करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। नियोजित पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से रोजगार बढ़ने के साथ आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। उनके साथ लेडी गवर्नर अनघा आर्लेकर भी मौजूद रहीं।

अमर उजाला 28 AUG 2021



# प्रीमियम सेब की कम कीमत पर बागवान ने उठाया सवाल तो आढ़तियों का माल खरीदने से ही इनकार

## शिकायत की धमकी दी तब जाकर माल खरीदने को तैयार हुए आढ़ती, शिमला की भट्ठाकुफर फल मंडी में आढ़तियों की मनमानी से बागवान परेशान

विश्वास भारद्वाज

**शिमला।** प्रदेश सरकार के लाख दावों के बावजूद मंडियों में बागवानों को अपनी उपज औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है।

शुक्रवार को शिमला की भट्ठाकुफर फल मंडी में सेब बेचने आए बागवान ने जब बढ़िया रंग और आकार के प्रीमियम सेब की 1290 रुपये बोली पर सवाल उठाए तो आढ़तियों ने बागवान का सेब खरीदने से ही मना कर दिया। बागवान सेब खरीदने कि आढ़तियों से गुहार लगाता रहा लेकिन एक नहीं सुनी गई। तंग आकर जब बागवान ने अपना सारा सेब मंडी परिसर में फेंकने और इसकी शिकायत करने की धमकी दी तब जाकर आढ़ती सेब खरीदने को तैयार हुए। इसके बाद भी बागवान को प्रति पेटी 1250 रुपये ही रेट दिया गया।

**ठियोग से 46 पेटी सेब लेकर सुबह 5:30 बजे ही मंडी पहुंच गया था बागवान**

ठियोग के मतियाना भराड़ा के बागवान रमेश शर्मा शुक्रवार सुबह 5:30 बजे भट्ठाकुफर फल मंडी पहुंचे। 46 बॉक्स की बोली खरीददारों ने सिर्फ 1290 रुपये लगाई। बागवान ने प्रीमियम क्वालिटी के सेब की इतनी कम बोली पर सवाल उठाया और अन्य आढ़तियों के पास सेब बेचने की बात कही। लेकिन मंडी के सभी आढ़तियों ने बागवान का सेब खरीदने से साफ इनकार कर दिया।

रमेश शर्मा ने बताया कि सेब को ओलों से बचाने के लिए उन्होंने बगीचे में करीब 12 लाख की लागत से एंटी हेलनेट लगाए थे। सेब बिल्कुल साफ है, रंग भी अच्छा है, पेटी का वजन भी 35 किलो है। बावजूद इसके आढ़ती बहुत कम कीमत लगा रहे हैं। कोई दूसरा आढ़ती भी सेब खरीदने के लिए तैयार नहीं हो रहा है। जब शिकायत की धमकी दी तब जा कर 1250 रुपये में सेब खरीदा। गाड़ी उपलब्ध नहीं थी इसलिए मजबूरी में कम दाम पर सेब बेचना पड़ा।



ठियोग की पराला मंडी में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज। अमर उजाला

**1290**

**रुपये लगाई बोली, बढ़िया रंग, आकार के प्रीमियम सेब की पेटी बाद में 1250 रुपये में खरीदी**

### सीएम का बढ़िया सेब को अच्छे दाम मिलने का दावा कहां गया

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को दावा किया कि बढ़िया क्वालिटी के सेब को मंडियों में अच्छे दाम मिल रहे हैं। लेकिन भट्टाकुफर फल मंडी में बागवान के प्रीमियम क्वालिटी के सेब को महज 1250 रुपए रेट मिला। 35 किलो की पेटी का प्रति किलो रेट बागवान को सिर्फ 35 रुपये मिला।

### पेटी में निकला एक हरा सेब तो कम कर दिया दाम



खली मंडी में अच्छे दाम न मिलने से परेशान बागवान। अमर उजाला

भट्ठाकुफर फल मंडी में शुक्रवार को कोटखाई के खलटूनाला से सेब बेचने आए बागवान हर्ष कुमार ने बताया कि उनके सेब की एक पेटी में सिर्फ एक हरा सेब क्या निकला आढ़ती ने पेटी का दाम सिर्फ 350 तय कर दिया। एक पेटी पर लागत ही करीब 400 रुपये आती है। मजबूरन घाटे में सेब बेचना पड़ा। भट्ठाकुफर फल मंडी के केशव इंटरप्राइजेज के संचालक जय कुमार ने बताया कि मतियाना के बागवान के सेब की खरीददारों ने 1290 रुपये बोली लगाई। बागवान जिस मर्जी चाहे आढ़ती के पास अपना माल बेच सकते हैं। मंडी में ऐसी कोई बंदिश नहीं है।

## डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है सेब का रेट : भारद्वाज

**ठियोग (शिमला)।** वीरवार को अधिकारियों की बैठक लेने के दूसरे दिन शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज व्यवस्थाओं का जायजा लेने मैदान में उतरे। उन्होंने ठियोग की पराला मंडी का निरीक्षण किया। मंत्री ने बताया कि मंडियों में सेब का रेट इकोनॉमिक्स के सिद्धांत डिमांड एंड सप्लाई पर निर्भर करता है। सेब की ज्यादा आमद से दाम गिर जाते हैं।

**पराला मंडी में व्यवस्था जांचने पहुंचे मंत्री**

दावा किया कि बढ़िया सेब को जो रेट शिमला की मंडियों में मिल रहे हैं, वही रेट दिल्ली सहित देश की बड़ी मंडियों में भी हैं। उन्होंने मंडी में आढ़तियों की मनमानी रोकने के लिए एपीएमसी को तुरंत सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए एसडीएम को भूमि चयनित करने को कहा। मंडी के पास चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मंडी के आढ़तियों ने अपनी समस्याओं से भी अवगत करवाया। भारद्वाज ने सेब की पेटियां स्टोर करने का प्रबंध करने और बैंक की शाखा खुलवाने का आश्वासन दिया। ब्यूरो

## समय पर न बिकने से हर साल 30% सेब बरबाद

### हिमाचल में वर्षों बाद भी सेब आधारित उद्योग नहीं लगे, मंडियों में पहुंचने से पहले हो रहा खराब

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भले ही सेब का कारोबार पांच करोड़ का रहा है लेकिन दूसरा पहलू यह भी है कि हर साल बागवानों की तैयार फसल में से 30 फीसदी सेब बेचने से पहले बरबाद होता है।

इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यही बताया जा रहा है कि अधिकांश बागवान किसी न किसी कारण से सेब फसल समय पर मंडियों में नहीं बेच पाते और पूरी फसल को दाम नहीं मिल पाता। सेब अधिक पका हो तो भी फसल को बेचना कठिन होता है। अच्छे सेब की बिक्री बागवानों को खुद करनी पड़ती है।

प्रदेश में सेब बेचने के अलावा कोई और चारा बागवानों के पास नहीं है। सेब खराब न हो जाए, इसके लिए बागवानों को फसल औने पौने दामों में बेचनी पड़ती है। यह सिलसिला कई सालों से चल रहा है। बागवान सेब के रेट को लेकर खासे चिंतित हैं, क्योंकि उनको फसल की उत्पादन लागत तक पूरी नहीं मिल रही।



### छोटी प्रोसेसिंग यूनिटें लगती तो यह नौबत न आती

हिमाचल में वर्षों बाद भी ऊपरी क्षेत्रों में सेब पर आधारित छोटे उद्योग नहीं लगे। अगर फलों पर आधारित उद्योग समय पर स्थापित किए होते तो बागवानों के पास फल बेचने का विकल्प रहता। बागवानों को तीस फीसदी खराब होने वाली फसल को बेचकर मुनाफा होता। आज सिर्फ मंडियों में सेब बेचना मजबूरी रहती है। इधर, सेब सीजन में मामला गरमाते देख मंत्री और अफसर फील्ड में उतरने को विवश हुए हैं।

### सी ग्रेड के सेब से जूस निकालने तक सीमित हैं परवाणू संयंत्र, खुद करनी पड़ती अच्छे सेब की बिक्री

**चुनिंदा प्रोसेसिंग यूनिटों में ही बनता है जूस**

सरकारी उपक्रम एचपीएमसी के संयंत्र सिर्फ प्रदेश के सी ग्रेड के सेब से जूस निकालने तक सीमित हैं। इसके अलावा बंपर सीजन में सी ग्रेड का सेब पेटियों में भरकर बाजार में आ जाए तो अच्छे सेब को दाम नहीं मिल पाते।

हिमाचल प्रदेश सब्जी एवं फल उत्पादक संघ के अध्यक्ष हरीश चौहान ने कहा कि सरकार ने समय पर सेब उत्पादक क्षेत्रों में छोटी फल विधायन यूनिटें स्थापित की होती तो बागवानों को पूरी तरह से मंडियों में लदानियों और आढ़तियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।

अमर उजाला 28 AUG 2021

# दो साल पुराने दामों पर ही स्मार्ट स्कूल की वर्दी खरीदेगी सरकार

## कैबिनेट ने मैसर्ज मफतलाल इंडस्ट्री को दिया इस वर्ष भी स्कूल वर्दी देने का काम

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले करीब आठ लाख विद्यार्थियों के लिए दो साल पुराने रेट पर स्मार्ट वर्दी खरीदी जाएगी। राज्य मंत्रिमंडल ने बीते दो वर्षों से वर्दी दे रही मैसर्ज मफतलाल इंडस्ट्री लिमिटेड को ही इस वर्ष भी स्कूल वर्दी देने का काम दे दिया है। अक्तूबर अंत तक विद्यार्थियों के लिए नई वर्दी की सप्लाई स्कूलों में पहुंचना शुरू हो जाएगी।

संबंधित कंपनी ने प्रदेश सरकार को दो वर्ष पुराने रेट पर ही स्मार्ट वर्दी देने का प्रस्ताव दिया था। शिक्षा विभाग ने वित्त महकमे से मंजूरी लेने के बाद राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस बाबत प्रस्ताव ले जाया गया। कैबिनेट ने महंगाई के इस दौर में दो साल पुराने रेट पर ही वर्दी देने

### अक्तूबर अंत तक आठ लाख विद्यार्थियों को दी जाएगी नई वर्दी



को लेकर आए प्रस्ताव पर चर्चा करने के बाद इसे मंजूरी दे दी है। पहली से जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों को स्मार्ट वर्दी के दो-दो सेट दिए जाएंगे। पहली से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को वर्दी की सिलाई को सौ रुपये अलग से मिलेंगे। पहली से जमा दो कक्षा तक पढ़ने वाली छात्राओं को लाल, काले और सफेद रंग की चेकदार वर्दी दी जाएगी। छठी से बारहवीं तक की छात्राओं को दुपट्टा भी दिया जाएगा। वहीं लड़कों की वर्दी में ग्रीन रंग की पैंट और ग्रीन रंग की चैक शर्ट होगी।

## आर्थिक रूप से कमजोर दो बेटियों को मुख्यमंत्री ने दिए 50-50 हजार

शिमला। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बिलासपुर की घुमारवीं तहसील के गांव कोठी निवासी पूजा सोनी और मंडी की सरकाघाट तहसील के गांव रामनगर की साक्षी के परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें पचास-पचास हजार रुपये की मदद प्रदान की है।

मुख्यमंत्री को वर्तमान आर्थिक स्थिति से अवगत करवाते हुए साक्षी ने कहा कि वह गरीब परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता मजदूरी करते हैं, जबकि मां बीमार रहती हैं। वह और उनकी बहन महक अपनी पढ़ाई आगे जारी रखना चाहती हैं लेकिन धन के अभाव ने उन्हें पढ़ाई जारी रखने में मुश्किल हो रही है। इसी प्रकार की आर्थिक तंगी की समस्या को लेकर पूजा सोनी जब मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर से मिलीं तो मुख्यमंत्री ने उन्हें भी निराश नहीं किया। पूजा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी दो बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटी दिव्यांग है। उन्होंने कहा कि आजीविका का कोई तय साधन न होने के कारण उन्हें बेटी का इलाज करवाने में मुश्किल हो रही है। मुख्यमंत्री ने पूजा और साक्षी की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की। ब्यूरो

---

कवायद

### कोल डैम के दो किमी क्षेत्र में पर्यटन विभाग शुरू करेगा नई सुविधा, केंद्र की मंजूरी के लिए भेजा प्रस्ताव, सावड़ा कुड्डू भी होगा विकसित

# तत्तापानी से कोल डैम तक फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का रास्ता खुला

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। राजधानी शिमला से करीब 45 किलोमीटर दूर मंडी जिले के तत्तापानी में सैलानी जल्द फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लुत्फ उठा सकेंगे। कोल डैम के दो किलोमीटर क्षेत्र में पर्यटन विभाग इस सुविधा को शुरू करेगा।

बांध क्षेत्र में तैरता हुआ रेस्टोरेंट शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी लेने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। पर्यटन विभाग के निदेशक अमित कश्यप ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से



तत्तापानी में सैलानियों की संख्या में इजाफा होगा। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने वर्चुअल माध्यम से तत्तापानी में जल क्रीड़ा गतिविधियों का फरवरी 2021 में शुभारंभ करते हुए फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की संभावनाएं देखने के निर्देश दिए थे। पर्यटन विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेज दिया है।

कोल डैम क्षेत्र केंद्र सरकार के अधीन आता है। ऐसे में तत्तापानी से कोल डैम तक करीब दो किलोमीटर के क्षेत्र में पानी में तैरते हुए रेस्टोरेंट की सेवा शुरू करने के लिए केंद्र की मंजूरी लेना अनिवार्य है। प्रदेश सरकार नई राहें नई मंजिलें योजना के तहत इस क्षेत्र को विकसित कर रही है। इससे न केवल प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भीड़ का बोझ कम होगा, बल्कि पर्यटकों को नए पर्यटन गंतव्य भी मिलेंगे। इससे स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार उपलब्ध करवाने के अवसर प्राप्त होंगे। इसके अलावा पर्यटन विभाग रोहड़ू के समीप सावडा-कुड्डू क्षेत्र को भी विकसित किया जाएगा। यहां वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है।

### विशेषज्ञों की मदद से बनाया जाएगा रेस्टोरेंट

फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण विशेषज्ञों की मदद से किया जाएगा। निजी कंपनियों का इसमें सहयोग लिया जाएगा। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले पंजीकृत संस्थानों से भी मदद ली जाएगी। महाराष्ट्र और उत्तराखंड में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट डूबने की घटनाओं पर भी मंथन करते हुए तत्तापानी में नई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए रेस्टोरेंट बनाया जाएगा।

### खाने-पीने और नाचने-गाने की भी मिलेगी सुविधा

फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में लोगों को खाने-पीने और नाचने-गाने की सुविधा मिलेगी। रेस्टोरेंट में कॉन्फ्रेंस, बर्थ डे पार्टी और अन्य सेलिब्रेशन भी किए जा सकते हैं।

25

अमर उजाला 28 AUG 2021

# चट्टानें गिरने से मंडी-कुल्लू एनएच 23 घंटों से बंद, चंबा में अधेड़ बहा

हिमाचल में भारी बारिश

**19** मकान और अठारह गोशालाएं क्षतिग्रस्त

**198** सड़कें प्रदेशभर में हुईं अवरुद्ध

नेशनल हाईवे पर 20 और वैकल्पिक मार्ग पर 30 किलोमीटर लंबा जाम लगा

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** येलो अलर्ट के बीच हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का दौर शुरू हो गया है। मंडी के सात मील के पास वीरवार रात 11 बजे से चंडीगढ़-मंडी-मनाली एनएच भूस्खलन से भारी चट्टानें गिरने से बंद हो गया है। रात 10 बजे 23 घंटे बाद भी एनएच बहाल नहीं हो पाया।

इस दौरान दोनों ओर करीब 20 किमी लंबा जाम लग गया। इस बीच वाया कटौला वैकल्पिक मार्ग पर भी करीब 30 किमी लंबा जाम लगा रहा। यहां तक की सेब, सब्जियों से लदे ट्रंक, पिकअप और अन्य वाहन भी फंसे रहे। प्रशासन ने रात को बहाली का काम बंद कर दिया, अब सुबह काम शुरू होगा।



मंडी। मंडी-कुल्लू एनएच पर लगे लंबे जाम में सेब से भरे दर्जनों ट्रक, तेल के टैंकर, मालवाहक और सैलानियों के वाहन फंसे रहे। चट्टानें गिरने से वीरवार देर रात से बंद चंडीगढ़-मंडी-मनाली मार्ग शुक्रवार शाम तक बहाल नहीं हो पाया।



चंडीगढ़-मनाली एनएच पर गिरीं चट्टानें। संवाद

**कुल्लू में लगे भूकंप के झटके**

*कुल्लू में शुक्रवार तड़के साढ़े पांच बजे भूकंप के झटके महसूस हुए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.9 मापी गई।*

सूबे में शुक्रवार को 198 सड़कें ठप रहीं। प्रदेश भर में 16 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त और तीन ध्वस्त हुए हैं। 18 गोशालाओं को नुकसान पहुंचा है। आठ ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। हिमाचल में 30 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट है। वीरवार रात चंबा के तुन्नूहट्टी-ककीरा मार्ग पर पैर फिसलने से लुडेरा नाले में गिरने से बहे कर्मचंद (58) निवासी गाव लुडेरा का शव बरामद हुआ। मंडी-पठानकोट, मंडी-जालंधर वाया धर्मपुर मार्ग पर भी आवाजाही प्रभावित रही। गोहर, धर्मपुर और जोगिंदरनगर क्षेत्र में 10 गोशालाएं ध्वस्त हो गईं। गोहर में गोशाला ढहने से तीन मवेशियों की मौत हुई है। सराज में तीन रिहायशी मकानों पर मलबा गिरा है। बिलासपुर में कई जगह यातायात ठप रहा। श्री नयनादेवी जी में भाखड़ा बांध के पास पुलिस बैरियर के नजदीक पहाड़ी गिरने से ढाई घंटे तक मार्ग अवरुद्ध रहा। जिला कांगड़ा के चंगर के क्षेत्रों में वीरवार रात को जमकर बारिश हुई। खुंडियां के सुराणी में एक चट्टान सड़क मार्ग पर गिर गई। इसके चलते सड़क सुबह आठ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक बंद रही। शिमला में दिन भर बादल छाए रहे। देरशाम झमाझम बादल बरसे। शुक्रवार को मंडी में 37, शिमला-धर्मशाला में 15, पालमपुर में 14.5, शाहपुर में 13, सुंदरनगर में 7, कल्पा में 5, नाहन में 3.9 मिलीमीटर बारिश हुई।

2 8 AUG 20..

# सैहब सोसायटी से भरे जाएं खाली पद, मंत्री से मिले कर्मचारी

शिमला। नगर निगम में खाली पड़े सफाई कर्मचारियों के पद सैहब सोसायटी से भरने का मामला नगर निगम सदन के बाद सरकार के पास पहुंच गया है।

सैहब सोसायटी के पदाधिकारी शुक्रवार को शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज से मिले यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह ने मांगपत्र सौंपते हुए कहा कि नगर निगम सदन ने इस प्रस्ताव को पारित कर दिया है। ऐसे में सरकार इस पर जल्द फैसला ले। कहा कि नगर निगम में सफाई कर्मचारियों के सैकड़ों पद खाली हैं। अभी सैहब सोसायटी के कर्मचारी घरों से कूड़ा उठाने के अलावा, चालक, सुपरवाइजर आदि श्रेणियों में काम कर रहे हैं। सैहब में तनख्वाह कम है जबकि सफाई कर्मचारियों की तनख्वाह ज्यादा है, जो सैहबकर्मी सालों से सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें वरिष्ठता के आधार पर सफाई कर्मचारियों के खाली पदों पर तैनात किया जाए। शहरी विकास मंत्री ने भरोसा दिया कि जल्द ही इस प्रस्ताव पर सरकार से चर्चा की जाएगी। ब्यूरो

# चार हजार उपभोक्ताओं को भवनों से बाहर शिफ्ट करने होंगे पेयजल मीटर

## पेयजल कंपनी के आदेश; घर के गेट पर लगवाने होंगे मीटर, कर्मचारियों को रीडिंग लेने में होगी आसानी

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। राजधानी में चार हजार से अधिक उपभोक्ताओं के पेयजल मीटर घरों से बाहर शिफ्ट किए जाएंगे। भवनों के अंदर लगे इन मीटरों को पेयजल कंपनी घर के बाहर गेट पर लगाएगी। हर महीने उपभोक्ताओं को पेयजल बिल जारी करने में यह मीटर परेशानी का कारण बन रहे हैं।

पेयजल कंपनी का कहना है कि घरों के अंदर लगे इन मीटरों से समय पर रीडिंग नहीं मिल रही। कंपनी के मीटर रीडर पेयजल बिल जारी करने के लिए इनकी रीडिंग लेने जाते हैं तो हर बार भवन मालिक से दरवाजे खुलवाने पड़ते हैं। कई बार भवन मालिक घर पर नहीं मिलते। ऐसे में मीटरों की रीडिंग नहीं हो पाती। मीटर रीडरों को बार-बार इनके घरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। कई जगह पेयजल मीटर भवनों की छतों या दीवारों पर लगे हैं जहां रीडिंग लेना आसान नहीं है। कर्मचारियों ने इस बारे में कई बार पेयजल कंपनी में शिकायत दी। समय पर रीडिंग न होने से मासिक बिल जारी करने की प्रक्रिया बाधित हो रही है। ऐसे में कंपनी ने इन उपभोक्ताओं के पेयजल मीटर घर के बाहर लगाने का फैसला लिया है। इसका काम ठेकेदार को दिया जाएगा। एजीएम कार्यालय से इसकी फाइल एमडी को भेज दी है। मंजूरी मिलते ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। एजीएम हरमेश भाटिया ने बताया कि बचत पेयजल मीटरों को भी ऐसी जगह लगाया जाएगा जहां आसानी से रीडिंग ली जा सके।



### शहर में 35 हजार से अधिक हैं पेयजल उपभोक्ता

शहर में 35 हजार से अधिक पेयजल उपभोक्ता हैं। कई उपभोक्ताओं ने खुद मीटर भवनों के अंदर लगवाए हैं। इनका कहना है कि बंदर मीटर तोड़ देते हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने सर्दियों में मीटर फटने से बचाने के लिए घर के अंदर लगाए हैं। लेकिन अब इन्हें बाहर शिफ्ट करना पड़ेगा। कंपनी का कहना है कि भवन मालिकों को बिजली मीटर की तरह पेयजल मीटर के लिए भी घर के बाहर जगह देनी होगी।

### घर के अंदर मीटर होने से रीडिंग लेने में होती है दिक्कत

घरों के अंदर मीटर होने से रीडिंग लेने में काफी परेशानी होती है। अब ताजा कवायद से जहां से कर्मचारियों को रीडिंग लेने में आसानी होगी वहीं बिल भी लोगों को समय पर मिल सकेंगे। पेयजल कंपनी ने लोगों को मीटर शिफ्ट करने के बारे में अवगत करवा दिया है।

# टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव पर आज लगेगी मुहर

शिमला। शहरवासियों को राहत देने वाले कई प्रस्तावों पर शनिवार को होने वाली नगर निगम की मासिक बैठक में मुहर लगेगी। सदन में जनवरी 2021 के बाद बनने वाले नए भवनों पर ज्यादा टैक्स लगाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लग सकती है। एफसीपीसी ने इसे पहले ही पारित कर दिया है। मेयर सत्या कौंडल की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कच्चीघाटी, लोअर ढली, टुटीकंडी और बैनमोर वार्ड की हाउसिंग बोर्ड कालोनी जाखू में पार्किंग बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी।

अनाडेल में सामुदायिक भवन बनाने, पंथाघाटी में एंबुलेंस रोड बनाने और शहर में खराब पड़े ई टायलेट दुरुस्त करने पर भी फैसला लिया जाएगा। एचपीटीडीसी की लिफ्ट से शेयर लेने के मामले पर भी सदन में चर्चा होगी। शहर में स्मार्ट सिटी के कामों को लेकर भी सदन में चर्चा होनी है। नगर निगम चुनाव से पहले वार्डों के गठन को लेकर भी पार्षद राकेश चौहान ने सवाल पूछा है। ब्यूरो

अमर उजाला 28 AUG 2021

# हिमाचल में एक खेल का एक ही होगा संघ, नेता हिट विकेट

शिमला। प्रदेश में दो माह में लागू होने जा रही नई खेल नीति में सरकार ने कई नए प्रावधान किए हैं। नई खेल नीति को वित्त विभाग ने मंजूरी दे दी है। अब कैबिनेट के पास मामला जाएगा। वहां से मंजूरी मिलते ही प्रदेश में एक खेल का एक ही संघ होगा। अब तक खेल के नाम पर राजनीति चमकाने वाले नेता भी हिट विकेट होने वाले हैं। निष्क्रिय संघों पर शिकंजा कसेगा।

**नई खेल नीति को वित्त विभाग की मंजूरी, कई नए पुरस्कार होंगे शुरू**

अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली इनाम राशि बढ़ेगी। कई नए पुरस्कार शुरू होंगे। खिलाड़ियों की डाइट मनी सरकार दोगुना करेगी। ग्रामीण स्तर पर इंडोर स्टेडियम बनेंगे। अनुराग ठाकुर के केंद्रीय खेल मंत्री बनने से सरकार को खेलों के क्षेत्र में प्रदेश को प्राथमिकता मिलने की आस है। ब्यूरो

>> नए स्टेडियम बनेंगे, खिलाड़ियों पर बरसेगा पैसा... खबर पेज 10 पर

# हिमाचल में अब नहीं रहेगी कोरोना वैक्सीन की कमी

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल में अब कोरोना वैक्सीन की कमी नहीं होगी। 95 फीसदी लोगों को पहली डोज लग चुकी है। दूसरी डोज लगाने के लिए सेंटर में भीड़ नहीं उमड़ेगी।

तीन सप्ताह बाद लोगों को यह वैक्सीन लगनी है। प्रदेश सरकार के पास 9 लाख अतिरिक्त वैक्सीन डोज है। केंद्र सरकार ने भी हिमाचल को वैक्सीन की कमी न आने की बात कही है। स्वास्थ्य सचिव अमिताभ अवस्थी ने बताया कि दूसरी डोज लगाने का समय निर्धारित है। ऐसे में वैक्सीन की कमी नहीं होगी।

प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग को वैक्सीन की दूसरी डोज के लिए 20 लाख और टीकों की जरूरत पड़ेगी। वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग के पास नौ लाख के करीब वैक्सीन पड़ी हैं और 18 लाख लोगों को दोनों डोज लग चुकी हैं। ऐसे में 55 लाख की आबादी को ही राज्य में वैक्सीन लगनी है।

**लक्ष्य पूरा करने को घर- घर जाकर वैक्सीनेशन :** 30 अगस्त तक वैक्सीन की पहलीडोज लगाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए लोगों के घर - घर वैक्सीन लगाई जा रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हेल्थ केयर वर्कर और आशा कार्यकर्ता लोगों को वैक्सीन लगा रहे हैं। यह वह लोग हैं जो कि अस्पतालों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसमें बुजुर्ग ज्यादा शामिल है।

# कोरोना से तीन और मौतें, 174 नए मामले

**शिमला।** हिमाचल में शुक्रवार को 3 कोरोना संक्रमित की मौत हुई है। यह तीनों महिला जिला कांगड़ा की है। इसके साथ ही प्रदेश में 174 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए।

प्रदेश में कोरोना एक्टिव मामलों का आंकड़ा 1965 पहुंच गया है। इसमें मंडी में 450, कांगड़ा में 369, चंबा में 246 शिमला में 261, हमीरपुर में 242, कुल्लू 115, बिलासपुर में 112, सोलन में 56, लाहौल-स्पीति में 36, किन्नौर में 38, ऊना में 24 और सिरमौर में 22 मामले शामिल हैं। प्रदेश में मृतक का आंकड़ा 3569 पहुंच गया है। ब्यूरो

# ठियोग में किसान अधिवेशन आज, गरजेंगे सिंघा

शिमला। सेब के गिरते दामों और कारपोरेट कंपनियों की मनमानी के खिलाफ शनिवार को ठियोग में विधायक राकेश सिंघा की अध्यक्षता में किसान अधिवेशन बुलाया गया है।

इसमें ठियोग और कुमारसैन के किसान और बागवान हिस्सा लेंगे। 30



अगस्त को शिमला के कालीबाड़ी हाल में संयुक्त किसान मंच ने भी बैठक बुलाई है। संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश ठाकुर ने बताया कि मौजूदा समय में हिमाचल के बागवान संकट के दौर से गुजर रहे हैं। मंडियों में आढ़तियों और खरीदारों के आपसी गठजोड़ से गिरे सेब के दामों और कारपोरेट कंपनियों की मनमानी के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। ब्यूरो

# बागवानों को अडानी, अंबानी और लदानी से बचाए सरकार : राठौर

## सेब खरीद पर संकट : गिरते दामों के विरोध में कांग्रेस का हिमाचल निर्माता डॉ. परमार की प्रतिमा के सामने मौन धरना

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि सरकार अडानी, अंबानी, लदानी से बागवानों को बचाए। कांग्रेस ने शुक्रवार को राठौर के नेतृत्व और जिला शिमला ग्रामीण अध्यक्ष यशवंत छाजटा की अध्यक्षता में रिज मैदान पर हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा के सामने मौन धरना दिया।

**राठौर बोले, सेब के रेट तय करने का हक अडानी को किसने दिया**

धरने में जिला परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रभा नेगी, महिला जिलाध्यक्ष वनिता वर्मा, शिमला ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल शर्मा, ठियोग ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र कंवर, रोहड़ू ब्लॉक अध्यक्ष करतार सिंह कुल्ला और कसुम्पटी ब्लॉक अध्यक्ष राम कृष्ण शांडिल शामिल रहे। राठौर ने भाजपा सरकार को किसान और बागवान विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार को देश की चिंता नहीं है। प्रदेश में बागवानों की सबसे बड़ी आर्थिकी सेब है। सरकार की उपेक्षा के चलते बागवानों की कमर टूट गई है। सरकार की बेरुखी से बागवान परेशान हैं। सेब कार्टन और ट्रे के दाम में बढ़ोतरी न करने के सरकार के वादे के विपरीत मूल्य बढ़ाए गए। अडानी, लदानी के पास ऐसे क्या मापदंड हैं, जो उन्होंने सेब के भाव 72 रुपये निर्धारित किए। अडानी, लदानी बागवानों का शोषण कर रहे हैं। राठौर ने कहा कि जब अडानी को सरकार ने सीए स्टोर के लिए जमीन दी थी, तो इसके निर्माण में भारी सब्सिडी दी थी। ये सेब सस्ता खरीद कर दोगुना दामों पर बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रभावी कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।



शिमला के रिज मैदान पर डॉ. परमार की प्रतिमा के सामने बैठकर मौन प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। संवाद

**टिकैत आज शिमला में, सेब मसले पर घेरेंगे सरकार को**

शिमला। किसान नेता राकेश टिकैत शनिवार को शिमला में सेब के गिरते दामों पर सरकार को घेरेंगे। दोपहर बारह बजे टिकैत प्रेस क्लब शिमला में पत्रकार वार्ता करेंगे। टिकैत का शनिवार को होने वाला दौरा प्रदेश का तीसरा दौरा है। >> विस्तृत 2 पर



>> प्रीमियम सेब की कम कीमत पर बागवान ने उठाया सवाल तो आढ़तियों का माल खरीदने से ही इनकार... संबंधित पैकेज पेज 2 पर

# किसान नेता टिकैत आज शिमला में, सेब मसले पर सरकार को घेरेंगे

## प्रदेश का तीसरा दौरा, पहले भी बागवानों से लूट के मामले को उठा चुके हैं टिकैत

अमर उजाला ब्यूरो



शिमला। किसान नेता राकेश टिकैत शनिवार को शिमला में सेब के गिरते दामों पर सरकार को घेरेंगे। दोपहर बारह बजे टिकैत प्रेस क्लब शिमला में पत्रकार वार्ता करेंगे। टिकैत का शनिवार को होने वाला दौरा प्रदेश का तीसरा दौरा है।

इससे पहले भी बागवानों से लूट के मामलों को टिकैत जोरदार तरीके से उठा चुके हैं। टिकैत के इस दौरे से दिल्ली में जारी किसान आंदोलन को हिमाचल के सेब बागवानों का समर्थन मिल सकता है। शनिवार सुबह राकेश टिकैत सोलन फल मंडी का सुबह दस बजे निरीक्षण करेंगे। इस दौरान स्थानीय किसानों के साथ बैठक होगी। दोपहर बारह बजे टिकैत शिमला में प्रेस वार्ता करेंगे। हिमाचल में गिरते सेब के दामों को लेकर टिकैत प्रेस वार्ता करेंगे। अप्रैल में एक वीडियो जारी कर भी राकेश टिकैत ने सेब बागवानों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया था। उस समय सेब की फ्लावरिंग और सेटिंग के समय हुए नुकसान को उठाया गया था। इस वीडियो के जारी होने के बाद हरकत में आई सरकार ने कई कदम उठाए थे। अब प्रदेश में सेब के दाम एकाएक गिरने से प्रभावित हो रहे बागवानों के हक में दोबारा से राकेश टिकैत आवाज बुलंद करेंगे।

### पहले यूपी के गन्ना किसानों को संभालें टिकैत : भारद्वाज

शिमला। शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा कि राकेश टिकैत पहले उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को संभाले। हिमाचल के किसानों ने किसानी छोड़कर बागवानी अपनाकर अपनी आर्थिकी मजबूत की है। सेब बेचने के लिए वह किसी पर निर्भर नहीं है। प्रदेश के बागवानों खासकर सेब उत्पादकों को सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है। इस साल सरकार ने एमआईएस की राशि एक रुपये प्रतिकिलो बढ़ाई है। यह 9.50 रुपये किलो हो गई है। शहरी विकास मंत्री ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि टिकैत अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने में लगे हैं। कांग्रेस ने ही कृषि कानून बनाए थे, वही देश और प्रदेश में लागू हैं। ब्यूरो

# साध्वी कल्याणी गिरि ने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को सौंपा ज्ञापन



शिमला : मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को ज्ञापन सौंपतीं साध्वी कल्याणी गिरि। (नि.स.)

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो): एम.एक्स प्लेयर पर चलने वाली वैब सीरीज राम युगा का कड़ा विरोध करने वाली पंचदश नाम अखाड़े की साध्वी कल्याणी गिरि ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि एम.एक्स प्लेयर पर चलने वाली वैब सीरीज राम युगा का 23 से 26 अगस्त तक कड़ा विरोध किया था। इस वैब सीरीज में समस्त रामायण के चरित्रों की मर्यादाओं का हनन हुआ है। उन्होंने इसकी निर्माता संजना चोपड़ा और निर्देशक कुनाल कोहली की गिरफ्तारी व एम.एक्स प्लेयर पर इसे बैन करने की मांग की है, वहीं मुख्यमंत्री ने साध्वी कल्याणी गिरि को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री हमें निराश नहीं करेंगे और जल्द कार्रवाई करेंगे परंतु यदि कार्रवाई नहीं हुई तो हम जन शक्ति आक्रोश रैली चलाएंगे और उसके उपरांत अनशन करेंगे।

## समिति की बैठक आयोजित

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय में सामान्य विकास समिति की बैठक सभापति हीरा लाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के सदस्य जगत सिंह नेगी, इंद्र दत्त लखनपाल, रविंद्र कुमार, जवाहर ठाकुर व राजेश ठाकुर ने भाग लिया। बैठक में समिति ने बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा, जल शक्ति, शहरी विकास तथा नगर एवं ग्राम योजना विभागों से संबंधित आश्वासनों के विभागीय उत्तरों का अवलोकन किया।



शिमला : सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी मुख्यमंत्री से भेंट करती हुई। (नि.स.)

## नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री से भेंट की

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। संघ के महासचिव महेश कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संघ के प्रदेशाध्यक्ष भूपिंद्र सिंह बॉबी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस मौके पर कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपप्रधान चानण मेहता, उपप्रधान राजेंद्र सिंह मियां, संयुक्त सचिव, महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष संजय एवं कार्यकारिणी के कार्यकारी सदस्य रमेश चंद, विनोद कुमार, अमर सिंह, मनोज शर्मा, विजय कुमार, नवनीत कुमार, कुलदीप सिंह और रक्षित कुमार उपस्थित रहे।

30

28 AUG 2021

# हिमाचल में गोरखधंधा शब्द के इस्तेमाल पर लगेगा प्रतिबंध

- 2 अक्तूबर से आरंभ होगी स्वर्णिम रथ यात्रा, राज्य में होंगे 51 कार्यक्रम : जयराम
- रथ यात्रा के लिए डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति गठित

शिमला, 27 अगस्त (कुलदीप): हरियाणा के बाद हिमाचल प्रदेश में भी गोरखधंधा शब्द इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगेगा। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर यहां स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि गोरखधंधा शब्द से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचती है तो निश्चित रूप से इसका इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसको लेकर सरकार आधिकारिक आदेश जारी करने की सोच रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 2 अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आयोजन करेगी। इस रथ यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश के 50 वर्षों के सफर को दर्शाया जाएगा जिसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर 25 जनवरी, 2022 को विशाल कार्यक्रम के आयोजन के साथ इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति का गठन किया है। इसके अतिरिक्त 4 उपसमितियां भी गठित की गई हैं। स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृति और साहित्य में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल



लोगों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन को रथ यात्रा से संबंधित कार्ययोजना और अन्य जानकारी अंतिम रूप से प्रदान करने के लिए एक कमेटी गठित करने के निर्देश भी दिए हैं।

कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल, राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष और बजट समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती और स्वर्णिम रथ यात्रा खरीद समिति के अध्यक्ष त्रिलोक जम्वाल ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य सचिव राम सुभग सिंह सहित अन्य अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

# लाहौल-स्पीति की समृद्ध संस्कृति से प्रभावित हुए राज्यपाल



*काजा : सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लाहौल-स्पीति के पारम्परिक वस्त्र पहने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर व लेडी गवर्नर अनघा अर्लेकर।* (ब्यूरो)

काजा, 27 अगस्त (ब्यूरो): राज्य के जनजातीय क्षेत्रों की संस्कृति, परम्पराएं और रीति-रिवाज समृद्ध हैं। यहां के लोगों ने अपनी इस पहचान को आज भी कायम रखा है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर लाहौल-स्पीति के काजा में उनके सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे। वे यहां की संस्कृति से प्रभावित हुए।

उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें लगा कि हिमाचल सही मायनों में सुदूर क्षेत्रों में बसता है, वह कोशिश करेंगे कि राज्य के हर जिले का दौरा कर लोगों से मिलें। हिमाचल की संस्कृति को नजदीक से समझने के साथ-साथ इस तरह वह लोगों की समस्याओं को भी जान सकेंगे। यहां उनसे मिले लाहौलवासियों ने भी अपनी कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया है और वह उन्हें दूर करने के लिए [illegible] करेंगे।

यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। दुनिया को आकर्षित करते पहाड़ और बौद्ध संस्कृति व स्वच्छ वातावरण सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहां नियोजित पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से रोजगार भी बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य का आनंद लिया। लेडी गवर्नर अनघा अर्लेकर भी उपस्थित थीं। इससे पूर्व ए.डी.एम. मोहन दत्त ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर को पारंपरिक वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने आज स्थानीय प्रशासन के साथ भी बैठक कर प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनेक योजनाएं हमारे जनजातीय क्षेत्रों के लिए कार्यान्वित की हैं, जिनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए।

# सेब के दाम गिरने पर मदद के विकल्प तलाश रही सरकार : जयराम

- **विपक्ष के आरोप निराधार, बागवानों के हितों का पूरा ध्यान रख रही सरकार**
- **बागवान थोड़ा रुक जाएं, बाजार में सुधार आने के बाद फसल को भेजें**

शिमला, 27 अगस्त (कुलदीप): मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि सरकार सेब के दाम गिरने पर बागवानों की मदद करने के विकल्प को तलाश रही है।



उन्होंने कहा है कि मौजूदा स्थिति में बागवानों को थोड़ा रुक जाना चाहिए तथा बाजार की हालत में सुधार आने पर फसल को भेजना चाहिए।

जयराम ठाकुर यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। विपक्षी कांग्रेस की तरफ से सेब के गिरते दामों को लेकर लगाए गए आरोपों का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी बातें निराधार एवं राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बागवानों के हितों का पूरा ध्यान रख रही है तथा हरसंभव मदद को तैयार है। उन्होंने कहा कि बाजार में अभी भी अच्छे सेब के सही दाम मिल रहे हैं लेकिन ओलावृष्टि और स्कैब के कारण खराब हुई फसल के दाम गिरे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में स्थिति में सुधार होगा।

### मुख्यमंत्री से मामले को उठाया

हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से इस मामले को उठाया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस बात के पूरे प्रयास कर रही है कि बागवानों को सेब की फसल के उचित दाम मिलें। उन्होंने कहा कि सरकार ने एम.आई.एस. के तहत भी खरीद के दाम बढ़ाए हैं।

## उपचुनाव की तिथि घोषित होने पर भाजपा तय करेगी प्रत्याशी : कश्यप

**जन आशीर्वाद यात्रा से हुआ जोश एवं उत्साह का संचार, स्वास्थ्य कारणों से महेंद्र सिंह रहे दूर**



*शिमला : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कश्यप पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।(नि.स.)*

शिमला, 27 अगस्त (कुलदीप): हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा है कि उपचुनाव की तिथि घोषित होने के बाद ही भाजपा प्रत्याशियों के नाम तय करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा उपचुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है तथा जन आशीर्वाद यात्रा में उमड़ा जनसैलाब इसका प्रमाण है कि जनसमर्थन सत्तारूढ़ दल के साथ है। सुरेश कश्यप यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की जन आशीर्वाद यात्रा से कार्यकर्ताओं में जोश एवं उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह स्वास्थ्य कारणों से इस यात्रा से दूर रहे लेकिन उनके पुत्र रजत मंडी व अवाहदेवी के कार्यक्रम में शामिल हुए।

इसी तरह सांसद किशन कपूर भी संसदीय कमेटी के दौरे पर होने के कारण इसमें शामिल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा ने 630 किलोमीटर का सफर तय किया, जिसमें 43 विधानसभा, 4 संसदीय क्षेत्र और 8 जिले जुड़े। इस दौरान 184 कार्यक्रम, 22 जनसभाएं एवं 157 स्थानों पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यात्रा से 1,02,510 कार्यकर्ता जुड़े और मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से इस कार्यक्रम में 55 लाख से अधिक लोग जुड़े।

### महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने किए प्रयास

सुरेश कश्यप ने कहा कि महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार ने हरसंभव प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर पैट्रोलियम पदार्थों के दाम में उछाल आने से दामों में बढ़ौतरी हुई है लेकिन केंद्र सरकार के आर्थिक सुधारों से आम आदमी को राहत प्रदान करने के हरसंभव प्रयास किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लाहौल-स्पीति में बागवानों को उचित मुआवजा मिले, उसके प्रयास जारी हैं।

# सैहब सोसायटी कर्मचारियों के लिए सरकार बनाए स्थायी नीति

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो): शहर की सफाई व्यवस्था संभाल रही सैहब सोसायटी ने कर्मचारियों के लिए सरकार से स्थायी नीति की मांग की है।

इस मांग को लेकर सैहब कर्मचारी यूनियन शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज से उनके आवास में मिली। यूनियन अध्यक्ष जसवंत की अध्यक्षता में मिले प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की मांगें और समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। प्रतिनितिधमंडल ने कहा कि सैहब कर्मचारी पिछले 10-12 सालों से एम.सी. शिमला के स्वास्थ्य विभाग में डोर टू डोर कलैक्टर, सुपरवाइजर, चालक, को-ऑर्डीनेटर व कार्यालय स्टाफ के पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारी कड़ी मेहनत व ईमानदारी से काम कर रहे हैं। ऐसे में सैहब कर्मचारी सरकार से उनके लिए स्थायी नीति बनाने की मांग कर रहे हैं। यूनियन द्वारा एम.सी. शिमला में खाली पड़े नियमित सफाई कर्मचारियों के पदों पर सैहब कर्मचारियों को नियुक्त करने की भी मांग प्रदेश सरकार से की गई, वहीं शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने सैहब कर्मचारियों की मांगों को सुना और हरसंभव कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

यूनियन अध्यक्ष जसवंत ने बताया कि सैहब सोसायटी के कुल 859 कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। समय-समय पर एम.सी. प्रशासन के समक्ष यूनियन कर्मचारियों की मांगों को उठाती आ रही है। उन्होंने कहा



*शिमला : कर्मचारी शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज को ज्ञापन सौंपते हुए।(नि.स.)*

कि शहरी विकास मंत्री से कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति की मांग को लेकर मुलाकात की गई है, साथ ही उनके ध्यान में एम.सी. द्वारा पास प्रस्ताव पर उचित कार्रवाई की मांग भी की गई है, जिसमें खाली पड़े नियमित सफाई कर्मचारियों के पदों पर सैहब कर्मचारियों को रखने का प्रस्ताव पास किया गया है।

# परला मंडी में प्रोसैसिंग प्लांट और सी.ए. स्टोर का कार्य प्रगति पर : सुरेश भारद्वाज



ठियोग : पराला मंडी के निरीक्षण के दौरान मंत्री सुरेश भारद्वाज एवं अन्य। (मनीष)

ठियोग, 27 अगस्त (मनीष): शहरी विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा है कि पराला सब्जी मंडी को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां प्रोसैसिंग प्लांट, सी.ए. स्टोर, मार्कीटिंग शैड, पार्किंग एवं अन्य आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। शुक्रवार को फल मंडी पराला के प्रोसैसिंग प्लांट, सी.ए. स्टोर तथा मंडी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपए की लागत से पराला मंडी में प्रोसैसिंग प्लांट तथा सी.ए. स्टोर, मार्कीटिंग शैड व पार्किंग का कार्य युद्धस्तर पर जारी है जिसे जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि बागवानों को इस आधुनिक तकनीक से निर्मित पराला मंडी का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि पराला मंडी में 70 हजार से एक लाख तक सेब की पेटियां रोजाना आती हैं और वहीं इस पराला मंडी में लोगों को अन्य मंडियों से अच्छे भाव मिलते हैं। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि विभिन्न मंडियों में सी.सी.टी.वी. कैमरे व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं ताकि आढ़ती, लदानी एवं बागवानों को सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने पराला मंडी में बैंक की शाखा खोलने के लिए बैंक के अधिकारियों से मंडी का निरीक्षण कर इस दिशा में तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने उपमंडलाधिकारी ठियोग सौरव जस्सल को मंडी के आसपास सरकारी जमीन देखने के दिशा-निर्देश दिए जिससे पराला मंडी में लोडिंग तथा अनलोडिंग के लिए जगह बनाई जा सके और बाहरी राज्यों से आए ट्रांसपोर्टरों तथा लदानियों के साथ-साथ आढ़तियों को भी इस सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके।

मार्कीटिंग शैड के निर्माण के संबंध में उन्होंने मार्कीटिंग बोर्ड ए.पी.एम.सी. एवं आढ़ती एसोसिएशन से परस्पर बैठक कर स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात ठियोग पहुंचने पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पराला मंडी में अधिक मात्रा में सेब आने तथा ओलावृष्टि एवं सेब के आकार के कारण दामों में अवश्य कमी आंकी गई है जो निचले व मध्यम क्षेत्र के अधिक तुड़ान के कारण भी संभव हो सकती है। इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरीश ठाकुर, मंडलाध्यक्ष राजेश शारदा, हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक नरेश ठाकुर, उपमंडलाधिकारी ठियोग सौरव जस्सल, डी.एस.पी. लखविंद्र सिंह, ए.पी.एम.सी. सचिव किन्नौर-शिमला ओ.पी. बंसल, सैंज के प्रधान राजेंद्र शर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रवासी भारतीयों को हिमाचल में निवेश का न्यौता

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो): इंडो-अमेरिकन बिजनैस एंड आर्ट्स काऊंसिल (आई.ए.बी.ए.सी.) ने सैन फ्रांसिस्को के भारतीय महाकॉन्सल के सहयोग से शुक्रवार को हिमाचल पर केंद्रित इंडो-यू.एस. परिसंवाद का आयोजन किया। खाड़ी क्षेत्र के हिमाचलियों ने वर्चुअल माध्यम से इस परिसंवाद को अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर देवभूमि हिमाचल की सुंदरता का भ्रमण करने और प्रदेश की प्रकृति का आनंद लेने के लिए उन्हें यहां आमंत्रित किया। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को राज्य में निवेश के अपार अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए भी न्यौता दिया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग एवं ऊर्जा आर.डी. धीमान ने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को प्रदान किए जा रहे। खाड़ी क्षेत्र सैन फ्रांसिस्को कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिकी महासभा के सदस्य रोहित खन्ना, सैन फ्रांसिस्को में भारत के कॉन्सल जनरल डा. नागेंद्र प्रसाद व सामाजिक कार्य विशेषज्ञ महेश निहलानी खाड़ी क्षेत्र के प्रमुख वक्ता थे। महेश निहलानी ने राज्य सरकार के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को हिमाचल दिवस समारोह के लिए खाड़ी क्षेत्र (बे-एरिया) कैलिफोर्निया का दौरा करने और सिलिकॉन वैली के निवेशकों के साथ बैठक आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया। वहीं सैम देवधारा (खाड़ी क्षेत्र में होटल शृंखला के मालिक) ने आतिथ्य क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाई। अमित जावेरी (महाप्रबंधक, गूगल क्लाऊड) ने सरकारी विभागों सहित भारत में अपने ग्राहकों और गूगल के लिए हिमाचल प्रदेश में संभावित अवसरों का उल्लेख किया।

# करोड़ों की संपत्तियां बेचने के लिए हिमुडा करवाएगा डिमांड सर्वे

शिमला, 27 अगस्त (प्रीति): शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा है कि हिमुडा की करोड़ों की संपत्तियां बेचने के लिए डिमांड सर्वे करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संपत्तियों को बेचने के लिए लगातार नीलामी रखी जा रही है लेकिन उसका ज्यादा लाभ नहीं मिल रहा है। रामपुर व देहरा में मौजूद हिमुडा की जमीन की नीलामी प्रकिया जल्द पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि देहरा की जमीन को आवासीय जरूरतों के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय को बेचने का एक प्रस्ताव बनाया गया था लेकिन अभी तक उनकी ओर से भी कोई जवाब नहीं आया है। धर्मशाला में मौजूद जमीन पर आवासीय कालोनी का निर्माण किया जाना है लेकिन अभी इसके लिए बजट नहीं है। राजगढ़, ऊना व त्रिलोकपर में भी करोडों रुपए की जमीन खरीदी गई है लेकिन उसके लिए कोई खरीददार नहीं मिला है। उनका कहना है कि डिमांड सर्वे के बाद पता चल पाएगा कि किस क्षेत्र में किस तरह की डिमांड है। इसके बाद उस जमीन को प्लाट अथवा फ्लैट के तौर पर विकसित किया जा सकता है। हिमुडा धर्मशाला व कुछ अन्य जगहों पर डिमांड सर्वे करवाने की योजना बना रहा है।

## करोड़ों की जमीन बनी हिमुडा के गले की फांस

हिमुडा की प्रदेश के धर्मशाला, जुब्बड़हट्टी, त्रिलोकपुर, देहरा, रामपुर, ऊना व राजगढ़ के साथ-साथ कुछ अन्य स्थानों पर जमीनें हैं। पूर्व में इन जमीनों को खरीदा गया। बताया जा रहा है कि हिमुडा ने इस समय 431 एकड़ जमीन का लैंड बैंक तैयार किया है। जमीनों को खरीदने से पहले न तो इन इलाकों में प्लाट व न ही फ्लैट की मांग को लेकर सर्वे किया गया। ऐसे में अब करोड़ों में खरीदी गई ये जमीनें हिमुडा के गले की फांस बनी हुई हैं। जमीनों में प्लाट अथवा फ्लैट न बिकने से हिमुडा की आर्थिक हालत बिगड़ रही है। हिमुडा के समक्ष कर्मचारियों के वेतन के भुगतान की भी दिक्कत खड़ी हो रही है। ऐसे में अब हिमुडा ने यह सर्वे करवाने का फैसला लिया है।

28 AUG 2021

## सरवीण चौधरी को बनाया विशेष आमंत्रित सदस्य

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो): सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सरवीण चौधरी को भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की टीम में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा भारती सूद को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। उनके इस मनोनयन पर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रश्मिधर सूद ने पार्टी आलाकमान एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।

## मुख्यमंत्री अस्पताल में विशेषज्ञों की तैनाती करने के बाद ही आएं लाहौल

### मांग न मानी तो कांग्रेस मुख्यमंत्री को दिखाएगी काले झंडे : ज्ञालसन ठाकुर

मनाली, 27 अगस्त (नि.स.): लाहौल-स्पीति जिला मुख्यालय केलांग के अस्पताल में 29 अगस्त से पहले अगर विशेषज्ञों की तैनाती नहीं की गई तो लाहौल-स्पीति कांग्रेस मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को उनके लाहौल दौरे के दौरान काले झंडे दिखाएगी।

जिलाध्यक्ष ज्ञालसन ठाकुर ने कहा है कि पिछले 24 दिनों से लाहौल-स्पीति युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता जहां जिला मुख्यालय केलांग में भूख हड़ताल पर बैठे हैं उन्हें स्थानीय महिला व युवक मंडल तथा स्थानीय जनता का भी समर्थन मिल रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री के 29 अगस्त के एकदिवसीय लाहौल दौरे को लेकर लाहौल-स्पीति कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है कि 29 अगस्त से पहले अगर जिला मुख्यालय केलांग के अस्पताल में विशेषज्ञों की तैनाती नहीं की गई तो कांग्रेस कार्यकर्त्ता मुख्यमंत्री का स्वागत काले झंडे दिखाकर करेंगे। उन्होंने कहा है कि भाजपा की जयराम सरकार को प्रदेश की सत्ता में 4 वर्ष पूरे हो रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को 4 वर्ष बाद लाहौल-स्पीति की याद आ रही है। लाहौल-स्पीति के लोग अब भाजपा के नेताओं के झूठे आश्वासनों में नहीं आएंगे। जिले में तब तक आंदोलन जारी रहेगा जब तक लाहौल-स्पीति में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर नहीं हो जाती हैं। वर्तमान समय में लाहौल-स्पीति के हालात ऐसे हैं कि अगर किसी को हल्का सा सर्दी-जुकाम भी हो तो उसके उपचार के लिए भी जिले से बाहर का रुख करना पड़ता है। यही नहीं स्वास्थ्य विभाग की हालत तो पतली है ही साथ ही साथ अन्य विभागों में भी कर्मचारियों के पद रिक्त चल रहे हैं। लाहौल-स्पीति कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि मुख्यमंत्री को भले ही 4 वर्ष के बाद लाहौल की याद आई हो, लेकिन वह मुख्यमंत्री को यह चेता देना चाहते हैं कि वे लाहौल का रुख तभी करें जब जिला अस्पताल में विशेषज्ञों की तैनाती हो गई हो अन्यथा वे लोगों का रोष झेलने के लिए तैयार रहें।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के शिमला प्रवास को लेकर जिलाधीश ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

शिमला, 27 अगस्त (अम्बादत्त): राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के 16 से 20 सितम्बर तक 5 दिनों के शिमला प्रवास के दौरान की जाने वाली तैयारियों को लेकर जिलाधीश शिमला आदित्य नेगी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को सितम्बर माह के पहले सप्ताह में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को राष्ट्रीय राजमार्ग से होटल रिट्रीट की ओर जाने वाली सड़क का नवीनीकरण करने के आदेश दिए तथा क्षेत्र में साडा द्वारा चलाई जा रही सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के भी निर्देश दिए। नेगी ने बताया कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान शिमला में आवागमन के संभावित सभी मार्गों को दुरुस्त किया जाएगा तथा शिमला व आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को भी बेहतर किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को रिट्रीट होटल के मुख्य द्वार पर बनने वाले नियंत्रण कक्ष के संबंध में संयुक्त निरीक्षण कर जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि वहां पर पुलिस नियंत्रण कक्ष का स्थायी समाधान हो सके।

उन्होंने बताया कि इस दौरान संभावित आवागमन मार्गों पर चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण किया जाएगा तथा सड़क किनारे पड़ी निर्माण सामग्रियों को भी हटाया जाएगा ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आदित्य नेगी ने बताया कि रिट्रीट होटल के आसपास के क्षेत्रों में मोबाइल नैटवर्क समस्या को दूर कर सुचारू बनाने के लिए कंपनियों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शिमला डा. मोनिका भुटुंगरू, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था राहुल चौहान, नगर निगम आयुक्त आशीष कोहली, उपमंडलाधिकारी शिमला शहरी मंजीत शर्मा, उपमंडलाधिकारी ग्रामीण शिमला बी.आर. शर्मा, होटल रिट्रीट के प्रबंधक छोटे लाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

28 AUG 2021

# कोरोना से 3 लोगों की मौत, 186 नए संक्रमित

शिमला, 27 अगस्त (जस्टा): हिमाचल में कोरोना संक्रमितों के मामलों में कमी नहीं आ रही है। लगातार यहां पर कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना से 3 लोगों की मौत हुई है, वहीं कोरोना के नए 186 पॉजिटिव मामले आए हैं। कोरोना से तीनों मौतें जिला कांगड़ा में हुई है। इनमें कांगड़ा में 72 वर्षीय महिला, 80 वर्षीय महिला व 32 वर्षीय महिला की मौत हुई है। नए आए संक्रमितों में बिलासपुर 10, चम्बा 12, हमीरपुर 28, कांगड़ा 33, किन्नौर 2, कुल्लू 9, लाहौल-स्पीति 6, मंडी 42, शिमला 39, सोलन 3 व ऊना के 2 मरीज शामिल हैं। अब कोरोना संक्रमितों का कुल आंकड़ा 2,12,913 पहुंच गया है।

वर्तमान में 1,965 कोरोना संक्रमितों का उपचार चल रहा है, वहीं 2,07,356 मरीज कोरोना से जंग जीत चुके हैं। एक दिन के अंदर 293 मरीज स्वस्थ हुए हैं। 5 मरीज ऐसे हैं जोकि अपना उपचार करवाने प्रदेश से बाहर चले गए हैं।

हिमाचल में कोरोना

| जिला | पॉजिटिव | एक्टिव | ठीक हुए | मौतें |
|---|---|---|---|---|
| कांगड़ा | 47514 | 363 | 46889 | 1058 |
| शिमला | 26531 | 261 | 25647 | 619 |
| मंडी | 29645 | 450 | 28780 | 415 |
| हमीरपुर | 15204 | 242 | 14702 | 259 |
| बिलासपुर | 13366 | 112 | 13172 | 81 |
| सोलन | 22539 | 56 | 22169 | 314 |
| सिरमौर | 15432 | 22 | 15199 | 211 |
| कुल्लू | 9464 | 115 | 9184 | 156 |
| ऊना | 13531 | 24 | 13260 | 245 |
| चम्बा | 13413 | 246 | 13010 | 155 |
| किन्नौर | 3391 | 38 | 3315 | 38 |
| लाहौल-स्पीति | 2883 | 36 | 2829 | 18 |
| कुल | 212913 | 1965 | 207356 | 3569 |

# कोरोना टैस्ट के दौरान नाक में ही छोड़ दी स्ट्रिप, 5 महीने बाद निकली बाहर

स्वारघाट, 27 अगस्त (पवन ठाकुर): डाक्टरों द्वारा ऑप्रेशन के दौरान चिकित्सकीय औजार पेट में ही भूल जाने के तो बहुत से किस्से सुनने को मिले हैं परंतु कोरोना टैस्ट के दौरान स्ट्रिप नाक में ही छोड़ देने का पहला मामला सामने आया है। यह हैरतअंगेज कारनामा ऊना के डाक्टर ने किया है, जहां पर संबंधित डाक्टर ने कोरोना टैस्ट के दौरान बिलासपुर जिले के एक युवक की नाक में ही स्ट्रिप छोड़ दी। बस्सी पंचायत के घट्टेवाल के अश्विनी कुमार (21) ने बताया कि वह मार्च माह में ऊना में आयोजित आर्मी भर्ती में भाग्य आजमाने गया था।

चूंकि कोरोना काल के चलते भर्ती में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को कोरोना टैस्ट अनिवार्य किया गया था, जिसके तहत उसने भी ऊना के सरकारी अस्पताल में 17 मार्च को अपना कोरोना टैस्ट करवाया। अश्विनी ने बताया कि



*स्वारघाट : नाक से निकली स्ट्रिप को दिखाता अश्विनी कुमार। (पवन)*

उसका कोरोना टैस्ट तो नैगेटिव आया परंतु टैस्ट करवाने के बाद उसके नाक व सिर में तेज दर्द रहने लगा। भर्ती प्रक्रिया से गुजरने के बाद घर पहुंचने पर जब अश्विनी की तबीयत खराब रहने लगी तो उसने निजी क्लीनिकों से दवाई लेना शुरू कर दी परंतु कोई आराम नहीं पहुंचा।

धीरे-धीरे वक्त का पहिया घूमता गया और 5 महीने बाद अगस्त माह में पीड़ा बढ़ने के साथ उसकी नाक से खून बहना भी शुरू हो गया। हालांकि मामूली दर्द समझकर उसने अपना एम.आर.आई. नहीं करवाया तथा स्थानीय क्लीनिकों से दवाई लेकर ही काम चलाते रहे लेकिन अश्विनी को जब लगातार छींकें आने लगीं तो इस रहस्यमयी बीमारी से पर्दा उठा। 24 अगस्त को अश्विनी को लगीं ताबड़तोड़ छींकों ने जब रुकने का नाम नहीं लिया तो जोरदार छींक के साथ उसकी नाक में कोरोना टैस्ट के दौरान डाक्टर द्वारा छोड़ दी गई लंबी स्ट्रिप का कुछ हिस्सा बाहर निकला, जिसके बाद उसे खींचकर पूरी तरह बाहर निकाला गया। अश्विनी कुमार के अनुसार टैस्ट के दौरान नाक से धकेली गई यह स्ट्रिप उसके दिमाग तक पहुंच गई थी। उसने बताया कि उसने इस चिकित्सकीय लापरवाही के विरुद्ध शिकायत को मुख्यमंत्री हैल्पलाइन पर दर्ज करवा दिया है। चिकित्सीय लापरवाही के बारे में कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

## छानबीन के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी

इस बारे में जिला स्वास्थ्य अधिकारी ऊना डा. निखिल ने बताया कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही वह इस बारे में बोलने के लिए अधिकृत हैं। वहीं, क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के एम.एस. डा. निर्दोष भारद्वाज ने बताया कि इस बारे में गत दिवस मुख्यमंत्री हैल्पलाइन से शिकायत आई है। इस शिकायत की छानबीन एस.एम.ओ. ऊना को सौंपी गई है। छानबीन के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने बताया कि टैस्ट की स्ट्रिप प्लास्टिक की होती है और वह आसानी से टूटती भी नहीं है। उन्होंने कहा कि नॉर्मली नाक में स्ट्रिप रहना संभव नहीं है, बाकि छानबीन की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

28 AUG 2021

35

# कांग्रेस ने रिज मैदान पर दिया धरना, सरकार को करार दिया किसान-बागवान विरोधी



*शिमला : रिज मैदान स्थित पूर्व मुख्यमंत्री स्व. डा. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा के समक्ष मौन धरने पर बैठे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप राठौर सहित अन्य पदाधिकारी। (नि.सं.)*

**■ कुलदीप राठौर बोले, सेब के मूल्यों में एकाएक कमी आने के पीछे कोई बड़ा षड्यंत्र**

**■ सरकार ने जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए तो अपनाया जाएगा आंदोलन का रुख**

शिमला, 27 अगस्त (राक्टा): सरकार पर किसानों-बागवानों के शोषण का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को रिज मैदान स्थित प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. डा. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा के समक्ष मौन धरने का आयोजन किया।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर के साथ जिला कांग्रेस कमेटी शिमला ग्रामीण के अध्यक्ष यशवंत छाजटा, जिला परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रभा नेगी, महिला जिलाध्यक्ष वनीता वर्मा, शिमला ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल शर्मा, ठियोग ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र कंवर, रोहड़ू ब्लॉक अध्यक्ष करतार सिंह कुक्रा व कसुम्पटी ब्लॉक अध्यक्ष रामकृष्ण शांडिल भी धरने में बैठे। इस दौरान मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राठौर ने केंद्र और प्रदेश सरकार को किसान व बागवान विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि सेब के मूल्यों में एकाएक कमी आने के पीछे कोई न कोई बड़ा षड्यंत्र छिपा है। उन्होंने पूछा कि अडानी के पास ऐसे क्या मापदंड हैं जो उसने सेब के भाव 72 रुपए निर्धारित किए हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि एक तरफ प्राकृतिक आपदा तो दूसरी तरफ सरकार की बेरुखी से बागवान और किसान परेशान हैं तथा उनकी कमर टूट गई है। आरोप लगाया कि सरकार ने किसानों-बागवानों के शोषण की खुली छूट दे रखी है। सरकार ने बागवानों को आश्वासन दिया था कि इस बार कार्टन व ट्रे के मूल्यों में कोई बढ़ौतरी नहीं होगी, बावजूद इसके मूल्यों में बढ़ौतरी की गई। राठौर ने सरकार से किसानों व बागवानों को लूट से बचाने के लिए जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं होता है तो कांग्रेस को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## सस्ते दाम पर खरीद कर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा

राठौर ने कहा कि सरकार ने अडानी को प्रदेश में कोल्ड स्टोर खोलने के लिए भूमि और निर्माण के लिए भारी सबसिडी यह सोच कर दी थी कि वह बागवानों के हितों की पूरी रक्षा करेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आज बागवानों का सरेआम शोषण हो रहा है। बागवानों से उनके उत्पाद सस्ते दामों पर खरीद कर आगे डबल दामों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। राठौर ने सरकार से जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर अच्छे सेब का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने की मांग दोहराई है।

## करोड़ों का फर्जीवाड़ा

राठौर ने आरोप लगाया कि के.सी.सी. के नाम पर सरकार द्वारा किसानों-बागवानों के साथ एक बड़ा धोखा किया जा रहा है। के.सी.सी. के तहत जब कोई किसान या बागवान ऋण लेता है तो उसकी फसल का बीमा किया जाता है लेकिन आपदा या नुकसान की भरपाई पर बीमा की कोई भी राशि नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह करोड़ों का फर्जीवाड़ा है जो किसानों व बागवानों के साथ किया जा रहा है।

# मृत्यु प्रमाण पत्र थर्ड पार्टी इन्फॉर्मेशन नहीं

**■ हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए स्पष्ट किया, सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मुहैया करवानी होगी जानकारी**



शिमला, 27 अगस्त (मनोहर): प्रदेश हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए स्पष्ट किया है कि सूचना के अधिकार के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र थर्ड पार्टी इन्फॉर्मेशन नहीं है।

इसलिए इसे आर.टी.आई. के तहत मांगने पर पंचायत सचिव को यह सूचना देनी होगी। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने सूचना के अधिकार के तहत आर.टी.आई. के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र न देने से जुड़े मामले का निपटारा करते हुए ये आदेश दिए। कोर्ट ने निदेशक पंचायती राज को आदेश दिए हैं कि वह सूचना के अधिकार नियम के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी उपयुक्त आदेश जारी करें। मामले के तहत रामपुर ब्लॉक में एक अधिवक्ता द्वारा पंचायत से मृत्यु प्रमाण पत्र मांगा गया था परंतु पंचायत सचिव ने इस आवेदन को यह कहकर खारिज कर दिया कि यह सूचना के अधिकार के नियम के विपरीत है क्योंकि यह सूचना तीसरे व्यक्ति जुड़ी हुई है। कोर्ट ने इस मामले में अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज द्वारा कोर्ट में दायर तथ्यों को निरस्त करते हुए कहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र मर चुके व्यक्ति से जुड़ा है इसलिए यह थर्ड पार्टी इन्फॉर्मेशन कैसे हो सकता है। इसलिए इसे जारी करना सूचना के अधिकार के अधीन है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर पब्लिक डॉक्यूमैंट है।

दिव्य हिमाचल 28 AUG 2021

# दो अक्तूबर को निकलेगी स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा

## मुख्यमंत्री ने कहा, दो महीने के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र होंगे कवर



राज्य ब्यूरो प्रमुख – शिमला

जयराम सरकार ने दो अक्तूबर से प्रदेश भर में स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा चलाने का फैसला लिया है। कोविड के चलते लटकी स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा को चलाने के लिए शुक्रवार को मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। इस दौरान फैसला लिया गया कि स्वर्णिम हिमाचल का रथ प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों की परिक्रमा करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रथ यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा। सरकार प्रदेश के विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित करेगी। स्वर्णिम रथ यात्रा लगभग दो महीने

दो अक्तूबर को : पृष्ठ नौ पर

**दो अक्तूबर को...**

के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर 25 जनवरी, 2022 को एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया है. इसके अतिरिक्त, चार उप-समितियां भी गठित की गई हैं, जिनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण समिति, सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 25 जनवरी से राज्य में स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा आयोजित करना चाहती थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। स्वर्णिम रथ को राज्य के विकास के गौरवशाली इतिहास प्रदर्शित करने के लिए नवीनतम उपकरणों से लैस किया जाएगा। सभी प्रमुख विभाग जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, वन और बिजली विभाग भी इन पचास शानदार वर्षों के दौरान हुए विकास का प्रदर्शन करेंगे।

# हिमाचल में निवेश करें प्रवासी भारतीय

## इंडो-यूएस परिसंवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने किया आमंत्रित



दिव्य हिमाचल ब्यूरो - शिमला

मुख्यमंत्री के प्रवासी भारतीयों को राज्य में निवेश के अपार अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए भी न्योता दिया है। सीएम जयराम ठाकुर इंडो-अमेरिकन बिजनेस एंड आर्ट्स काउंसिल (आईएबीएसी) ने सेन फ्रांसिस्को के भारतीय महा काउंसिल के सहयोग से शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश पर केंद्रित इंडो-यूएस परिसंवाद को संबोधित कर रहे थे। खाड़ी क्षेत्र के हिमाचलियों ने वर्चुअल माध्यम से इस परिसंवाद को अपना सहयोग दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने वर्चुअल संदेश के माध्यम से संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा इच्छुक निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए भी न्यौता दिया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं ऊर्जा आरडी धीमान ने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को प्रदान किए जा रहे विशेष प्रोत्साहनों जैसे- किफायती दरों पर भूमि की उपलब्धता, उच्च गुणवत्ता और भरोसेमंद बिजली व्यवस्था तथा अग्रसक्रिय व सुलभ प्रशासन के बारे में अवगत करवाया। सेन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिकी महासभा के सदस्य रोहित खन्ना, सेन फ्रांसिस्को में भारत के काउंसिल जनरल डा. नागेंद्र प्रसाद, सामाजिक कार्य विशेषज्ञ महेश निहलानी खाड़ी क्षेत्र के प्रमुख वक्ता थे। निवेशकों ने आतिथ्य और आईटी क्षेत्र में गहरी रुचि दिखाई। सैम देवधारा (खाड़ी क्षेत्र में होटल शृंखला के मालिक) ने आतिथ्य क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाई। अमित जावेरी (जीएम, गूगल क्लाउड) ने सरकारी विभागों सहित भारत में अपने ग्राहकों और गूगल के लिए प्रदेश में संभावित अवसरों का उल्लेख किया। महेश निहलानी ने राज्य सरकार के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को हिमाचल दिवस समारोह के लिए खाड़ी क्षेत्र कैलिफोर्निया का दौरा करने और सिलिकॉन वैली के निवेशकों के साथ बैठक के लिए आमंत्रित किया।

दिव्य हिमाचल

28 AUG 2021

# मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने समझा पत्रकारों का दर्द

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-हमीरपुर

- मीडिया को-ओर्डिनेटर विश्वचक्षु के समक्ष उठाई थी मांग

हमीरपुर के पत्रकारों की चिरलंबित पार्किंग सुविधा की मांग को आखिर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने पूरा कर दिया। अब प्रेस क्लब हमीरपुर के पत्रकारों को मिनी सचिवालय स्थित पार्किंग में अपने वाहन खड़े करने की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के निर्देशानुसार डीसी हमीरपुर देवश्वेता बनिक ने पत्रकारों से मीटिंग कर उन्हें पार्किंग स्थल के बारे में बताया। प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष दिनेश कंवर सहित क्लब के तमाम सदस्यों ने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का पार्किंग सुविधा मुहैया करवाने के लिए तहेदिल से आभार व्यक्त किया है। बताते चलें कि पिछले दिनों मीडिया को-ओर्डिनेटर विश्वचक्षु जब पत्रकारों से मिलने हमीरपुर आए, तो सबने अपनी इस मांग को उनके समक्ष रखा था। विश्व चक्षु ने पत्रकारों को यकीन दिलाया था कि वह मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के समक्ष इस मसले को उठाएंगे। आखिर सीएम ने पत्रकारों की इस वाजिब मांग को समझते हुए उन्हें पार्किंग की सुविधा दिलवाने के लिए डीसी हमीरपुर को निर्देश दे दिए।

# राष्ट्रपति के दौरे को सितंबर माह के पहले हफ्ते तक पूरी करें सभी तैयारियां

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-शिमला



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के 16 सितंबर से 20 सितंबर तक पांच दिनों के शिमला प्रवास के दौरान की जाने वाली तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने शुक्रवार को बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को सितंबर माह के पहले सप्ताह में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को राष्ट्रीय राजमार्ग से होटल रिट्रिट की ओर जाने वाली सड़क का नवीनीकरण करने के आदेश दिए तथा क्षेत्र में साडा द्वारा चलाई जा रही सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान शिमला में आवागमन के संभावित सभी मार्गों को दुरुस्त किया जाएगा तथा शिमला व आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को भी बेहतर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को रिट्रिट होटल के मुख्य द्वार पर बनने वाले नियंत्रण कक्ष के संबंध में संयुक्त निरीक्षण कर जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि वहां पर पुलिस नियंत्रण कक्ष का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि इस दौरान संभावित आवागमन मार्गों पर चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द ही पूर्ण किया जाएगा तथा सड़क किनारे पड़ी निर्माण सामग्रियों को भी हटाया जाएगा ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शिमला डा. मोनिका भुटुंगरू, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था राहुल चौहान, नगर निगम आयुक्त आशीष कोहली, उपमंडलाधिकारी शिमला शहरी मंजीत शर्मा, उपमंडलाधिकारी ग्रामीण शिमला बीआर शर्मा, होटल रिट्रिट प्रबंधक छोटे लाल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुझे भायी लाहुल-स्पीति की परंपरा

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्यपाल बोले, हर जिला का करूंगा दौरा



दिव्य हिमाचल ब्यूरो-काजा

राज्यपाल, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि राज्य के जनजातीय क्षेत्रों की संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाज समृद्ध हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि यहां के लोगों ने अपनी इस पहचान को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि वह यहां की संस्कृति से प्रभावित हुए हैं। राज्यपाल लाहुल-स्पीति में उनके सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें लगा कि हिमाचल सही मायनों में सुदूर क्षेत्रों में बसता है। वह कोशिश करेंगे कि राज्य के हर जिला का दौरा कर लोगों से मिलें। हिमाचल की संस्कृति को नजदीक से समझने के साथ-साथ इस तरह वह लोगों की समस्याओं को भी जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां उनसे मिले लाहुलवासियों ने भी अपनी कुछ समस्याओं से उन्हें

- कहा, इससे जान पाऊंगा लोगों की समस्याएं

अवगत करवाया है और वह उन्हें दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां नियोजित पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से रोजगार भी बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। पूर्व एडीएम मोहन दत्त ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर को पारंपरिक वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

### स्थानीय लोगों से की बातचीत

राज्यपाल ने लांगचा कौमिक और हिक्किम गांवों का भी दौरा किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने लांगचा में छेरिंग डोलमा और गटूक छोडन को गृहिणी सुविधा के तहत गैस कनेक्शन व चूल्हा वितरित किया। राज्यपाल ने ताबो और की-गोंपा का दौरा भी किया।

39

28 AUG 2021

# क्वालिटी ने गिराए सेब के दाम

## मंत्री सुरेश भारद्वाज ने पराला मंडी का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता - ठियोग





सेब के दाम गिरना मार्केटिंग व लागत पर निर्भर करता है। इस साल सेब की फसल अधिक, जबकि गुणवत्ता वाला सेब कम है। इससे मार्केट में सेब के दाम गिर रहे हैं। शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने यह बात कही। उनके साथ एपीएमसी के चेयरमैन नरेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इससे पहले उन्होंने पराला मंडी का निरीक्षण भी किया और यहां पर व्यापारियों व बागबानों से सेब के दाम को लेकर फीडबैक भी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा पिछले दिनों सेब तुड़ान को रोकने पर दिए बयान पर कहा कि सेब का तुड़ान एकदम रोका नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमफेड व एचपीएमसी द्वारा भी सेब खरीदा जा रहा है, बागबान इसमें भी अपने सेब को दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो सरकार कर सकती है, वो सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रोसेसिंग प्लांट, सीए स्टोर, मार्केटिंग शैड, पार्किंग एवं अन्य आधुनिक सुविधाओं से लैस कर पराला मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपए की लागत से पराला मंडी में प्रोसेसिंग प्लांट तथा सीए स्टोर, मार्केटिंग शैड तथा पार्किंग का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसे जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा, ताकि बागबानों को इस आधुनिक तकनीक से निर्मित पराला मंडी का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पराला मंडी में बैंक की शाखा खोलने के लिए बैंक के अधिकारियों से मंडी का निरीक्षण कर इस दिशा में तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपमंडलाधिकारी ठियोग सौरव जस्सल को मंडी के आसपास सरकारी जमीन देखने के दिशा-निर्देश दिए, जिससे पराला मंडी में लोडिंग तथा अनलोडिंग के लिए जगह बनाई जा सके और बाहरी राज्यों से आए ट्रांसपोर्टरों तथा लदानियों के साथ-साथ आढ़तियों को भी इस सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके। मार्केटिंग शैड के निर्माण के संबंध में उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड एपीएमसी एवं आढ़ती एसोसिएशन से परस्पर बैठक कर स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरीश ठाकुर, मंडलाध्यक्ष राजेश शारदा, हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक नरेश ठाकुर, उपमंडलाधिकारी ठियोग सौरव जस्सल, डीएसपी लखविंद्र सिंह, एपीएमसी सचिव किन्नौर-शिमला ओपी बंसल, सैंज के प्रधान राजेंद्र शर्मा तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

- बागबानों-व्यापारियों से ली फीड बैक
- कहा, सरकार किसान और बागबानों के हित में कर रही काम

40

28 AUG 2021

# पहली बार सुबह चार बजे तक जनसभा

## आशीर्वाद यात्रा पर बोले मंत्री सुरेश कश्यप, अनुराग का केंद्रीय मंत्री बनने से बढ़ा हिमाचल का मान

**विशेष संवाददाता-शिमला**

प्रदेश में हुई आशीर्वाद यात्रा को बेहद सफल बताते हुए भाजपा के अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा है कि हिमाचल के इतिहास में पहली बार है, जब कोई जनसभा सुबह चार बजे तक चली। इस यात्रा ने प्रदेश में 43 विधानसभा क्षेत्रों चार संसदीय क्षेत्रों, आठ राजस्व जिलों से होते हुए 630 किमी की दूरी तय की। यात्रा शुरू होने से लेकर समापन तक कुल 184 कार्यक्रम हुए जिनमें 1,02,510 कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। सुरेश कश्यप ने कहा कि हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर को केंद्रीय मंत्री बनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल का मान बढ़ाया है। इसके लिए हम उनके धन्यवादी हैं। उन्होंने कहा कि जो विभाग अनुराग ठाकुर को दिया गया है आजादी के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल, इंदिरा गांधी, लालकृष्ण अडवाणी, प्रमोद महाजन, सुषमा स्वराज, अरुण जेटली जैसे प्रमुख नेता इस विभाग के मंत्री रहे हैं। कश्यप ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार की गई। इस यात्रा




में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर होटल पीटरहॉफ में सम्मिलित हुए व स्वागत किया व पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट पालमपुर में यात्रा का स्वागत किया। प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने हमीरपुर में यात्रा का स्वागत किया। इस यात्रा में बुजुर्ग, युवा, बहने, बच्चों ने पांच-पांच घंटे तक इंतजार किया और केंद्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत भी किया। कश्यप ने कहा कि सभी लोगों में केंद्रीय मंत्री के साथ सेल्फी लेने को लेकर उत्सुकता दिखी और जिसमें केंद्रीय मंत्री नें

- यात्रा में बुजुर्ग, युवा, बहनों व बच्चों ने पांच-पांच घंटे तक किया इंतजार

भरपूर सहयोग भी किया। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हिमाचल की कला एवं संस्कृति का प्रचार किया और उसका संरक्षण कैसे किया जाए इसके लिए योजना बनाने की बात कही और लोकल वस्तुओं का अधिक से अधिक प्रयोग करने की बड़ी बात कही। केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल को देवभूमि, वीरभूमि से खेल भूमि बनाने का संकल्प लिया और इस आशीर्वाद यात्रा से कार्यकर्ताओं में नए जोश एवं उत्साह का संचार हुआ।

# जिनके पास फोन नहीं, उन्हें घर पर मिलें प्रश्नपत्र

## सरकार ने स्कूल प्रबंधनों को जारी किए आदेश, सभी छात्रों दें एग्जाम सुविधा




**प्रतिमा चौहान - शिमला**

चार सितंबर को नौवीं से 12वीं तक के छात्रों की परीक्षाओं को लेकर सरकार ने नए आदेश जारी किए हैं। जिन छात्रों के पास स्मार्ट फोन नहीं हैं या फिर इंटरनेट समस्या है, उन छात्रों को घर तक प्रश्नपत्र पहुंचाए जाएंगे। स्कूल प्रबंधन को यह जिम्मा सौंपा गया है। ऐसे छात्र, जो ऑनलाइन प्रश्नपत्र डाउनलोड नहीं कर पाएंगे, उन्हें घर तक प्रश्न पत्र पहुंचाने को कहा गया है, ताकि सभी छात्र फर्स्ट टर्म एग्जाम दे सकें। फर्स्ट टर्म एग्जाम में सभी छात्रों को पास होना जरूरी है। फर्स्ट टर्म एग्जाम के अंक फाइनल रिजल्ट के दौरान जोड़े जाएंगे। इसके लिए विभाग ने स्कूल प्रबंधनों को साफ कहा है कि पहले से ही छात्रों की पहचान की जाए। बताया जा रहा है कि एग्जाम वाले दिन ही छात्रों को प्रश्नपत्र बांटे जाएंगे। इसके अलावा बाकी छात्रों को ऑनलाइन पीडीएफ फाइल के माध्यम से प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे। शिक्षा सचिव राजीव शर्मा ने आदेशों में यह भी कहा है कि अगर कोई छात्र ऑनलाइन प्रश्नपत्र के माध्यम से एग्जाम नहीं देना चाहता है, तो ऐसे छात्रों की भी पहचान की जाए। बता दें कि नौवीं से 12वीं कक्षा तक के छात्रों की परीक्षाएं 13 सितंबर तक होनी हैं। इसके साथ ही 18 सितंबर तक अभिभावक अपने बच्चों की आंसरशीट स्कूल पहुंचाएंगे। ऐसे में शिक्षा विभाग की मानें तो जो छात्र फर्स्ट टर्म एग्जाम में हिस्सा नहीं लेंगे, उन छात्रों को असेस्मेंट में दिक्कत आएगी। स्कूल प्रबंधन ही पेपर की प्रिंटिंग करेंगे और उन्होंने आगे छात्रों के साथ भी शेयर करेंगे। स्कूल प्रबंधन को ही अपने स्तर पर यह प्लान बनाना होगा कि वे बच्चों तक परीक्षा सामग्री को कैसे पहुंचाएंगे व पेपर चैकिंग का क्या प्रोसेस रहेगा। *(एचडीएम)*

### परीक्षा के दिन ही भेजनी होगी कॉपी

**जिस दिन परीक्षा होगी, उसी दिन आंसर शीट की फोटो शिक्षको को व्हाट्सएप के जरिए भेजनी होगी। परीक्षाएं खत्म होने के बाद आंसर शीट स्कूल में जमा करवानी होगी। फर्स्ट टर्म के सिलेबस का कैलेंडर 'हर घर पाठशाला' की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।**

### व्हाट्सऐप से मिलेगी पासवर्ड की जानकारी

**ऑनलाइन परीक्षा में शिक्षक बच्चों को व्हाट्सएप के जरिए रोज पासवर्ड शेयर करेंगे। यह परीक्षा तीन घंटे की होगी। इसमें मल्टीपल च्वाइस बेस्ड प्रश्न पूछे जाएंगे। बच्चो को ऑनलाइन ही यह परीक्षा देनी होगी। परीक्षा में अंको का अनुपात प्रति विषय 40-60 का रहेगा।**

28 AUG 2021

41

# हिमुडा देखेगा, कहां बिक सकती हैं संपत्तियां

## नहीं मिल रहे खरीददार, प्रदेश में डिमांड सर्वे करवाने का लिया फैसला

**विशेष संवाददाता - शिमला**

हिमाचल प्रदेश में हिमुडा अपनी संपत्तियों को लेकर डिमांड सर्वे करवाएगा। इस पर विचार किया जा रहा है और जल्दी ही इस पर फैसला लिया जाएगा। क्योंकि हिमुडा की संपत्तियां, जिनकी कीमत करोड़ों रुपए है, को खरीददार नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में इन संपत्तियों को कैसे बेचा जा सकता है, इसके लिए डिमांड सर्वे होगा। इसमें कई तरह के विकल्प हिमुडा के सामने आ सकते हैं। बता दें कि जमीन की खरीद को लेकर हिमुडा हमेशा से राजनीति का शिकार होता रहा है। पूर्व में सामने आया है कि राजनेताओं के कहने पर जमीन की खरीद की गई मगर आज करोड़ों रुपए फील्ड में फंस गया है। इतना ही नहीं, अब हालात ऐसे हैं कि हिमुडा के पास वेतन देने के लिए भी पैसा नहीं है। इन हालातों में अपनी संपत्तियों को बेचने के लिए हिमुडा द्वारा लगातार नीलामी रखी जा रही है, मगर उसका ज्यादा लाभ मिलता नहीं दिख रहा। जल्दी ही नीलामी रामपुर व देहरा में भी होगी, क्योंकि यहां पर भी हिमुडा के पास काफी मात्रा में जमीन उपलब्ध है। यदि नीलामी में कुछ मिला तो ठीक, वरना फिर नए सिरे से कुछ दूसरे प्रयास किए जाएंगे। इससे पहले देहरा की जमीन को आवासीय जरूरतों के लिए केंद्रीय विवि को बेचने का एक प्रस्ताव था, मगर अभी तक उनकी ओर से भी कोई जवाब नहीं आया है। इसलिए देहरा में भी काफी ज्यादा जमीन यूं ही पड़ी हुई है। धर्मशाला में मौजूद जमीन पर आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया जाना है, मगर इसके लिए पैसा नहीं है, जबकि यहां टीसीपी की मंजूरी भी मिल चुकी है। इसके अलावा राजगढ़, ऊना, त्रिलोकपुर में भी करोड़ों रुपए की जमीन खरीदी गई है, परंतु उनके लिए कोई खरीददार नहीं है। ऐसे में अब हिमुडा ने डिमांड सर्वे करवाने की सोची है, जिस पर विचार चल रहा है।

> डिमांड बेस सर्वे करवाने पर विचार चल रहा है। अभी नीलामी से संपत्ति बेचने का प्रयास हो रहा है, जिसके बाद देखेंगे कि क्या किया जा सकता है। पुरानी संपत्तियों को खरीदने वाला फिलहाल कोई नहीं मिल रहा
>
> **सुरेश भारद्वाज**, *शहरी विकास मंत्री*

# नेताओं की खींचतान में फंसी सेंट्रल यूनिवर्सिटी

## कांग्रेस का आरोप, डबल इंजन की सरकार भी नहीं खींच रही धर्मशाला का विकास

**पवन कुमार शर्मा - धर्मशाला**

प्रदेश कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण में हो रही देरी के लिए भाजपा की आपसी खींचतान को जिम्मेदार ठहराया है। सीयू के धर्मशाला कैंपस को लेकर जिस तरह से केंद्र ने जियोलॉजिकल सर्वे करवाने की बात की है, उसे कांग्रेस ने धर्मशाला के साथ साजिश करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डा. राजेश शर्मा ने शुक्रवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं की खींचतान ने डबल इंजन के दावों की पोल खोल कर रख दी है। इसमें पार्टी अध्यक्ष नड्डा को हस्तक्षेप करना चाहिए, जिससे दोनों की लड़ाई में विकास कार्य प्रभावित न हों। डा. शर्मा ने कहा कि जब धर्मशाला में क्रिकेट स्टेडियम, बोर्ड कार्यालय, तिब्बत सरकार के कार्यालय और पांच सितारा होटल बन सकते हैं, तो फिर सीयू के निर्माण को लेकर जियोलॉजिकल सर्वे करवाना कहां तक सही है। इससे पहले इंदूनाग में भी ऐसी साजिश हो चुकी है। कांग्रेस प्रवक्ता डा. राजेश शर्मा ने कहा कि अनुराग ठाकुर और मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के बीच की खींचतान के चलते ही केंद्रीय विवि का निर्माण लटकता जा रहा है। बीते दिनों धर्मशाला में केंद्रीय मंत्री ने जयराम सरकार पर सीयू सहित कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को लेकर भूमि उपलब्ध न करवाने का आरोप लगाया था। इससे साफ है कि इन दो नेताओं की आपसी खींचतान की वजह से ही कांगड़ा को मिले ये सभी प्रोजेक्ट लटक रहे हैं। इस समय केंद्र में भाजपा की सरकार है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हिमाचल से हैं। केंद्रीय मंत्री हिमाचल से हैं, जबकि कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से सांसद भी भाजपा के हैं, बावजूद इसके सीयू का निर्माण को अमलीजामा नहीं पहनाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार बताने वाली भाजपा के लिए इस समय पांच इंजन की सरकार है। अगर इस बार भी सीयू नहीं बन पाई, तो फिर कब बनेगी। *(एचडीएम)*

### क्या भाजपा की रैलियों से नहीं फैलेगा कोरोना

डा. राजेश शर्मा ने प्रदेश में कोविड के बढ़ते मामलों पर भी सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि कोरोना के मामले धार्मों के कारण फैल रहे हैं। उन्होंने सरकार से पूछा है कि क्या भाजपा की रैलियों में जुट रही भीड़ से कोरोना नहीं फैलेगा। प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। प्रदेश में सभी विकास कार्य ठप पड़े हैं।

42

28 AUG 2021

# सीएमओ ऊना-एमएस की वित्तीय शक्तियां छीनीं

## मेडिकल शॉप्स के आबंटन में धांधली के आरोपों पर एक्शन में सरकार

**मस्तराम डलैल – शिमला**

हिमाचल सरकार ने सीएमओ ऊना और एमएस की वित्तीय शक्तियां छीन कर संबंधित जिला के डीसी को सौंप दी हैं। इसके अलावा सीएमओ बिलासपुर के खिलाफ भी कार्रवाई का शिकंजा कस दिया है। इनमें दो सीएमओ रैंक के अधिकारियों के खिलाफ जांच बिठाकर चार्जशीट करने की तैयारी चल रही है। इसके अलावा दोनों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए लॉ डिपार्टमेंट से ओपिनियन मांगा गया है। मेडिकल अफसरों के खिलाफ कार्रवाई का यह शिकंजा क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में आबंटित मेडिकल शॉप के मामले में कसा गया है। क्षेत्रीय अस्पताल में दो अलग-अलग मेडिकल शॉप वर्ष 2017 और 2020 में आबंटित की गई है। आरोप है कि दोनों ही मामलों में तमाम नियमों को दरकिनार कर चहेतों को रेवड़ियां बांटी गईं। इसके चलते अब राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय जांच

- सीएमओ बिलासपुर के खिलाफ भी कार्रवाई का शिकंजा
- आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए लॉ डिपार्टमेंट से मांगी सलाह

बिठा दी है। जांच का जिम्मा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक को सौंपा गया है। आरोप है कि सीएमओ ऊना ने वर्ष 2017 के दौरान सीएम ऑफिस के डीओ

सीएमओ ऊना : पृष्ठ नौ पर

हाई कोर्ट से पारित आदेशों के अनुसार ऊना के सीएमओ और एमएस की वित्तीय शक्तियां छीन कर डीसी को सौंप दी हैं। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में दो दवा दुकानें अलॉट की गई थीं। दोनों मामलों की तत्कालीन सीएमओ के खिलाफ जांच बिठाई गई है। इस आधार पर आगामी कार्रवाई होगी

**- अमिताभ अवस्थी**, स्वास्थ्य सचिव

**सीएमओ ऊना...**

नोट पर एक व्यक्ति को क्षेत्रीय अस्पताल में मेडिकल शॉप अलॉट कर दी थी। इसके लिए न तो आबंटन का मामला प्रेस में विज्ञापित किया गया और न ही टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई। नियमों के तहत इसके लिए रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी में दुकान की अलॉटमेंट का मामला चर्चा में लाया जाना था। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होनी थी। बावजूद इसके तत्कालीन सीएमओ ने तमाम नियमों को दरकिनार करते हुए सीएम ऑफिस के डीओ नोट पर दुकान आबंटित कर दी। उस दौरान के सीएमओ वर्तमान में बिलासपुर जिला में सेवाएं दे रहे हैं। इसी तरह से फरवरी 2020 में क्षेत्रीय अस्पताल की आरकेएस की एक और दुकान नियमों को दरकिनार कर आबंटित कर दी गई। इसकी फाइल भी आरकेएस चेयरमैन को नहीं भेजी गई। चिकित्सा अधिकारी ने अपने ही स्तर पर क्षेत्रीय अस्पताल परिसर की दुकान की अलॉटमेंट कर दी। लिहाजा इन दोनों दुकानों के आबंटन मामले में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत ऊना के सीएमओ और एमएस की वित्तीय शक्तियां छीन ली गई हैं। अलॉटमेंट के आरोपी सीएमओ और संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को चार्जशीट करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए विभागीय जांच का इंतजार किया जा रहा है। इस आधार पर चार्जशीट सौंपी जाएगी। लॉ डिपार्टमेंट से ओपीनियन आने के बाद चार्जशीट भी किया जाएगा। (एचडीएम)

43

26 AUG 2021

# अनुराग का सियासी निवेश–5

हिमाचल के अलावा अन्य राज्यों से संबंधित मंत्री भी आशीर्वाद यात्राओं से गुजरे और यह भाजपा का भीड़तंत्र है। जाहिर है हिमाचल भी भीड़तंत्र में फंसा है और एक शासक वर्ग यहां भी पनप चुका है। राजनीतिक दलों के कोनों पर वही धकेले जाते हैं, जिनके न सियासी परिवार और न ही जातीय समीकरण लाभकारी दिखाई देते हैं। ऐसे में जातीय मतगणना से हिमाचल के भी कई भ्रम टूट सकते हैं। खासतौर पर जिस जातीय बादशाहत में मुख्यमंत्री का पद सुनिश्चित करने की अब एक परंपरा बन चुकी है, उसके परिप्रेक्ष्य में नेताओं के शिविर स्पष्ट हैं और यह दोनों दलों के भीतर एक समान है। कांगड़ा के ज्वालामुखी विधानसभा का प्रतिनिधित्व ओबीसी वर्ग की पहचान को खुर्द-बुर्द करने के पीछे काफी हद तक जातीय गठबंधन का राज्य स्तरीय पैमाना ही तो है। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने विभिन्न सामाजिक बोर्डों के माध्यम से जातीय समीकरणों को उच्च प्राथमिकता दी, लेकिन यह परंपरा वर्तमान सरकार में नथुने फुला कर बैठी है। हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष पद पर किसी चौधरी नेता का आसीन न होना, आखिर दर्शाता क्या है। इसी तरह सैनी समाज कल्याण बोर्ड के गठन का मसला आज तक निर्णायक दौर से नहीं गुजरा, जबकि बनाए गए तमाम जातीय व वर्गों के कल्याण बोर्डों की नियमित बैठकें तक नहीं हुई हैं। अतीत में इनमें से अधिकांश बैठकों का कांगड़ा में आयोजन, सरकार का आभास पैदा करता रहा है। स्व. वीरभद्र सिंह ने शीतकालीन प्रवास से विधानसभा के शीतकालीन सत्र की लिखावट तक पहुंचने की कवायद से ही सत्ता का स्पर्श कांगड़ा को दिया। इसकी आलोचना हुई, लेकिन भाजपा सरकारों को इन परंपराओं का निर्वहन करना पड़ा। ऐसी संवेदना की रिक्तता में वर्तमान सरकार के मुखिया, जयराम ठाकुर को फिर से इस राज धर्म का पालन व्यापकता में करना होगा। अनुराग ठाकुर ने कांगड़ा के तार और तान छेड़ते हुए, एक तरह से मुख्यमंत्री को रक्षात्मक मुद्रा में लाकर खड़ा कर दिया है। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार, आईटी पार्क, एनडीआरएफ बटालियन व केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रश्नों के उत्तर देने के लिए मुख्यमंत्री आज अगर मजबूर हैं, तो इसकी शुरुआत अनुराग ठाकुर की प्रश्नावली से हुई है। कांगड़ा में आकर अनुराग कितने कांगड़ा मय हुए, इसका अंदाजा तो नहीं लगाया जा सकता, लेकिन हिमाचल सरकार की इस क्षेत्र से दूरियों का हिसाब जरूर बढ़ा गए। यह दीगर है कि जयराम सरकार ने एक साथ तीन नगर निगमों में से एक कांगड़ा के ही पालमपुर को चुना, लेकिन भाजपा को इसके भीतर चुनावी हार क्यों मिली, यह भी तो एक प्रश्न है। ऐसे में आशीर्वाद यात्रा के दौरान कौन घूमता रहा, एक केंद्रीय मंत्री, हिमाचल की राजनीतिक चुनौती या धूमल की विरासत। इस यात्रा को देखा, सुना और महसूस किया गया, लेकिन सोशल मीडिया पर स्कोर बोर्ड टांगने वाले आखिर कौन सी भाजपा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। एक वह भाजपा भी है जिसके सामने आपत्तिजनक नारों के उद्घोष दिल्ली में मजमून लिखते हैं और एक यह भाजपा भी है जिसने जयराम के नाम सत्ता की जायदाद लिखी है। युवाओं की बहुतायत में भाजपा जब तक विद्यार्थी परिषद पर मेहरबान है, शिमला की सत्ता का नूर बरसता हे, लेकिन युवा कोष्टकों में गैर विद्यार्थी परिषदवाद पैदा भी तो हो रहा है। दूर बैठी जनता कोविड काल में भाजपा की रैलियां देखे या छीने गए रोजगार को फिर से हासिल करे। आशीर्वाद यात्रा के हर दिन का सितारा चमकता था, लेकिन यह अक्स कहीं हर बार कोविड अस्पताल में ढलता था। इसीलिए आशीर्वाद यात्रा के दौरान जब मीडिया की ओर से पूछा गया कि ऐसे आयोजनों में मास्क क्यों उतर रहे हैं या नेताओं के नाक के नीचे से क्यों मास्क बेपर्दा हो रहे हैं, तो सारी प्रेस कान्फ्रेंस बगलें झांकने लगी। आशीर्वाद यात्रा की भीड़ लगातार पांच दिन बढ़ी, लेकिन इस दौरान 1047 लोग पॉजिटिव हुए और कोविड से 15 मरे भी यानी राज्य में कुल 2054 कोविड पॉजिटिव लोगों के आंकड़े में ये पांच दिन आधे के गुनहगार हैं। क्या हमने सुना कि आशीर्वाद के मंचों पर कोई नेता कोविड मौतों पर आंसू बहा रहा हो। जिसने भी आंसू बहाए, अपनी शोहरत के यादगार तमगे के लिए सब कुछ किया। बुद्धिजीवियों का यह प्रदेश राजनेताओं के आगे कब तक बौना रहेगा।

44

23 AUG 2021

# सेब के गिरते रेट पर सीएम को ज्ञापन

## यूथ इंटक रोहड़ू की बागबानों के हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द संज्ञान लेने की गुहार



स्टाफ रिपोर्टर – रोहड़ू

सेब के लगातार गिरते दामों को लेकर यूथ इंटक रोहड़ू के एक प्रतिनिदिमंडल ने एसडीएम रोहड़ू सुरेंद्र ठाकुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के माध्यम से सोसायटी ने रोहड़ू सहित अन्य मंडियों में सेब की गिरती कीमतों को लेकर बागबान हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री व सरकार से जल्द संज्ञान लेने का आग्रह किया है। वहीं सेब की लगातार घटती कीमतों के लिए आढ़तियों व लदानियों की मिलीभगत को इसका कारण मानते हुए तुरंत संज्ञान की भी मांग की हैं। मंडियों में लगातार घटते दामों के साथ रोहड़ू के मेहंदली में स्थापित अदानी के सीए स्टोर की ओर से जारी ताजा कीमतों में पिछले साल से 16 रूपए की कटौती को सरकार की अनदेखी व मिलीभगत करार दिया है। यूथ इंटक का कहना है कि सेब बागबानी का प्रदेश की आर्थिकी में अहम योगदान है। वहीं प्रदेश का किसान आज अपने परिवार के भरण पोषण के लिए सेब की फसल पर निर्भर हो चुका है। इस ज्ञापन में यूथ इंटक रोहड़ू ने बताया कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में 60 पंचायतें, एक नगर परिषद व एक नगर पंचायत आती है। यहां प्रतिवर्ष करीब 60 लाख पेटियों का उत्पादन होता है। यहां के बागवानों को पिछले कई वर्षों से मौसम की विपरीत परिस्थितियों के चलते भारी नुकसान झेलना पड़ रहा हैं।

# वोटर लिस्ट तैयार, चुनाव का इंतजार

## प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में पंचायत चुनाव की तैयारिंया पूरी

विशेष संवाददाता - शिमला

प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की तारीख भले ही अभी तय नहीं है, परंतु यहां की मतदाता सूची फाइनल हो गई है। 43 हजार 684 मतदाता इस बार पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में शिरकत करेंगे। बताया जा रहा है कि इसमें 2083 मतदाताओं का इजाफा हुआ है, जिससे पहले यहां मतदाता सूची में 41601 मतदाता दर्ज थे। पांगी, लाहुल व स्पीति में काफी आपत्तियां मतदाता सूची में दर्ज की गईं, जिसके बाद 2083 मतदाताओं को इसमें जोड़ा गया है। 43684 मतदाताओं को यहां पर मतदान का मौका मिलेगा, परंतु अभी तक भी चुनाव की तारीख तय नहीं है। सूत्र बताते हैं कि सितंबर महीने में चुनाव करवाने की तैयारी है, जो कोरोना के मामलों पर निर्भर करेगा। मतदाता सूची की बात करें तो पांगी ब्लॉक में 15545 मतदाता थे, जिसमें 1577 और जुड़े हैं। वहीं लाहुल ब्लॉक में 17409 मतदाता थे, जिसमें 313 और जोड़े गए हैं, जबकि स्पीति के काजा में 8647 मतदाता थे, जिसमें 193 मतदाता जोड़े गए हैं। 24 जून को इन क्षेत्रों में पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो गया था, जिसके बाद कमेटियों को यहां पर काम करने का जिम्मा दिया गया है। कमेटियां भी छह महीने तक ही संचालिक रह सकती हैं। इससे पहले यहां पर चुनाव करवाने की संविधानिक बाध्यता है, मगर राज्य चुनाव आयोग अभी केंद्रीय चुनाव आयोग की अधिसूचना के इंतजार में है, क्योंकि यह पंचायती क्षेत्र मंडी लोकसभा के तहत पड़ते हैं और वहां पर लोकसभा का उपचुनाव होगा। इसकी अभी तक तारीख तय नहीं हो सकी है, जिस कारण यहां पर राज्य चुनाव आयोग भी फंसा हुआ है।



28 AUG 2021

# महेंद्र पर फोड़ा सेब की कीमतों का ठिकरा

## कांग्रेस ने की आवाज बुलंद; सेब बागबानों संग उतरे मौन प्रदर्शन में; कहा, बागबानी मंत्री को नहीं है बागबानों की चिंता

विशेष संवाददाता-शिमला

कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि जानबूझकर हिमाचल की सेब आर्थिकी को तबाह किया जा रहा है। गिरती कीमतों के पीछे सरकार की निजी उद्योगपतियों के साथ सांठगांठ, उपचुनावों के लिए चंदा इकट्ठा करने की साजिश है। कांग्रेस पार्टी ने बागबानी मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर से इस्तीफा देने की मांग की है। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने बागबानों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद की है और शुक्रवार को हिमाचल निर्माण यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा के नीचे मौन प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने



कीमतों में गिरावट के पीछे सरकार की निजी कंपनियों, लदानी और अदानी के साथ सांठगांठ बताया है और आरोप लगाया है कि आने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा सरकार इन कंपनियों से चंदा एकत्र करेगी, उसकी एवज में जानबूझकर सेब की कीमतें गिराई गई है। इसका भारी नुकसान हिमाचल के किसान बागबानों को भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर जल्द सरकार ने बागबानों को राहत नहीं दी तो वे सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद को बागबान कहते हैं लेकिन बागबानों पर आए संकट को लेकर कोई कदम नहीं उठा रहे हैं और बागबानी मंत्री महेंद्र सिंह भी चुप बैठे हैं जबकि इस वक्त उनको किसानों-बागबानों से बातचीत करनी चाहिए थी। कांग्रेस ने बागबानी मंत्री के इस्तीफे की भी मांग की है और घटती कीमतों को लेकर मुख्यमंत्री के बयान पर हैरानी जताई है और कहा है कि मुख्यमंत्री किसानों को फसल न तोड़ने की सलाह दे रहे हैं जो किसी भी तरह से तर्कसंगत नहीं है। मुख्यमंत्री इस तरह के बयान न देकर बागबानों को राहत देने के लिए कदम उठाएं।

# सरकार ने बढ़ाई किसानों की टेंशन

## सेब के दामों में गिरावट आने पर डा. कुलदीप सिंह तंवर ने जड़े आरोप

नगर संवाददाता- यशवंतनगर

- कहा, प्रदेश सरकार बागबानों के हितों की रक्षा करने में विफल

प्रदेश सरकार बागबानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है और कारपोरेट घरानों के साथ खड़ी होकर उनको खुली छूट दी जा रही है। ये आरोप किसान सभा के राज्य अध्यक्ष डा. कुलदीप सिंह तंवर ने लगाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में सेब के दामों में हो रही लगातार गिरावट के चलते बागबानों की परेशानी बढ़ी हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में अडानी समूह द्वारा सेब के जो दाम तय किए हैं जिसमें बीते साल 80-100 फीसदी रंग वाले सेब के दाम 85 रुपए प्रति किलो था, जबकि इस बार इसी सेब का रेट 72 रुपए प्रतिकिलो है। इसी तरह दूसरी दर के सेब के रेट में भी भारी गिरावट की गई है। इतने कम रेट में किसानों को अपने बागीचे का खर्च निकालना मुश्किल हो जाएगा। डा. कुलदीप तंवर ने बताया कि प्रदेश सरकार बड़े-बड़े घरानों के साथ खड़ी होकर बागबानों का शोषण कर रही है। सरकार को चाहिए कि वह कार्पोरेट घरानों की मनमर्जी पर रोक लगाएं। किसान सभा के राज्य अध्यक्ष डा. कुलदीप तंवर ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस संकट के समय में बागबानों को संकट से बाहर निकालने के लिए जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब खरीदना चाहिए। जिला अध्यक्ष सत्यवान पुंडीर ने कहा कि आगामी 30 अगस्त को शिमला में संयुक्त किसान मंच द्वारा आयोजित एक विशेष अधिवेशन बुलाया जाएगा, जिसमें किसान-बागबानों की समस्याओं को लेकर आगामी रणनीति तैयार करेगी।

# हिमाचल का सेब 'हिमाचल' में ही महंगा

## प्रदेश के लोगों को दिल्ली के भाव मिल रहा फल, पहुंच से दूर

स्टाफ रिपोर्टर-गगरेट

- कुल्लू मंडी से 50 से 80 रुपए के बीच ऊना पहुंचा सेब
- दुकानों में 120 से लेकर 150 रुपए किलो रेट



हिमाचल प्रदेश में पैदा होने वाले सेब के पूरे दाम बागबानों को न मिल रहे हों, लेकिन यहां की उपज सेब हिमाचली लोगों को दिल्ली के भाव पर मिल रहा है। बागबानों से फल मंडियों से होता हुआ सेब ग्राहक तक पहुंचते-पहुंचते 120 रुपए प्रति किलो से लेकर 150 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। कृषि उपज मंडी ऊना में इन दिनों कुल्लू बैल्ट से सेब की खेप पहुंच रही है। शुक्रवार को सेब मंडी में 50 रुपए प्रति किलो से लेकर 80 रुपए प्रति किलो तक बिका और ग्राहक तक पहुंचते-पहुंचते इसके दाम दोगुने हो गए। अगर बागबानों को उनकी फसल के पूरे दाम नहीं मिल रहे और आम आदमी की पहुंच में भी सेब के दाम नहीं रहे हैं, तो मंडी के दाम और खुदरा बाजार मूल्य में इतना फर्क क्यों है। सरकार की मानें तो सेब उत्पादक बागबानों को फसल के बेहतर दाम मिल रहे हैं, केवल सेब को उसी खेप के दाम कम हैं जो ओलावृष्टि से खराब हो गई। अगर कुल्लू मंडी से बिक्री के लिए कृषि उपज ऊना मंडी में पहुंची सेब की खेप 50 रुपए प्रति किलो से 80 रुपए प्रति किलो के बीच बिकी तो यह समझिए कि कुल्लू मंडी में यही फसल किस भाव पर बिकी होगी। कृषि उपज मंडी ऊना के सचिव भूपेंद्र सिंह का कहना है कि ऊना की मंडी में कुल्लू बैल्ट से सेब की सप्लाई हो रही है। शुक्रवार सुबह सेब का भाव यहां 50 रुपए से लेकर 80 रुपए रहा है।

# 30 नवंबर तक सभी को लगा देंगे दोनों डोज

## कोविड वैक्सीन की पहली डोज में पहले स्थान पर रहने वाले हिमाचल ने तय किया बड़ा लक्ष्य

**शकील कुरैशी - शिमला**

कोविड वैक्सीन की पहली डोज में पहले स्थान पर रहने वाले हिमाचल प्रदेश ने दूसरी डोज के लिए भी बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। 30 नवंबर तक हिमाचल के सभी पात्र लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज भी लगा दी जाएगी, जिसका एक बड़ा टारगेट यहां पर रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इसको लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। क्योंकि जिन लोगों को पहली वैक्सीन लगे हुए 84 दिन से ज्यादा हो गए हैं, तो उन्हें दूसरी वैक्सीन लगाई जा रही है। राज्य में लोगों को दोनों डोज के साथ वैक्सीनेट करने का कार्य भी साथ-साथ में चला हुआ है। हिमाचल की 55 लाख आबादी है जिन्हें वैक्सीनेट किया जाना है। अभी तक राज्य में 16 लाख 93 हजार लोगों को दोनों डोज के साथ वैक्सीनेट किया जा चुका है। यह कुल आबादी का 29 फीसदी बनता है। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो वैक्सीनेशन की पहली और दूसरी डोज में 84 दिन का अंतर जरूरी है। जनवरी माह में लोगों को वैक्सीन लगाने का कार्यक्रम शुरू किया गया था। ऐसे में 55 लाख की आबादी को वैक्सीनेट करते-करते हिमाचल सरकार को छह महीने लग गए। राज्य में बीच में वैक्सीन की कमी भी हो गई थी। इस वजह से 18 से 44 साल आयु वर्ग के लोगों का वैक्सीनेशन कार्यक्रम भी 15 से 20 दिनों के लिए रोकना पड़ा था। (एचडीएम)

### विभाग को चाहिए 20 लाख टीके

हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग को वैक्सीन की दूसरी डोज के लिए कम से कम 20 लाख और टीकों की जरूरत पड़ेगी। क्योंकि अभी वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग के पास नौ लाख के करीब वैक्सीन पड़ी है और 18 लाख लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। ऐसे में 55 लाख पात्र लोगों को ही राज्य में वैक्सीन लगनी है।



### घर में लग रही पहली डोज

सभी लोगों को 30 अगस्त तक वैक्सीन की एक डोज लगाने के लिए घर-घर वैक्सीन लगाई जा रही है, ताकि जल्द से जल्द सभी को पहली डोज लगाई जा सके। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हैल्थ केयर वर्कर और आशा कार्यकर्ता लोगों को वैक्सीन लगा रही हैं। यह वह लोग हैं जो कि अस्पतालों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

# कोरोना के 186 नए केस, तीन की मौत

## प्रदेश में एक्टिव केस 2000 से कम, मौतों ने बढ़ाई चिंता

**स्टाफ रिपोर्टर - शिमला**

राज्य में शुक्रवार को कोरोना वायरस के 186 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही तीन मौतें कांगड़ा में रिकॉर्ड की गईं। कांगड़ा में 72, 80, और 72 साल की तीन महिलाओं ने संक्रमण से दम तोड़ा। इसके साथ ही जिला वाइज मामलों की बात करें तो बिलासपुर में 10, चंबा में 12, हमीरपुर में 28, कांगड़ा में 33, किन्नौर में दो, कुल्लू में नौ, लाहुल-स्पीति में छह, मंडी में 42, शिमला में 39, सोलन में तीन व ऊना में दो नए मामले संक्रमण के आए हैं। खास बात यह है कि कोरोना के मामले जहां घटे हैं, तो वहीं एक्टिव केस भी दो हजार से कम हो गए हैं। राज्य में 1965 एक्टिव केस हो चुके हैं, जबकि शुक्रवार को 293 मरीज कोरोना से ठीक हुए हैं। शुक्रवार को कोरोना के 11610 सैंपल ही लिए गए थे,




जबकि रोजाना 15 हजार से ज्यादा सैंपल भरने का टारगेट सरकार ने रखा है। अब जिलों में कोविड की सैंपलिंग घटने लगी है। बिलासपुर में अभी 112 एक्टिव केस चल रहे है, जबकि चंबा में 246, हमीरपुर में 242, कांगड़ा में 363, किन्नौर में 38, कुल्लू में 115, लाहुल-स्पीति में 36, मंडी में 450, शिमला में 261, सिरमौर में 22, सोलन में 56 व ऊना में 24 एक्टिव केस चल रहे हैं।

दैनिक जागरण 28 AUG 20

47

# स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा दो अक्टूबर से

**51** कार्यक्रम होंगे, सभी हलकों से गुजरेगी यात्रा 25 जनवरी को भव्य आयोजन : जयराम

**50** वर्ष में प्रदेश के आम आदमी के योगदान का जश्न मनेगा

राज्य ब्यूरो, शिमला : हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार दो अक्टूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का शुभारंभ करेगी। राज्यभर में 51 कार्यक्रम आयोजित होंगे। दो माह की यह रथ यात्रा हर विधानसभा हलके से निकलेगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने दी। वह शुक्रवार को यहां स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध उच्चस्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



जयराम ठाकुर ◎ जागरण आर्काइव

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा। राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर 25 जनवरी, 2022 को भव्य आयोजन होगा। स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा में खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृति, साहित्य आदि में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल लोगों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। सभी प्रमुख विभाग जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, वन और बिजली विभाग भी इन 50 शानदार वर्षों के दौरान हुए विकास का प्रदर्शन करेंगे।

विधायक और कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने सुझाव दिया कि जिलों के लिए अलग-अलग विषयों पर भी विचार किया जा सकता है। इसके अलावा राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष और बजट समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार और स्वर्णिम रथ यात्रा खरीद समिति के अध्यक्ष त्रिलोक जम्वाल व मुख्य सचिव राम सुभाग सिंह ने भी सुझाव दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जेसी शर्मा, सचिव देवेश कुमार, निदेशक ग्रामीण विकास ऋग्वेद ठाकुर भी शामिल थे।

### कमेटी का गठन

सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति गठित की है। चार उप-समितियां भी गठित की गईं, जिनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण समिति, सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं।

### ये दिए निर्देश

जयराम ने जिला प्रशासन को रथ यात्रा से संबंधित कार्ययोजना और अन्य जानकारी को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसे सफल बनाने के लिए पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों, युवक व महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

# प्रवासी भारतीय करें निवेश

**मुख्यमंत्री जयराम ने वर्चुअल माध्यम से किया परिसंवाद आयोजित कहा-निवेश के लिए प्रदेश में उचित माहौल**

राज्य ब्यूरो, शिमला : इंडो-अमेरिकन बिजनेस एंड आर्ट्स काउंसिल (आइएबीएसी) ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय कांसल जनरल के सहयोग से शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश पर केंद्रित इंडो-यूएस परिसंवाद का आयोजन किया। खाड़ी क्षेत्र के हिमाचलियों ने भी वर्चुअल माध्यम से इसमें सहयोग दिया। मुख्यमंत्री ने संवाद में भाग लेने वालों का स्वागत किया और उन्हें हिमाचल में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने इच्छुक निवेशकों को राज्य में निवेश के अपार अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए भी कहा। सीएम ने आइएबीएसी के प्रयासों की सराहना करते की।



जयराम ठाकुर ◎ जागरण आर्काइव

**एसीएस ने जताया आभार**

अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं ऊर्जा आरडी धीमान ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से आइएबीएसी का आभार व्यक्त किया और इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को प्रदान किए जा रहे विशेष प्रोत्साहनों से अवगत करवाया।

### इन्होंने किया मंच साझा

अमेरिकी महासभा के सदस्य रोहित खन्ना, सैन फ्रांसिस्को में भारत के कांसल जनरल डा. नागेंद्र प्रसाद, सामाजिक कार्य विशेषज्ञ महेश निहलानी खाड़ी क्षेत्र के प्रमुख वक्ता थे। रोहित खन्ना ने कहा कि वह मूल रूप से कांगड़ा से हैं और इस पहल का समर्थन किया। निवेशकों ने आतिथ्य और आइटी क्षेत्र में गहरी रुचि दिखाई। सैम देवधारा (खाड़ी क्षेत्र में होटल श्रृंखला के मालिक) ने आतिथ्य क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाई। अमित जावेरी (महाप्रबंधक, गूगल क्लाउड) ने सरकारी विभागों सहित भारत में अपने ग्राहकों और गूगल के लिए हिमाचल प्रदेश में संभावित अवसरों का उल्लेख किया। महेश निहलानी ने राज्य सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को हिमाचल दिवस समारोह के लिए खाड़ी क्षेत्र (बे-एरिया) कैलिफोर्निया का दौरा करने और सिलिकान वैली के निवेशकों के साथ बैठक आयोजित के लिए आमंत्रित किया।

23 AUG 2021

# लाहुल-स्पीति की संस्कृति से प्रभावित हुए राज्यपाल



लाहुल-स्पीति के काजा में शुक्रवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित लाहुल के वस्त्र पहने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर व उनकी पत्नी • जागरण

जागरण संवाददाता, केलंग : राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि राज्य के जनजातीय क्षेत्रों की संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाज़ समृद्ध है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि यहां के लोगों ने अपनी इस पहचान को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि वह यहां की संस्कृति से प्रभावित हुए हैं।

राज्यपाल शुक्रवार को लाहुल-स्पीति के काजा में गए, जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें लगा कि हिमाचल सही मायनों में सुदूर क्षेत्रों में बसता है। यहां उनसे मिले लाहुलवासियों ने भी कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया है और वह उन्हें दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों की ओर से प्रस्तुत लोक नृत्य का आनंद लिया। लेडी गवर्नर अनघा आर्लेकर भी उपस्थित थी। इससे पूर्व एडीएम मोहन दत्त ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर को पारंपरिक वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने लांगचा, कौमिक और हिक्किम गांवों का भी दौरा किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने ताबो और की-गोंपा का दौरा भी किया।

दैनिक जागरण 28 AUG 2021

49

# पराला को आदर्श फल मंडी बनाने का लक्ष्य, मंत्री ने किया निरीक्षण

## भारद्वाज ने सीए स्टोर से लेकर मार्केटिंग शेड व सीए स्टोर का किया दौरा



शिमला जिला की पराला फल मंडी में अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज © जागरण

**जागरण संवाददाता, शिमला :** प्रोसेसिंग प्लांट, सीए स्टोर, मार्केटिंग शेड, पार्किंग व अन्य आधुनिक सुविधाएं जुटा कर पराला को आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा है। शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने फल मंडी पराला का निरीक्षण करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपये की लागत से ये कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। उन्होंने कहा कि पराला मंडी में 70 हजार से एक लाख तक सेब की पेटियां रोजाना आती हैं। यहां अन्य मंडियों से अच्छे भाव भी मिलते हैं।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न मंडियों में सीसीटीवी कैमरे व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं, ताकि आढ़ती, लदानी एवं बागवानों को परेशानी न हो। पराला मंडी में बैंक शाखा खोलने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने उपमंडलाधिकारी ठियोग सौरव जस्सल को मंडी के आसपास सरकारी भूमि देखने का निर्देश दिया। इससे पराला मंडी में लोडिंग और अनलोडिंग के लिए जगह बनाई जा सके और दूसरे राज्यों से आए ट्रांसपोर्टर और लदानियों के साथ आढ़तियों को सुविधा मिल सके। मार्केटिंग शेड के निर्माण के संबंध में उन्होंने एपीएमसी एवं आढ़ती एसोसिएशन से [illegible] कर [illegible] निर्देश दिया।

सुरेश भारद्वाज ने कहा कि पराला मंडी में अधिक सेब आने व ओलावृष्टि एवं सेब के आकार के कारण दाम अवश्य कम आंकी गई है। हिमाचल प्रदेश सेब राज्य के रूप में जाना जाता है। पांच हजार करोड़ की आर्थिकी सेब से प्रदेश को होती है। एपीएमसी के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के अधिकतर बागवान पराला मंडी में ही उत्पाद लेकर पहुंचते हैं। इसका कारण उचित दाम मिलना है। उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन से निवेदन किया कि बागवानों को अधिक से अधिक दाम देने की कोशिश करें। इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरीश ठाकुर, मंडलाध्यक्ष राजेश शारदा, कृषि उत्पाद विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक नरेश ठाकुर, उपमंडलाधिकारी ठियोग सौरव जस्सल, डीएसपी लखविंद्र सिंह, एपीएमसी सचिव किन्नौर-शिमला ओपी बसंल, राजेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

## गुणवत्ता के मुताबिक ठीक मिल रहे सेब के दाम

**संवाद सूत्र, ठियोग :** ऊपरी शिमला की सबसे बड़ी सेब मंडी पराला में सेब के गिरते दाम को लेकर शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने शुक्रवार ठियोग के पराला स्थित सेब मंडी का दौरा किया। पराला से लौटते हुए भारद्वाज ने ठियोग विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सेब के दाम सेब की गुणवत्ता के हिसाब देश की बाकी मंडियों की तरह ठीक मिल रहे हैं, जोकि 2000 हजार से 2500 रुपये के बीच हैं।

उन्होंने कहा कि बी और सी ग्रेड सेब के दाम का दुष्प्रचार किया जा रहा है। मंडियों में भाव डिमांड और सप्लाई पर निर्भर रहता है। दाम बढ़ाने और घटाने पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होता। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार ने पराला के अलावा खड़ापत्थर, रोहडू, नारकंडा, सोलन, परवाणू की मंडियों का निर्माण किया है, ताकि बागवानों को अपनी फसल बेचने के लिए विकल्प मिल सकें। शहरी विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एमआइएस के तहत सेब खरीद का मूल्य एक रुपये किलो बढ़ाया है।

**खास**

- बी व सी ग्रेड सेब के लिए किया जा रहा दुष्प्रचार : भारद्वाज
- मांग व आपूर्ति पर निर्भर होता है दाम, सरकार का नियंत्रण नहीं

**जाम से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम**

सुरेश भारद्वाज ने कहा कि पराला मंडी में यातायात जाम की समस्या को हल करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इससे निपटने के लिए 20 अतिरिक्त पुलिस कर्मचारी और चालक तैनात किए हैं। ठियोग में सीवरेज कार्य के पूरा होने में [illegible] नगर परिषद के प्रतिनिधियों को सरकार से बात करनी चाहिए। फसल की गुणवत्ता उसी हिसाब से होती है, यदि कोई कमी है तो विभाग के अधिकारी उसकी [illegible] करते हैं।

# एस्केलेटर बनाने के लिए मांगी वन मंजूरी

## कैबिनेट सब कमेटी के माध्यम से स्वीकृति चाहता है नगर निगम

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शहर में बनने वाले एस्केलेटर के कार्यों में तेजी लाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने कसरत तेज कर दी है। निगम प्रशासन ने वन विभाग को प्रस्ताव भेजा है कि इस प्रोजेक्ट को मंजूरी महज कैबिनेट सब कमेटी के माध्यम से ही मिल जाए। इससे प्रोजेक्ट को जमीन में उतारने में काफी सुविधा होगी। वर्तमान में इस प्रोजेक्ट को बनाने के लिए वन भूमि के गैर वनीय इस्तेमाल की मंजूरी लेनी होगी। इसमें अधिक समय लग सकता है।

शहर में जल्द ही लोगों को स्मार्ट सिटी के काम जमीन पर दिखें, इसलिए निगम प्रशासन ने फैसला लिया है कि यह मामला यदि कैबिनेट सब कमेटी से ही मंजूर हो जाए तो यह काम जल्द हो सकेगा। इसका प्रस्ताव नगर निगम प्रशासन ने तैयार करके वन विभाग को भेज दिया है। वन विभाग की स्वीकृति मिलती है तो इस काम को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

नगर निगम का मानना है कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ में शहर के आम लोगों को भी सुविधा मिलेगी। नगर निगम के आयुक्त आशीष ने कहा कि इस मामले में वन विभाग को प्रस्ताव भेजा है। विभाग की मंजूरी के बाद आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**खास यह**

- शिमला शहर में बनाए जाने हैं तीन एस्केलेटर
- मंजूरी मिली तो जल्द जमीन पर उतरेंगे प्रोजेक्ट



नगर निगम कार्यालय • जागरण आर्काइव

### तीन मंत्रियों की बनाई है कैबिनेट सब कमेटी

राज्य सरकार ने तीन मंत्रियों की कैबिनेट सब कमेटी बनाई है। इसे शहर में पेड़ों को काटने की हरी झंडी देने की स्वीकृति देने की शक्ति दी गई है। निगम प्रशासन का मानना है कि एस्केलेटर को बनाने के लिए जो भी पेड़ काटे जाने हैं, यदि इनकी मंजूरी भी इसी कमेटी से मिल जाए तो इस काम को जल्द किया जा सकेगा।

### स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे हैं 24 प्रोजेक्ट

शहर में स्मार्ट सिटी के तहत करीब 24 प्रोजेक्ट चले हैं, लेकिन उन सभी प्रोजेक्ट में ये दोनों सबसे बड़े और अहम माने जा रहे हैं। इन दोनों के बनने के बाद शहर में पर्यटन को तो सुविधा होगी, साथ में शहर की सूरत ही बदल जाएगी। जिन तीखी चढ़ाइयों को चढ़ने के लिए लोगों को एक घंटे तक का समय लग जाता है। वहां पर सीधे एस्केलेटर की सुविधा लेते हुए लोग रिज मैदान पर पहुंच जाएंगी।

### शहर में यहां पर बनने हैं तीन एस्केलेटर

शहर में तीन एस्केलेटर लगाए जाने हैं। इसमें से एक एस्केलेटर लक्कड़ बाजार बस स्टैंड से लेकर रिज मैदान तक आना है। दूसरा आकलैंड टनल से लक्कड़बाजार बाजार तक लाया जाना है। तीसरा जाखू मंदिर में लगाया जाना प्रस्तावित है। इन तीनों को बनाए जाने में वन भूमि इस्तेमाल होनी है। कुछ पेड़ भी काटे जाने प्रस्तावित हैं।

# नए भवनों के टैक्स पर आज लगेगी हाउस की मुहर

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शहर में नए भवनों पर टैक्स की राशि बढ़ाने के मसले पर शनिवार को नगर निगम की मासिक बैठक में मुहर लग सकती है। महापौर सत्या कौंडल की अध्यक्षता में होने वाली मासिक बैठक में इसके अलावा राज्य पर्यटन निगम को लिफ्ट के लिए दी गई भूमि पर लीज मनी जल्द ही देने के लिए पत्र भेजने पर भी फैसला लिया जा सकता है। वित्त कमेटी की बैठक में राज्य पर्यटन निगम के लीज मनी के बजाय भूमि बेचने के प्रस्ताव को नकार दिया गया था। अब माना जा रहा है कि मासिक बैठक में निगम से लीज मनी देने को पत्र भेजने पर फैसला लिया जा सकता है।

शहर में 2021 के बाद जो भी भवन बनने हैं, उन भवनों से टैक्स की राशि फैक्टर छह के हिसाब से लेने पर भी सहमति बन सकती है। अभी तक अधिकतर फैक्टर वैल्यू 5.5 है। अब अगले साल से नया फैक्टर लगाया जाना है। हर 20 साल के बाद नया फैक्टर लगाया जाता है। मासिक बैठक में इन मसलों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

**वित्त कमेटी की बैठक में पर्यटन निगम को जमीन न बेचने पर चर्चा की संभावना, लीज पर दी जमीन के एवज में लीज मनी मांग रहा है निगम**

### शहर में 160 स्ट्रीट लाइट्स लगाने पर लगेगी मुहर

शहर में स्मार्ट सिटी के तहत 160 स्ट्रीट लाइट्स को लगाने की भी हरी झंडी मिल सकती है। शहर के विभिन्न भागों में स्मार्ट सिटी के तहत इन लाइट्स को लगाया जाना प्रस्तावित है। इसका प्रस्ताव भी मासिक बैठक में चर्चा के लिए लाया जाना प्रस्तावित है।

### ये मसले भी बैठक में उठने की उम्मीद

नगर निगम की मासिक बैठक में पंथाघाटी में सामुदायिक केंद्र, लोअर बाजार में पार्किंग बनाने, टूटीकंडी में पार्किंग बनाने, रिज से जाखू के रास्ते पर 25 लाख खर्च करने, [illegible] में स्टील पार्किंग बनाने और एचआरटीसी के वर्कशॉप सेंटर को जमीन देने पर भी फैसला लिया जाना प्रस्तावित है।

[illegible] 28 AUG 2021

# संपति कर : निकाय लगाना नहीं, लोग देना नहीं चाहते

## निकाय का कानून बन रहा अड़चन, कंप्यूटरीकृत प्रणाली विकसित कर स्वतः कर वसूली की योजना

प्रकाश भारद्वाज • शिमला

हिमाचल प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में आमजन को आधुनिक सुविधाएं तो चाहिए, लेकिन बदले कर देने को तैयार नहीं। सीवरेज व पेयजल सुविधा सस्ती चाहिए, गलियों में रोशनी चाहिए मगर संपत्ति कर में वृद्धि होने पर लोग आग बबूला होकर जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हैं। शहरी निकाय की जनता कर देने को तैयार नहीं, यदि कर है तो समयानुसार बढ़ने का विरोध करती है। ऐसी स्थिति में नगर निगम और नगर निकाय पार्षद भी कर लगाने के पक्षधर नहीं। इसमें सबसे बड़ी बाधा शहरी निकाय का अपना कानून है। कोई भी पार्षद सुधार की तरफ कदम नहीं बढ़ाता है, जिसका नतीजा यह है कि शहरी क्षेत्रों में सामान्य कामकाज के लिए बजट को लेकर सरकार पर निर्भरता बनी हुई है। संपत्ति कर बढ़ाए जाने और पेयजल पर शुल्क वृद्धि को लेकर शहर में आंदोलन शुरू हो गए थे। ऐसे में शहरी विकास विभाग असहाय खड़ा है। सुधार या तो क्रियान्वित नहीं हो रहे या फिर आपेक्षानुरूप अमल नहीं हो रहा है। यही कारण है कि केंद्र सरकार की ओर से सुझाए गए सुधार धरातल पर नहीं उतर सके।

### [illegible]

[illegible]

### कैसे है अपना कानून बाधा

नगर निगम और शहरी निकाय के अपने कानून हैं। इसी पार्षद मासिक बैठक या आमसभा में आय जुटाने संबंधी कोई निर्णय नहीं लेते। राज्य सरकार भी सीधे तौर पर नगर निगम व नगर निकाय में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। सुधार प्रक्रिया शुरू करने पर जहां एक ओर पार्षद का राजनीतिक भविष्य दाव पर लगता है, वहीं उस क्षेत्र के विधायक के लिए भी अगला चुनाव जीतना संभव नहीं होगा।

### [illegible]



[illegible]

शहरी निकाय संस्थाओं के कानूनी प्रविधान में हस्ताक्षेप नही हो सकता है, लेकिन शहरी विकास विभाग संपत्ति कर की स्वतः नियमित उगाही के लिए कंप्यूटरीकृत प्रणाली विकसित करने पर विचार कर रहा है। **–मनमोहन शर्मा, निदेशक शहरी विकास विभाग।**

### निकाय की स्थिति

राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों का शहरीकरण तेजी से हो रहा है। गांव आधुनिक हो रहे हैं। इस समय प्रदेश में पांच नगर निगम, 29 नगर परिषद और 27 नगर पंचायतें हैं। शहरी पृष्ठभूमि के तौर पर 62 छोटे-बड़े शहर परिभाषित किए जा सकते हैं।

# बारिश व भूस्खलन से 16 मकान क्षतिग्रस्त और 198 सड़कें बंद

राज्य ब्यूरो, शिमला : प्रदेश में कई स्थानों भारी बारिश और भूस्खलन के कारण 16 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि 198 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। शिमला में नौ, कांगड़ा में चार, मंडी में तीन मकानों को नुकसान पहुंचा है।

मंडी में 142, हमीरपुर में 36, शिमला में 13 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा भी कुछ स्थानों पर मार्ग बंद हैं। मंडी जिला में मनाली-चंडीगढ़ हाईवे पर सात मील के पास पहाड़ दरक गया है। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे अधिक बारिश 27 मिलीमीटर मंडी में हुई। इसके अलावा सुंदरनगर व धर्मशाला में 15-15, शाहपुर में 13 मिलीमीटर बारिश हुई। इससे अधिकतम तापमान में करीब एक से दो डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 30 अगस्त तक प्रदेश के 10 जिलों में आंधी व बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है कि बारिश के कारण नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ने की संभावना है।



**कहां कितना रहा तापमान (डिग्री सेल्सियस)**

| स्थान | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| शिमला | 17.2 | 23.8 |
| सुंदरनगर | 22.4 | 26. |
| भुंतर | 22.2 | 28.7 |
| कल्पा | 13.5 | 24.2 |
| धर्मशाला | [illegible] | [illegible] |
| ऊना | 26.5 | 35.7 |
| [illegible] | [illegible] | 25.7 |
| सोलन | 21.0 | 29.5 |

**प्रदेश से संबंधित खबरें www.jagran.c[illegible] पर पढ़ें**

### पैर फिसलने से नाले में गिरा व्यक्ति, मौत

चुवाड़ी : चंबा जिले के भटियात की [illegible] पंचायत में 60 वर्षीय व्यक्ति की पैर फिसलने से नाले में गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान कर्म चंद निवासी गांव लुधेरा के रूप में हुई है। वीरवार शाम को कर्मचंद व उसका भाई गांव की ओर जा रहे थे। जब लुधेरा गांव के निकट वह नाले को पार करने लगे तो आगे चल रहे कर्म चंद का पैर फिसला और वह नाले में गिरा। चुवाड़ी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कुल्लू सहित कई क्षेत्रों में भूकंप के झटके

राज्य ब्यूरो, शिमला : हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला सहित कई अन्य क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। ये झटके शुक्रवार को सुबह पांच बजकर 31 मिनट पर आए। भूकंप का केंद्र कुल्लू में जमीन के पांच किलोमीटर अंदर था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.9 मापी गई। कहीं से नुकसान नहीं हुआ है।

28 AUG 2021



कोरोना/वैक्सीन मीटर

| | भारत | हिमाचल | शिमला/सोलन |
|---|---|---|---|
| 24 घंटे में नए मामले | 44,658 | 186 | 42 |
| कुल सक्रिय मामले | [illegible] | 1965 | [illegible] |
| 24 घंटे में टीकाकरण | 79.17 लाख | 54432 | 13461 |
| अब तक कुल टीकाकरण | [illegible] करोड़ | [illegible] | [illegible] |

# शिमला और सोलन जिले में कोरोना के 42 नए मामले

**जागरण टीम, शिमला/सोलन :** जिला शिमला और सोलन में शुक्रवार को 42 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। शिमला जिले में शुक्रवार को कोरोना के 39 नए मामले सामने आए। यह मामले शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से सामने आए हैं। मामलों की पुष्टि सीएमओ शिमला डा. सुरेखा चोपड़ा ने की है। कोरोना की रफ्तार को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अधिक एहतियात बरतने की अपील की है। विभाग का कहना है कि संक्रमण के प्रति जागरूक होते हुए वैक्सीन की दोनों डोज लगवाना सुनिश्चित करें और कोविड प्रोटोकोल का यथावत पालन करें।

जिला सोलन में 1505 सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए थे, जिनमें से संक्रमण के तीन मामले सामने आए हैं। जिला के अर्की ब्लाक में एक, धर्मपुर में एक और अन्य क्षेत्रों में एक मामला सामने आया है। यह जानकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. मुक्ता रस्तोगी ने दी।

# प्रदेश में कोरोना से तीन की मौत, 293 संक्रमित हुए स्वस्थ

**राज्य ब्यूरो, शिमला :** हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को कोरोना से तीन की मौत हो गई, जबकि 186 नए पाजिटिव केस आए हैं। इससे एक्टिव केस 1965 रह गए हैं। कांगड़ा में ही तीनों मौतें हुईं। प्रदेश में 11607 सैंपल लिए गए जिसमें से 204 की रिपोर्ट आनी है।

प्रदेश में सबसे अधिक एक्टिव केस मंडी में 450, कांगड़ा में 363, शिमला में 261, चंबा में 246, हमीरपुर में 242 हैं। संक्रमितों की कुल संख्या 2,12,913 हो गई है, जिनमें से 2,07,356 स्वस्थ हुए हैं।

मंडी जिला में 42, शिमला में 39, कांगड़ा में 33, हमीरपुर में 28, चंबा में 12, बिलासपुर में 10, कुल्लू में नौ, लाहुल स्पीति जिला में सात, सोलन में तीन, किन्नौर व ऊना जिला में दो-दो नए मामले आए हैं। प्रदेश में वैक्सीनेशन को लेकर पहली डोज सभी निर्धारित आयु 18 वर्ष से अधिक वालों को लगने वाली है।

28 AUG 2021

53

# सात गुना अधिक सेब की खरीद

राज्य ब्यूरो, शिमला : प्रदेश में राज्य सहकारी विपणन व उपभोक्ता संघ ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत बीते वर्ष की तुलना में इस साल सात गुना अधिक सेब की खरीद की है। संघ की ओर से वर्ष 2020 में 20 जुलाई से 24 अगस्त तक 17914 सेब की बोरियां खरीदी गई थीं, जबकि इस वर्ष इसी अवधि के दौरान 124000 सेब की बोरियां खरीदी गई हैं।

मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सी ग्रेड सेब की खरीद के लिए 125 केंद्रों पर 9.50 रुपये प्रति किलोग्राम सेब की खरीद की जा रही है। खरीदे गए सेब की शिमला जिले के अंटी और सोलन जिला के परवाणू में नियमानुसार नीलामी की जा रही है। नीलामी समितियों में हिमफैड के अधिकारियों के अतिरिक्त बागवानी विभाग तथा विपणन बोर्ड के अधिकारी शामिल किए गए हैं। सेब का उत्पादन अधिक हुआ है, लेकिन ओलावृष्टि से वर्ष 2019-20 के अपेक्षा इस वर्ष सात गुना फसल खराब हुई है। कोरोना महामारी के कारण दूसरे राज्यों से व्यापारी विक्रय केंद्रों पर कम पहुंच रहे हैं।

## शिमला की मंडियों में पहुंची 92 हजार पेटियां

जागरण संवाददाता, शिमला : जिला शिमला की मंडियों में शुक्रवार को 92 हजार से अधिक सेब की पेटियां पहुंची। पराला मंडी में 39,927, भट्टाकुफर मंडी में 20,339 और रोहड़ू की मंडी में 32,547 पेटियां पहुंची। सबसे ज्यादा दाम पराला व भट्टाकुफर में 2250 रुपये प्रति पेटी की दर से मिला। हालांकि बेहतर क्वालिटी के सेब के दाम दो हजार से 2250 के बीच में ही रहा है। रोहड़ू में भी बेहतर गुणवत्ता के सेब का दाम प्रति पेटी दो हजार रुपये से अधिक ही रहा। बागवानी विभाग के अधिकारियों की मानें तो एक ही दिन में शिमला जिले से ही ढाई लाख सेब की पेटियां देश की अन्य मंडियों को भेजी गई हैं। जिला के मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेब का तुड़ान जारी है। अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तुड़ान के लिए 10 से 15 दिन का समय है।

# सोलन, परवाणू में 200 करोड़ का सेब कारोबार

भूपेंद्र ठाकुर • सोलन

सोलन जिला में अब तक 200 करोड़ रुपये से अधिक का सेब कारोबार हो चुका है। इस वर्ष सोलन व टर्मिनल सेब मंडी परवाणू में यह कारोबार 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकता है। दोनों मंडियों में 12.5 लाख सेब की पेटियां पहुंच चुकी हैं, जो बीते वर्ष की तुलना में 50 फीसद अधिक हैं। बेशक एक सप्ताह से सेब के दाम में कमी आई है लेकिन इससे पहले बागवानों को बेहतर दाम मिले थे। 20 से 25 किलो की एक पेटी चार हजार रुपये तक भी बिकी थी।

फल एवं सब्जी मंडी सोलन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में कुल 19 लाख सेब की पेटियां सोलन व परवाणू में पहुंची थी। बीते वर्ष अगस्त तक छह लाख पेटियां ही मंडी में पहुंची। सोलन व परवाणू मंडी में शिमला, किन्नौर व सिरमौर जिला का सेब बिकने के लिए आता है। अब तक 35 फीसद सेब ही मंडी पहुंचा है। 65 फीसद सेब अभी आना शेष है। नवंबर के पहले सप्ताह तक सेब का सीजन चलता है। संभावना है कि सेब का कारोबार 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकता है।

मार्केट कमेटी सोलन के सचिव रविंद्र शर्मा का कहना है कि सोलन व परवाणू मंडी में पहली बार इतने समय में इतना व्यापार हुआ है। प्रतिदिन औसतन 40 हजार पेटियां आ रही हैं।

इस वर्ष उत्पादन अधिक होने की वजह से कारोबार में वृद्धि हुई है। यदि सेब सीजन इसी प्रकार चलता रहा तो कमेटी को पांच करोड़ रुपये तक का लाभ हो सकता है।

### दोनों मंडियों में अब तक 12.5 लाख सेब की पेटियां पहुंची
### 65 फीसद सेब अभी आना शेष, नवंबर तक चलता है सीजन



फल मंडी सोलन में सेब की बोली लगाते आढ़ती • जागरण

### दाम कम होने के कारण

सेब का बंपर उत्पादन होने की वजह से भी इस वर्ष रेट कम हुआ है। दूसरी सबसे बड़ी वजह यह मानी जा रही है कि इस वर्ष बी व सी ग्रेड का सेब मंडी में 80 फीसद तक आ रहा है, जिसे आढ़ती व व्यापारी 600 से 1000 रुपये प्रति पेटी तक खरीद रहे हैं। ए ग्रेड का सेब शुक्रवार को 1700 से 2000 रुपये प्रति पेटी तक बिका है। एक पेटी में 25 किलो तक सेब होता है।



"इस वर्ष उत्पादन अच्छा हुआ है लेकिन रेट कम मिल रहा है। बीते वर्ष ए ग्रेड का सेब 4000 रुपये प्रति पेटी तक बिका था, जबकि अब दो हजार रुपये तक बिक रहा है। बी व सी ग्रेड का सेब काफी कम रेट पर बिक रहा है।
–संदीप कुमार, चौपाल से सोलन मंडी पहुंचा बागवान।



28 AUG 2021

# केएमसी कंपनी से छिनेगा फोरलेन निर्माण का काम

हंसराज सैनी • मंडी

सुर्खी

- अधिकारी दिल्ली तलब, प्रदेश सरकार के सख्त रुख के बाद हरकत में आया मंत्रालय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
- नागचला से पंडोह तक फोरलेन निर्माण कर रही केएमसी कंपनी
- तय अवधि के बाद भी 33 फीसद ही हुआ काम, नागचला से मंडी तक हाईवे की हालत खस्ता

मनाली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंडी जिले के नागचला से पंडोह के बीच फोरलेन का काम कर रही केएमसी कंपनी का टेंडर रद करने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रदेश सरकार के सख्त रुख के बाद सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय हरकत में आ गया है। केएमसी कंपनी के अधिकारियों को शनिवार को दिल्ली तलब किया गया है। इनकी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष पेशी होगी।

मनाली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सात मील में रोजाना पहाड़ दरकने से लोग व प्रशासन दुखी हो चुका है। इससे किसान व बागवानों की कमर टूट चुकी है। मंडियों तक समय पर फल-सब्जी की सप्लाई नहीं पहुंच रही है। चट्टानें गिरने से वाहन चपेट में आ रहे हैं। रोजाना हाईवे 10 से 12 घंटे बाधित रहने से सरकार की साख को बट्टा लग रहा है। नागचला से मंडी तक हाईवे की हालत दयनीय हो चुकी है। गड्ढों के कारण वाहनों के कलपुर्जों को नुकसान पहुंच रहा है। प्रशासन ने कई बार केएमसी कंपनी प्रबंधन से हाईवे की खस्ताहालत को सुधारने के लिए कहा था, लेकिन कान पर जूं नहीं रेंगी। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की फटकार के बाद भी कंपनी के अधिकारियों का रवैया नहीं बदला। मुख्य सचिव राम सुभाग सिंह ने शुक्रवार को सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के उच्च अधिकारियों से बात की। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के ओएसडी को स्थिति से अवगत करवाकर प्रदेश सरकार का पक्ष रखा।

> केएमसी कंपनी निर्माण कार्य को गंभीरता से नहीं ले रही। मुख्य सचिव राम सुभाग सिंह ने मामला केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से उठाया है। कंपनी प्रबंधन को शनिवार को दिल्ली तलब किया गया है।
>
> -अरिंदम चौधरी, उपायुक्त मंडी।

## सितंबर 2016 में 873 करोड़ में अवार्ड हुआ था काम

केएमसी कंपनी को नागचला से पंडोह तक 26.2 किलोमीटर फोरलेन निर्माण का काम 23 सितंबर 2016 को 873 करोड़ रुपये में अवार्ड हुआ था। कंपनी ने काम 14 जनवरी 2018 को शुरू किया। अवार्ड के अनुसार काम 21 जुलाई 2020 को पूरा होना चाहिए था। 26.2 किलोमीटर फोरलेन में तीन यातायात सुरंगों का निर्माण भी होना है। एक सुरंग 1300, दूसरी 600 व तीसरी की लंबाई 383 मीटर है। पंडोह बाईपास में बनने वाली 383 मीटर की सुरंग का अभी काम शुरू नहीं हो पाया है। दोनों सुरंगों का काम 50 फीसद हुआ है। तीन साल में मात्र नौ किलोमीटर सड़क बनी है यानी 33 प्रतिशत काम हुआ है। निर्माण कार्य धीमी गति से हो रहा है। सात मील में पहाड़ दरकने से पैदा हुए खतरे को देख मंडी व कुल्लू जिला प्रशासन से एनएचएआइ प्रबंधन ने रात को यातायात बंद करने की गुहार लगाई है।

प्रदेश से संबंधित खबरें www.jagran.com पर पढ़ें

# कारोबारियों के चुनाव से चढ़ने लगा सियासी पारा

व्यापार मंडल चुनाव

- भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के समर्थन के लिए प्रत्याशी लगा रहे जोर
- कांग्रेसी नेता भी लगातार कारोबारियों के संपर्क में
- नामांकन के अंतिम दिन आज साफ होगी तस्वीर

जागरण संवाददाता, शिमला : व्यापार मंडल शिमला के चुनाव के लिए अब सियासी पारा भी चढ़ने लगा है। भाजपा का चुनाव प्रकोष्ठ भी खुलकर अपना पैनल चुनाव में उतार सकता है। इनका समर्थन हासिल करने के लिए भाजपा से जुड़े कारोबारियों में जोर लगाना शुरू कर दिया है। इसमें सफलता किसे मिलती है, ये देखने लायक होगा। इसके लिए तैयारी चली है।



वहीं चौथा पैनल मैदान में उतरने के बाद पहले से ही दावेदारों का गणित बिगड़ गया है। अब खुद कई संभावित प्रत्याशी मैदान में उतरने के बजाय दूसरे को समर्थन देकर उतारने की तैयारी में हैं। नामांकन पत्र भरने का अंतिम दिन शनिवार को है। इसके बाद ही स्थिति साफ होगी कि अध्यक्ष और महासचिव पद पर कौन-कौन सामने होगा। इसके बावजूद शहर में कयास लगाए जा रहे हैं कि पूर्व अध्यक्ष और महासचिव से लेकर कारोबारी नेताओं के दिग्गज रहे कई वरिष्ठ कारोबारी नेता भी चुनावी समर में अपना भाग्य आजमा सकते हैं। इन चुनाव में भले ही कारोबारी चुनाव लड़ेंगे लेकिन प्रतिष्ठा बड़े राजनेताओं की दांव पर होगी।

**शहर के लिए महत्वपूर्ण चुनाव :** शहर के लिए यह चुनाव इसलिए भी ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि शहर में विधानसभा चुनाव में जीत और हार का अंतर ज्यादा से ज्यादा दो से ढाई हजार के बीच में ही रहता है, दूसरी तरफ कारोबारियों के चुनाव में भी वोटरों की संख्या ढाई हजार के लगभग ही रहती है इसलिए कारोबारियों का रुख शहर के चुनाव को काफी हद तक प्रभावित करता है। इन वोटरों की संख्या को देखते हुए परोक्ष रूप से शहर के सभी बड़े नेता इन चुनाव से जुड़े होते हैं।

### आने वाले समय में रहेगी भाजपा-कांग्रेस नेताओं की सक्रियता

भाजपा की तरह कांग्रेस के शहर के दिग्गज नेता भी लगातार कारोबारियों के संपर्क में हैं। ऐसे में आने वाले समय में यह देखना रोचक होगा कि आने वाले दिनों में कारोबारियों के चुनाव में राजनेताओं की कितनी सक्रियता रहती है।

### महासचिव ने चुनाव अधिकारी को पत्र

जागरण संवाददाता, शिमला : शिमला व्यापार मंडल के सचिव संजीव ठाकुर ने व्यापार मंडल के चुनाव अधिकारी अश्वनी मिन्होत्रा को पत्र लिखकर चुनाव करवाने के लिए प्रशासन की ओर से जारी अनुमति पत्र की मांग की है। उन्होंने कहा कि नामांकन भरने की अंतिम तिथि शनिवार की है। इससे पहले कारोबारियों को ये मुहैया करवाई जाए। यदि ऐसा नहीं होता है कि वर्तमान के व्यापार मंडल को कुछ समय आगे चलने दिया जाए।

28 AUG 2021

# दूर हों कुरीतियां

समाज ही देश की तरक्की का आईना होता है। रहन सहन और संस्कृति से पता चलता है कि किसी क्षेत्र के लोग कितने विकसित और सभ्य हैं। सभ्य समाज़ में कुरीतियों का कोई स्थान नहीं है। हमारे देश में लोगों की जागरूकता से कई कुरीतियों का अंत हुआ है। दुखद यह है कि चंद लोग कुरीतियों को जारी रखे हुए हैं। महिला सशक्तीकरण की दिशा में देश में बढ़ा है लेकिन शर्मसार करने वाली घटनाएं भी सामने आ जाती हैं। हिमाचल प्रदेश ने हर क्षेत्र में तरक्की की है लेकिन महिला व बाल उत्पीड़न के मामले सामने आते रहे हैं। प्रदेश में महिला व बाल विकास की दिशा में कई संगठन कार्य कर रहे हैं। चाइल्डलाइन संस्था ने कई बच्चों को बाल आश्रम तक पहुंचाया है। बाल विवाह भी रुकवाए हैं लेकिन दूरदराज व ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। प्रशासन इस तरह के मामलों में त्वरित कार्रवाई करता है। मंडी जिला में एक नाबालिग की शादी कर दी गई। पता चलने पर उसे माता-पिता के संरक्षण में रखा गया। इसके बावजूद उसने बच्चे को जन्म दिया। अब इस संबंध में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। हैरानी की बात है कि नाबालिग के गर्भवती होने की स्वास्थ्य कर्मियों को भी जानकारी थी लेकिन उसकी आयु जानने का प्रयास नहीं किया। मंडी जिला में ही एक नाबालिग की शादी व आठ माह की गर्भवती होने का मामला सामने आया है। सवाल यह है कि इस तरह के मामले क्यों हो रहे हैं? आखिर मां-बाप की ऐसी क्या मजबूरी है कि वे नाबालिग की शादी कर रहे हैं? समाज को इस संबंध में चिंतन करना होगा। समझना होगा कि ऐसा कर वे न सिर्फ बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं बल्कि देश की तरक्की में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। यह सामाजिक कुरीति है। सभी को इस तरह की कुरीतियों को दूर करने के प्रयास करने चाहिए।

**समाज को चिंतन करना होगा कि आखिर मां-बाप की ऐसी क्या मजबूरी है कि वे नाबालिग की शादी कर रहे हैं**

दैनिक भास्कर 28 AUG 2021

25 जनवरी 2022 को एक विशाल कार्यक्रम का होगा, डॉ. बिंदल की अध्यक्षता में समिति गठित

# 2 अक्टूबर से शुरू होगी स्वर्णिम हिमाचल रथयात्रा, सभी विधानसभा से होकर गुजरेगीः जयराम ठाकुर

भास्कर न्यूज़ | शिमला

पूर्ण राज्यत्व के स्वर्ण जयंती वर्ष पर 2 अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। स्वर्णिम रथयात्रा लगभग दो महीने के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर 25 जनवरी 2022 को एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया है।

इसके अतिरिक्त, चार उप-समितियां भी गठित की गई हैं जिनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण समिति, सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रथयात्रा के दौरान हिमाचल की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा। सरकार प्रदेश के विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित करेगी। राज्य सरकार इस वर्ष 25 जनवरी से राज्य में स्वर्णिम हिमाचल रथयात्रा आयोजित करना चाहती थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया था। इस यात्रा में राज्य के विकासात्मक इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्वर्णिम हिमाचल रथयात्रा में विभिन्न क्षेत्रों जैसे- खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृति, साहित्य आदि में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल लोगों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। सभी प्रमुख विभाग जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, वन और बिजली विभाग भी इन पचास शानदार वर्षों के दौरान हुए विकास का प्रदर्शन करेंगे।



स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

**हर परिवार को इससे जोड़ेंगे:** राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष और बजट समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि जहां रथयात्रा जाएगी और मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वहां के मुख्य, ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण भवनों को भी सजाने के प्रयास किए जाने चाहिए। स्वर्णिम रथ यात्रा खरीद समिति के अध्यक्ष त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रत्येक परिवार को इस भव्य आयोजन से जोड़ने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए ताकि लोगों को इससे अपनेपन का अहसास हो सके। मुख्य सचिव राम सुभग सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जेसी शर्मा, सचिव देवेश कुमार, निदेशक ग्रामीण विकास ऋग्वेद ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

**जिला स्तर पर तैयार की जाएगी कार्य योजना:** जिला प्रशासन को रथयात्रा से संबंधित कार्य योजना और अन्य जानकारी अंतिम रूप प्रदान करने के लिए एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। इस रथयात्रा के सफल बनाने के लिए पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों, युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों से बढ़चढ़ कर इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। विधायक और कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सुझाव दिया कि विशेष जिले में कार्यक्रम मनाते समय अलग जिलों के लिए अलग-अलग विषयों पर भी विचार किया जा सकता है।

29 AUG 2021

57

# विधायक चंदर मोहन ने छह माह में ही मंजूर करवाया भदरोता में पॉलीटेक्निक कॉलेज

## सीएम की मौजूदगी में खुद के लिए भी मजबूत कर डाली सियासी पिच

रितेश चौहान | सरकाघाट

प्रसिद्ध समाजसेवी चंद्र मोहन शर्मा ने विधायक कर्नल इंद्र सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से सभी मांगें मनवा कर छह माह में ही अपना चुनावी वादा पूरा करके दिखाया है। शर्मा ने मण्डल भाजपा के साथ मिलकर ना सिर्फ मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का गौंटा में विशाल कार्यक्रम आयोजित करवा कर और हजारों की भीड़ एकत्रित करके अपना दमखम दिखाया बल्कि मुख्यमंत्री से एक ही झटके में पॉलिटेक्निकल कॉलेज स्वीकृत करवाकर मुख्यमंत्री के साथ अपने मधुर संबंधों को जगजाहिर किया है। एकाएक मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा चंद्रमोहन शर्मा को हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ का अध्यक्ष राज्य खेल परिषद का सदस्य और बस अड्डा प्राधिकरण बोर्ड सदस्य सहित कई अन्य विभागों का सदस्य मनोनीत करके पहले ही उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान दिया था अब गत जिला परिषद चुनावों में प्रदेश भर में सबसे ज्यादा मतों से जीत का नंबर एक पर रिकॉर्ड बनाने वाले चंद्र मोहन शर्मा को भाजपा के विधायक कर्नल इंद्र सिंह का भी भरपूर सहयोग मिलता है।

**धूमल को हराने का मिला इनाम:** थौना जिला परिषद वार्ड में समाजसेवी चंद्र मोहन शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के चचेरे भाई पृथ्वीराज धूमल को करीब दस हजार मतों से हराया था धूमल और जयराम का शीत युद्ध सबके सामने है। परंतु एकतरफा जीत के बाद मुख्यमंत्री ने चंद्र की 6 महीने में सभी मांगे पूरी की हैं।

**अपने बलबूते करवा दी रैली :** सरकाघाट विधानसभा के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब चुनावों के बजाय कोई मुख्यमंत्री यहां आया हो और एक साथ दो जनसभाएं आयोजित हुई हो। मुख्यमंत्री की एक रैली बल्द्वाड़ा में रखी थी परंतु जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा ने मण्डल के साथ मिलकर अपन वार्ड के गौंटा में विशाल रैली करवा दी जिसमें करीब 10 हजार लोगों की भीड़ एकत्रित करके मुख्यमंत्री को भी खुश कर दिया। गौरतलब है की थौना पंचायत के बैरा गांव से संबंध रखने वाले चंद्र मोहन शर्मा इससे पहले भी अपने वार्ड में अपने स्तर पर क्षेत्र के कई कैबिनेट मंत्रियों को ला चुके हैं। बल्कि उनसे कई विकास कार्य मंजूर करवा चुके हैं। वीरवार की विशाल



सरकाघाट में वीरवार को सीएम के साथ चंद्रमोहन।

### सभी मांगें हुईं पूरी अब होगा विधान सभा क्षेत्र का विकास : चंद्रमोहन

मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से और विधायक का कर्नल इंद्र सिंह के साथ से 6 महीने में ही उनके घोषणा पत्र की सभी मांगें मुख्यमंत्री ने पूरी की है। अब उनका अगला पड़ाव सड़कों की हालत सुधारना साथ ही जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर के आशीर्वाद से पिंगला में हॉर्टिकल्चर उद्यान में रिसर्च सेंटर खोलना होगा।

रैली के बाद और मुख्यमंत्री के साथ अपनी गहरी नजदीकियों व कल की रैली के बाद साफ जाहिर हो रहा है कि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा अगला उम्मीदवार विधायक कर्नल इंद्र सिंह को साथ लेकर उनकी छत्रछाया में चंद्र मोहन शर्मा को ही बनाना चाहती हैं।

# मुख्यमंत्री ने पूजा और साक्षी को दिए 50-50 हजार

भास्कर न्यूज़ | शिमला

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने जिला बिलासपुर की तहसील घुमारवीं के गांव कोठी निवासी पूजा सोनी और सरकाघाट के रामनगर की साक्षी के परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें सहायता प्रदान की। साक्षी ने कहा कि वह गरीब परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता मजदूरी करते हैं जबकि मां बीमार रहती हैं। वह और उनकी बहन महक अपनी पढ़ाई आगे जारी रखना चाहती हैं, लेकिन धन के अभाव ने उन्हें पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई हो रही है। पूजा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी दो बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटी दिव्यांग है। उन्होंने कहा कि आजीविका का कोई निश्चित साधन न होने के कारण उन्हें बेटी का इलाज करवाने में मुश्किल हो रही है। मुख्यमंत्री ने पूजा और साक्षी को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की।

# सीएम ने प्रवासी भारतीयों को हिमाचल प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित

शिमला | इंडो-अमेरिकन बिजनेस एंड आर्ट्स काउंसिल (आईएबीएसी) ने सैन फ्रांसिस्को के भारतीय महाकॉन्सल के सहयोग से हिमाचल पर केंद्रित इंडो-यूएस परिसंवाद का आयोजन किया। खाड़ी क्षेत्र के हिमाचलियों ने वर्चुअल माध्यम से इस परिसंवाद को अपना सहयोग दिया। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आईएबीएसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इच्छुक निवेशकों को राज्य में निवेश के अपार अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए भी न्यौता दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग व ऊर्जा आरडी धीमान ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से आईएबीएसी का आभार व्यक्त किया। खाड़ी क्षेत्र सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिकी महासभा के सदस्य रोहित खन्ना, सैन फ्रांसिस्को में भारत के कॉन्सल जनरल डॉ. नागेंद्र प्रसाद, सामाजिक कार्य विशेषज्ञ महेश निहलानी खाड़ी क्षेत्र के प्रमुख वक्ता थे। रोहित खन्ना ने कहा कि वह मूल रूप से हिमाचल के कांगड़ा से हैं। सैम देवधारा (खाड़ी क्षेत्र में होटल श्रृंखला के मालिक) ने आतिथ्य क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाई। अमित जावेरी (महाप्रबंधक, गूगल क्लाउड) ने सरकारी विभागों सहित भारत में अपने ग्राहकों और गूगल के लिए हिमाचल में संभावित अवसरों का उल्लेख किया। महेश निहलानी ने राज्य सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को हिमाचल दिवस समारोह के लिए खाड़ी क्षेत्र (बे-एरिया) कैलिफोर्निया का दौरा करने और सिलिकॉन वैली के निवेशकों के साथ बैठक आयोजित के लिए आमंत्रित किया।

28 AUG 2021

58

### जलशक्ति मंत्री ने जोगेंद्रनगर क्षेत्र में किया 10 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

# 15 अगस्त 2022 तक प्रत्येक घर को मिलेगा शुद्ध जल: महेंद्र सिंह

## जलशक्ति विभाग के माध्यम से व्यय किए जा रहे 400 करोड़ रुपए

भास्कर न्यूज़ | जोगेंद्रनगर

जल जीवन मिशन के अंतर्गत 15 अगस्त, 2022 तक हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक घर में नल व नल में शुद्ध जल की सुविधा मुहैया करवा दी जाएगी। जलशक्ति विभाग के अधिकारियों की कड़ी मेहनत के चलते जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में हिमाचल प्रदेश पूरे देश भर में प्रथम स्थान पर रहा है। यह दावा जलशक्ति, बागवानी, राजस्व एवं सैनिक कल्याण मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि जोगेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग के माध्यम से लगभग 400 करोड़ रूपये की राशि विभिन्न पेयजल व सिंचाई योजनाओं पर व्यय की जा रही है। महेंद्र सिंह ठाकुर आज जोगेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ रुपए की पेयजल योजनाओं के शिलान्यास जिसमें ग्राम पंचायत गुम्मा में 193.28 लाख रुपए की लागत से ग्राम पंचायत गुम्मा व कधार पंचायतों के लिए निर्मित होने वाली पेयजल योजना तो वहीं चौंतड़ा में ग्राम पंचायत पस्सल व सगनेहड़ के लिए 370.69 लाख रूपये जबकि ग्राम पंचायत ऐहजु, बदेहड़, मटरू तथा तलकेहड़ के लिए 357.01 लाख रूपये की लागत से जल जीवन मिशन के तहत ही निर्मित होने वाली पेयजल योजनाओं की आधारशिला शामिल है के अवसर पर गुम्मा व चौंतड़ा में उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर जोगेंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होने जन समस्याएं भी सुनी तथा अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया। उन्होने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पिछले डेढ वर्ष के दौरान अकेले हिमाचल प्रदेश में ही 6 लाख 5 हजार पानी के कनेक्शन मुहैया करवाए हैं।

### प्रकाश राणा के रूप में क्षेत्र को मिला है एक सच्चा कर्मयोगी

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि जोगेंद्रनगर विस क्षेत्र के लिए प्रकाश राणा के रूप में न केवल एक विधायक मिला है बल्कि सच्चा कर्मयोगी भी मिला जो निरन्तर क्षेत्र के विकास को प्रयासरत हैं। उन्होने कहा कि प्रकाश राणा ने लोगों की सेवा को अपने वेतन-भत्ते ही समर्पित नहीं किये हैं बल्कि वे अपने निजी प्रयासों से भी लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। उन्होने कहा कि प्रकाश राणा जोगेंद्रनगर क्षेत्र का भविष्य है तथा लोगों से आगे बढ़कर इन्हे अपना पूरा समर्थन प्रदान करने का भी आहवान किया।



गुम्मा में पेयजल योजना का शिलान्यास करते महेंद्र सिंह ठाकुर

### क्षेत्र विकास की दृष्टि से तेजी बढ़ा आगे:प्रकाश राणा

विधायक प्रकाश राणा ने जलशक्ति मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्य मंत्री जय राम ठाकुर के आशीर्वाद एवं जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जोगेंद्र नगर विस क्षेत्र को अनेको विकास कार्यों की सौगातें मिलीं हैं। जोगेंद्रनगर में एचआरटीसी का बस डिपो, जलशक्ति विभाग का मंडलीय कार्यालय, मकरीड़ी में उपतहसील, लडभड़ोल में आईटीआई, अटल आदर्श विद्यालय जैसी प्रमुख सौगातें शामिल हैं। इस मौके पर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य रीमा राणा, जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया, एसडीएम डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा, जलशक्ति विभाग के मुख्य अभियन्ता शाम कुमार शर्मा, विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि, संगठन के कार्यकत्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फ्लैट चाहिए या प्लॉट; हिमुडा पहले लोगों की राय लेगा, सर्वे के आधार पर ही करेगा निवेश

## 2000 करोड़ रुपए की जमीन खरीद ली, लेकिन नहीं मिल रहे खरीदार

भास्कर न्यूज़ | शिमला

अपनी संपत्तियों को बेचने के लिए हिमुडा प्रबंधन जल्द लोगों की लाय लेने जा रहा है। लोग हिमुडा से प्लॉट लेने चाहते हैं या फ्लैट यह पता लगाने के लिए यह डिमांड सर्वे किया जाएगा ताकि उसी आधार पर आगे की कार्यवाही शुरू कर सके। हिमुडा प्रबंधन ने प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर 2000 करोड़ रुपए से अधिक की जमीनें खरीदी हैं। इसमें कई जगह फ्लैट बन गए हैं तो कई जगह जमीनें खाली पड़ी है। आय जुटाने के लिए हिमुडा प्रबंधन अपनी संपत्तियों को बेचने के लिए लगातार नीलामी कर रहा है। मगर उसका ज्यादा लाभ मिलता नहीं दिख रहा। जल्द ही एक नीलामी प्रक्रिया रामपुर और देहरा में भी होगी क्योंकि यहां पर भी हिमुडा के पास काफी मात्रा में जमीन है। देहरा की जमीन को आवासीय जरूरतों के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालय को बेचने का एक प्रस्ताव था। मगर अभी तक उनकी ओर से भी कोई जवाब नहीं आया है। धर्मशाला में मौजूद जमीन पर आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया जाना है। मगर इसके लिए पैसा नहीं जबकि यहां टीसीपी की मंजूरी भी हो चुकी है। इसके अलावा राजगढ़, ऊना, त्रिलोकपुर में भी करोड़ों रुपए की जमीन खरीदी गई है परंतु उनके लिए कोई खरीदार नहीं मिल रहे।

> *लोगों को फ्लैट चाहिए या प्लाट यह पता लगाने के लिए जल्द डिमांड सर्वे किया जाएगा, उसी आधार पर करेगा निवेश किया जाएगा। अभी नीलामी से संपत्ति बेचने का प्रयास हो रहा है।*
> • **सुरेश भारद्वाज**, शहरी विकास मंत्री

8 AUG 2021

### आज शिमला में टिकैत, बागबानों को समर्थन, बड़ी कंपनियों के खिलाफ खोलेंगे मोर्चा

# किसान आंदोलन का फोकस अब सेब बेल्ट

## बताएंगे वो मॉडल, जिसने गिराए सेब के रेट

- 6 जिलों में सीधी पहुंच का मुद्दा, सेब के दाम
- किसान नेताओं के लिए भी अहम है सेब बेल्ट

सिटी रिपोर्टर | शिमला

पिछले एक पखवाड़े से हिमाचल में सेबों के दामों में आई भारी गिरावट का मुद्दा दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन ने अपने एजेंडे में शामिल कर लिया है। पिछले कई साल सेब सीजन में अचानक सेब के दामों में किसी न किसी बहाने से दाम गिरते रहे हैं। इस बार सेब सीजन लगभग आधी बीत जाने के बाद जब अच्छा सेब मार्केट में आया तो सेब के दाम गिर गए। सेबों के दाम गिरने से बागबानों को लागत भी नहीं निकल रही है। पिछले कुछ दिनों में सामने आया इस मुद्दे पर अब किसान आंदोलन के नेता बागबानों के साथ आ गए हैं। इस अभियान में किसान आंदोलन के नेता और भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष राकेश टिकैत शनिवार को शिमला पहुंच रहे हैं। राकेश टिकैत इस मसले पर बागबानों के समर्थन में सेब के सही दाम देने की मांग के साथ ही बागबानी से जुड़े लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं। देश के सभी हिस्सों में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने में लगे किसान नेताओं के लिए हिमाचल के छह जिलों में पैठ बनाने के लिए सेब बेल्ट के बागबानों का मुद्दा मदद कर सकता है। हिमाचल में सीधे तौर पर खेती और बागबानी कृषि संशोधन बिल से प्रभावित नहीं होते क्योंकि हिमाचल में मैदानी राज्यों की तरह इतने बड़े पैमाने पर कृषि नहीं होती। लेकिन सेब बेल्ट का सेब पूरे देश दुनिया तक पहुंचता है।

**दामों में गिरावट से बागबान परेशान, सरकार नहीं उठा रही कोई कदम:** किसान सभा के राज्य महासचिव डॉ. ओंकार शाद, राज्याध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह तंवर और जिलाध्यक्ष सत्यवान पुंडीर ने प्रदेश सरकार पर हाल ही मे सेब के दामों मे हो रही लगातार गिरावट के चलते बागबानों की परेशानी को बढ़ाने का आरोप लगाया है। राज्याध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार बागबानों के हितों की रक्षा करने मे पूरी तरह विफल रही है और कॉर्पोरेट घरानों के साथ खड़ी होकर उनको खुली छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक कारोबारी समूह द्वारा सेब के जो दाम तय किए हैं जिसमें बीते साल 80-100 फीसदी रंग वाले सेब के दाम 85 रुपए प्रति किलो था जबकि इस बार इसी सेब का रेट 72 रुपए प्रति किलो है। इसी तरह दूसरे दर के सेब के रेट में भी भारी गिरावट की गई है। उन्होंने कहा कि सेब के दामों में आई गिरावट से व निरंतर लागत वस्तुओं की कीमतों मे भारी वृद्धि के कारण सेब की 5 हजार करोड़ की आर्थिकी भी गहरे संकट में चली गई है। किसान सभा प्रदेश सरकार से मांग करती है कि इस संकट के समय मे बागबानों को संकट से बाहर निकालने के लिए जम्मू कश्मीर की तर्ज पर एमआईएस के तहत सेब खरीदना चाहिए। जिलाध्यक्ष सत्यवान पुंडीर ने कहा कि प्रदेश सरकार की लचर कार्यप्रणाली के कारण एपीएमसी कानून की खुली अवहेलना पर रोक लगानी चाहिए, कानून के प्रावधानों को सही तरीके से लागू करना चाहिए।

## सेब का दाम गिरने से बागबानों की लागत तक नहीं निकल रही

**• ये हैं सेब के रेट गिराने का मॉडल:** किसान यूनियन की हिमाचल इकाई के अध्यक्ष अनिंदर सिंह नॉटी बताते हैं कि सेब के रेट गिराने का ये मॉडल पूरी तरह से प्लान किया जाता है। बड़े कारोबारी खुद सेब की खरीद से पहले पूरा खेल करते हैं। अनिंदर सिंह नॉटी का आरोप है कि बड़े ग्रुप हर साल इन दिनों के लिए एक से डेढ़ लाख पेटियां कोल्ड स्टोरेज में रखे रहते हैं। फिर सीजन में खुद ही खरीद शुरू करने से पहले पिछले साल के रखे सेब की 50 हजार से लेकर एक लाख पेटियां दिल्ली जैसी नजदीकी मार्केट में उतार देते हैं। सेब की अचानक मंडी में आमद बढ़ने पर रेट गिर जाते हैं। फिर हिमाचल में भी दिल्ली की मंडी में रेट गिरने की बात कहकर कम दामों पर सेब की खरीद करते हैं। नॉटी बताते हैं कि बागबानों को बताया जाता है कि दिल्ली में अगर सेब 60 रुपए किलो बिक रहा है तो हम 70 या 75 रुपए खरीद रहे हैं जिसमें बागबान झांसे में आ जाता है। पिछले साल बेचा गया सेब दिल्ली की मंडी में खत्म होने पर अचानक सेब के दाम बढ़ जाते हैं लेकिन तब तक बागबानों से सेब सस्ते में खरीदा जा चुका होता है।

| वैरायटी | 1 अगस्त तक रेट | अब ये रेट |
|---|---|---|
| स्पर | 2500-3000 | 1000-1500 |
| रॉयल | 1800-2700 | 800 से 1500 |
| रेड गोल्ड | 1200-1800 | 500-800 |

**• गल्ट या भरमार जैसी कोई बात है ही नहीं:** इन दिनों सेब के दामों में भारी गिरावट के पीछे ये बात फैलाई गई है कि मार्केट में गल्ट यानी सेब की आमद बहुत जयादा हो गई है। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। किसान नेता मानते हैं कि ये बात बिलकुल गलत है। इस बार तो सेब पिछले साल की तुलना में कम है तो रेट क्यों कम हैं। इन दिनों तो अब अप्पर हाइट का सेब बाजार में आ गया है जो क्वालिटी में ज्यादा अच्छा और लंबे समय तक टिकने वाला होता है। तो अब अच्छे सेब को तो हर कोई खरीदना चाहेगा लेकिन जानबूझकर सेबों के दाम गिराए गए हैं ताकि बागबानों को अच्छे सेब का सही रेट न मिल सके। अनिंदर सिंह नॉटी कहते हैं कि ये सब सच ही बागबानों के बीच रखा जाएगा क्योंकि अब थोक में सेब आने पर बागबानों को उनकी फसल का सही दाम मिलना चाहिए।

**• फिर जुलाई में क्यों महंगा बिका सेब:** अनिंदर सिंह नॉटी बताते हैं कि जुलाई में जब सेब सीजन शुरू हुआ तो ये कहकर सेब की महंगी खरीद बताई गई कि सेब कम था तो महंगा बिका। लेकिन अब कहा जा रहा है कि ओलों से खराब हुए सेब और बड़ी मात्रा में सेब आने से रेट गिर रहे हैं। जुलाई में ज्यादा रेट पर खरीदे गए सेब पर भी तो ओले गिरे थे। तब सेब लोअर बेल्ट का होने की वजह से छोटे आकार खट्टा था लेकिन तब ज्यादा रेट पर सेब बिका। नॉटी कहते हैं कि ऐसा इसलिए हुआ कि तब दूसरे छोटे कारोबारी सेब खरीद रहे थे। अब अदानी जैसे बड़े कारोबारी खरीद शुरू करेंगे तो मार्केट को हर तरह से कंट्रोल करके सेब को कम रेट पर खरीदने की पूरी प्लानिंग की गई है।

## इधर, भारद्वाज ने किया पराला मंडी का निरीक्षण, रेट बताए सही



शुक्रवार शाम पराला मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री सुरेश भारद्वाज।

**ठियोग|** शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने शुक्रवार शाम ठियोग के पराला स्थित सेब मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और आढ़तियों और सेब उत्पादकों से बैठक कर उनकी समस्याएं जानीं। उनके साथ एपीएमसी शिमला किन्नौर के अध्यक्ष नरेश शर्मा, ठियोग के एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। पराला से लौटते हुए भारद्वाज ने ठियोग विश्राम गृह में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेब के ए ग्रेड के दाम मंडियों में 2000 रुपए से लेकर 2100 रुपए तक मिल रहे हैं जो इस साल फसल की अच्छी पैदावार के हिसाब से उचित ही हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में भाव डिमांड और सप्लाई पर निर्भर रहते हैं और सरकार का इसमें कोई रोल नहीं है। उन्होंने बताया कि चर्चा सी और दी ग्रेड के सेब की कीमतों की होती है। उन्होंने कहा कि ओपन मार्किट के चलते बागबान दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरू आदि देश भर की मंडियों में भी सेब भेजते हैं, जो देश की बड़ी मंडिया हैं। सभी जगह सेब के भाव एक जैसे चल रहे हैं। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार ने एमआईएस के तहत सेब खरीद का मूल्य एक रुपए किलो बढ़ाया है।

60

28 AUG 2021

# प्रदेश में कोरोना के 186 नए मरीज पॉजिटिव आए, 293 हुए ठीक, तीन लोगों ने तोड़ा दम

**शिमला** | शुक्रवार को प्रदेश में कोरोना के 186 नए मरीज पॉजिटिव पाए गए है। जबकि 293 मरीज ठीक भी हुए है। इस बीच तीन मरीजों ने कोरोना से जुझते हुए दम तोड़ा है। यह तीनों मौतें कांगड़ा जिला में हुई है। सिरमौर जिला को छोड़ आज प्रदेश के 11 जिलों में कोरोना के नए मरीज सामने आए है। बिलासपुर में 10 चंबा में 12, हमीरपुर में 28, कांगड़ा में 33, किन्नौर में 2, कुल्लू में 9, लाहौल स्पीति में 6, मंडी में 42, शिमला में 39, सोलन में 3 और ऊना में कोरोना के दो मरीज पॉजिटिव पाए गए है। इससे प्रदेश में कोरोना संक्रमण का आंकड़ा बढ़ कर दो लाख 12 हजार 913 के पास पहुंच गया है। इसमें कोरोना के 1965 सक्रिय मरीज है। जबकि ठीक होने वालों का आंकड़ा बढ़ कर दो लाख 7 हजार 356 पहुंच गया है। कोरोना से प्रदेश में अब तक 3569 लोगों ने दम तोड़ा है। आज प्रदेश में कोरोना का रिकवरी रेट 97.35 प्रतिशत पहुंच गया है।

## वैक्सीन के डर से गोशाला में छुपी बुजुर्ग

**करसोग** | ग्रामीणों क्षेत्रों में लोग कोरोना वैक्सीन लगाने से डर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला करसोग की दुर्गम पंचायत सरत्योला में सामने आया। यहां स्वास्थ्य विभाग की टीम करीब 20 किलोमीटर सफर तय कर कई गांव में वैक्सीन लगाने पहुंची। जैसे ही टीम बालू कुफरी के एक घर पर वैक्सीन लगाने पहुंची, बुजुर्ग महिला रुकमणी डर के कारण गोशाला के अंदर छुप गई। जब महिला का बेटा पशुओं को लेकर गोशाला में गया तो अपनी मां को एक कोने में छिपा हुआ पाया।



उसने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बुलाया। हेल्थ वर्कर ने महिला को समझाया और फिर टीका लगाया।

# जयराम ठाकुर बताएं हेलीपैड से आम जनता को क्या फायदा:राव

भास्कर न्यूज | सरकाघाट

प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व आबकारी एवं इंडस्ट्री मंत्री रंगीला राम राव ने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के गौंटा और बल्द्वाड़ा में की गई घोषणाओं को झूठ का पुलिंदा करार दिया है । राव नें मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को हवाई मंत्री करार देते हुए कहा है कि वह बताएं कि जो आप अपने क्षेत्र में 12 हेलीपैड बना रहे हैं उससे आम जनता को क्या फायदा होगा । उन्होंने कहा कि अगर जयराम ठाकुर खुद को गरीब का बेटा और आम जनता का नेता कहते हैं तो वह उड़न खटोले के बजाय प्रदेश भर में सड़कों से सफर करके दिखाएं । सरकाघाट लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार कांग्रेस कार्यकाल में शुरू हुए कार्यो का झूठा श्रेय ले रही है डेहर,नवानि,नरोला पेयजल योजना का शिलान्यास 2015 में तत्कालीन मुंख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया था । तब इसके लिए32 करोड़ का प्रावधान किया गया था । उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में एसा पहली बार हुआ की पीएमजीएसवाई के तहत वर्षों पहले बन चुकी सड़कों के भी सीएम से उद्घाटन करवा दिए गए है ल ऐसी कई योजनाओं जो बर्षो से चल रही हैं उन पर भाजपा सरकार अपने नाम की पट्टिकाएं लगा कर अपने को विकास का मसीहा दर्शाने में लगी है।

**पूर्व मंत्री रंगीला राम राव ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं को झूठ का पुलिंदा करार दिया**

28 AUG 2021

# प्रवासी भारतीय को हिमाचल में निवेश करने को ऑफर

## इंडो-यूएस परिसंवाद में सीएम ने दिया न्योता

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

इंडो-अमेरिकन बिजनेस एंड आर्ट्स काउंसिल आईएबीएससी ने सैन फ्रांसिस्को के भारतीय महाकॉन्सल के सहयोग से शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश पर केंद्रित इंडो-यूएस परिसंवाद का आयोजन किया। खाड़ी क्षेत्र के हिमाचलियों ने वर्चुअल माध्यम से इस परिसंवाद का आयोजन सहयोग दिया।



[illegible] बोले, नियमित ट्रैकिंग व निगरानी में हिमाचल अग्रणी

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने इस अवसर पर अपने वर्चुअल संदेश के माध्यम से संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा आईएबीएससी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने देवभूमि हिमाचल की सुंदरता का भ्रमण करने और प्रदेश की प्रकृति का आनंद लेने के लिए उन्हें यहां आमंत्रित किया। उन्होंने इच्छुक निवेशकों को राज्य में निवेश के अपार अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए भी न्यौता दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं ऊर्जा आरडी धीमान ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से आईएबीएससी का आभार व्यक्त किया और इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को प्रदान किए जा रहे विशेष प्रोत्साहनों जैसे किफायती दरों पर भूमि की उपलब्धता, उच्च गुणवत्ता और भरोसेमंद बिजली व्यवस्था तथा अग्रसक्रिय व सुलभ प्रशासन से अवगत करवाया। उन्होंने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश व्यापार में सुगमता सुधारों जैसे ऑनलाइन एकल खिड़की स्वीकृति प्रणाली, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की इकाइयों की स्थापना के लिए स्व-प्रमाणन, मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा ऑनलाइन नियमित ट्रैकिंग और निगरानी में देश के अग्रणी राज्यों में एक है। खाड़ी क्षेत्र सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिकी महासभा के सदस्य रोहित खन्ना, सैन फ्रांसिस्को में भारत के कॉन्सल जनरल डॉ. नागेंद्र प्रसाद, सामाजिक कार्य विशेषज्ञ महेश निहलानी खाड़ी क्षेत्र के प्रमुख वक्ता थे। संगोष्ठी ने राज्य सरकार, व्यवसायों के राज्य में निवेश के नए अवसर तलाशने और व्यापार के अवसरों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया। रोहित खन्ना ने कहा कि वह मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से हैं और प्रदेश की इस पहल का समर्थन करते हैं।

**[illegible]**

[illegible] ने आईटी क्षेत्र में राज्य की [illegible] दिखाई। [illegible] खाड़ी क्षेत्र के [illegible] के अतिथ्य क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाई। [illegible] महाप्रबंधक, [illegible] ने सरकारी विभागों सहित भारत में अपने ग्राहकों और [illegible] के लिए हिमाचल प्रदेश में संभावित अवसरों का उल्लेख किया। महेश निहलानी ने राज्य सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को हिमाचल दिवस समारोह के लिए खाड़ी क्षेत्र [illegible] कैलिफोर्निया का दौरा करने और सिलिकॉन वैली के निवेशकों के साथ बैठक आयोजित के लिए आमंत्रित किया।

---

[illegible]

शिमला। हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के महासचिव महेश कुमार ने बताया कि कर्मचारी संगठन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने प्रधान भूपिंद्र सिंह बॉबी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर कार्यकारिणी के वरिष्ठ उप प्रधान चानण मेहता, महासचिव महेश कुमार, उपप्रधान राजेंद्र सिंह मियां, संयुक्त सचिव महेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष संजय एवं कार्यकारिणी के कार्यकारी सदस्य रमेश चंद, विनोद कुमार, अमर सिंह, मनोज शर्मा, विजय कुमार, नवनीत कुमार, कुलदीप सिंह और रक्षित कुमार उपस्थित रहे।

62

28 AUG 2021

# प्रदेश में 2 अक्तूबर से शुरू होगी स्वर्णिम रथ यात्रा

## 51 कार्यक्रम, हर विधानसभा क्षेत्र होगा कवर

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार 2 अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आयोजन करेगी। यह बात मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।



मुख्यमंत्री ने की स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा बैठक की अध्यक्षता

मुख्यमंत्री ने कहा कि रथ यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा।

सरकार प्रदेश के विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि स्वर्णिम रथ यात्रा लगभग दो महीने के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर 25 जनवरी, 2022 को एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के शेष @ पेज 9

### कमेटी गठित करने के निर्देश

जयराम ठाकुर ने जिला प्रशासन को रथ यात्रा से संबंधित कार्य योजना और अन्य जानकारी को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों, युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों से बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। विधायक और कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सुझाव दिया कि विशेष जिले मे कार्यक्रम मनाते समय अलग जिलो के लिए अलग-अलग विषयो पर भी विचार किया जा सकता है।

### कितना बदला हिमाचल, दिखाएगी यात्रा

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य पचास वर्षों के दौरान राज्य की शानदार प्रगति के संबंध में हर हिमाचली के दिलों में गर्व की भावना पैदा करना है। उन्होंने कहा कि हर हिमाचलवासी के भीतर यह भावना जागृत होनी चाहिए कि वह इस गौरवशाली यात्रा का हिस्सा रहा है और राज्य के विकास में योगदान दिया है। उन्होंने अधिकारियों को इन सभी वर्षों के दौरान राज्य के विकास पर प्रकाश डालते हुए गुणवत्तापूर्ण प्रचार साहित्य तैयार करने का भी निर्देश दिया।

प्रदेश में...

लिए विधायक डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया है। इसके अतिरिक्त, चार उप-समितियां भी गठित की गई हैं जिनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना शिक्षा एवं संप्रेषण समिति, सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 25 जनवरी से राज्य में स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा आयोजित करना चाहती थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में राज्य के विकासात्मक इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों जैसे-खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृति, साहित्य आदि में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल लोगों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि स्वर्णिम रथ को राज्य के विकास के गौरवशाली इतिहास प्रदर्शित करने के लिए नवीनतम उपकरणों से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख विभाग जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, वन और बिजली विभाग भी इन पचास शानदार वर्षों के दौरान हुए विकास का प्रदर्शन करेंगे।

AUG 2021

63

# 2 लड़कियों की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री ने दी सहायता राशि

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने बिलासपुर की तहसील घुमारवीं के गांव कोठी निवासी पूजा सोनी और मंडी की तहसील सरकाघाट के गांव रामनगर की साक्षी के परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें सहायता प्रदान कर मानवीय मूल्यों का परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को अपनी वर्तमान आर्थिक स्थिति से अवगत करवाते हुए साक्षी ने कहा कि वह गरीब परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता मजदूरी करते हैं, जबकि मां बीमार रहती हैं। वह और उनकी बहन महक अपनी पढ़ाई आगे जारी रखना चाहती हैं परंतु धन के अभाव ने उन्हें पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई हो रही है। इसी प्रकार की आर्थिक तंगी की समस्या को लेकर पूजा सोनी जब मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर से मिलीं तो मुख्यमंत्री ने उन्हें भी निराश नहीं किया। पूजा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी दो बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटी दिव्यांग है।

- दोनों लड़कियों को 50-50 हजार रुपये की किए स्वीकृत
- आर्थिक रूप से कमजोर होने से पूरी नहीं हो पा रही थी पढ़ाई

उन्होंने कहा कि आजीविका का कोई निश्चित साधन न होने के कारण उन्हें बेटी का इलाज करवाने में मुश्किल हो रही है। मुख्यमंत्री ने पूजा और साक्षी की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की। पूजा और साक्षी ने इस आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

# पराला को बनाएंगे आदर्श मंडी : भारद्वाज

## बोले, मंडी में बैंक की शाखा खोलने के लिए अधिकारी जल्द करेंगे निरीक्षण

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

प्रोसेसिंग प्लांट, सीए स्टोर, मार्केटिंग शेड, पार्किंग व आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रही पराला मंडी का शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पराला मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित कर रहे हैं। 200 करोड़ रुपये की लागत से पराला मंडी में प्रोसेसिंग प्लांट तथा सीए स्टोर, मार्केटिंग शेड तथा पार्किंग का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इसे जल्द पूरा किया जाएगा, ताकि बागवानों को आधुनिक तकनीक से निर्मित पराला मंडी का लाभ मिले। पराला मंडी में 70 हजार से एक लाख तक सेब की पेटियां रोजाना आती हैं और लोगों को अन्य मंडियों से अच्छे भाव मिलते हैं।



शिमला। पराला मंडी का निरीक्षण करते शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज।

उन्होंने विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि विभिन्न मंडियों में सीसीटीवी कैमरा व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं, ताकि आढ़ती, लदानी एवं बागवानों को सुविधाएं मिल सकें। वहीं, पराला मंडी में बैंक की शाखा खोलने के लिए बैंक अधिकारियों से मंडी का निरीक्षण कर इस दिशा में तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपमंडलाधिकारी ठियोग सौरव जस्सल को मंडी के आसपास सरकारी जमीन देखने के दिशा-निर्देश दिए। जिससे पराला मंडी में लोडिंग तथा अनलोडिंग के लिए जगह बनाई जा सके। बाहरी राज्यों से आए ट्रांसपोर्टरों तथा लदानियों के साथ-साथ आढ़तियों को भी इस सुविधा का लाभ मिले।

- प्रोसेसिंग प्लांट सीए स्टोर, मार्केटिंग शेड तथा पार्किंग के कार्य का किया निरीक्षण

शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने मार्केटिंग शेड के निर्माण के संबंध में मार्केटिंग बोर्ड एपीएमसी एवं आढ़ती एसोसिएशन से परस्पर बैठक कर स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए।

### बागवानों को दिए जाएं सेब के अधिक दाम

एपीएमसी अध्यक्ष नरेश शर्मा ने बताया कि पराला मण्डी में सेब के दामों में प्रदेश व अन्य प्रदेशों की तुलना में बागवानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। सेब का अधिकतर बागवान पराला मण्डी में ही अपने सेब के उत्पाद को पहुंचाता है। उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन से अपील की है कि वह बागवानों को अधिक से अधिक दाम देने की कोशिश करें, जिससे अधिक सेब बागवान मंडी में सेब भेजें। मंत्री ने बताया कि प्रदेश सेब राज्य के रूप में जाना जाता है। 5 हजार करोड़ की आर्थिकी सेब से प्रदेश को होती है, जहां बागवानों को इस आर्थिकी का फायदा होता है वहीं बाहरी राज्यों से आए व्यापारी तथा ट्रांसपोर्टर तथा लोडिंग एवं अनलोडिंग करने वाले मजदूरों को भी फायदा मिलता है। पराला मंडी में अधिक मात्रा में सेब आने तथा ओलावृष्टि एवं सेब के आकार के कारण दामों में अवश्य कमी आंकी गई है। [illegible] सेब के अधिक [illegible] के मामले भी संभव हो सकती है।

64

# बागवानों के हितों की रक्षा को सरकार प्रतिबद्ध

## मांग और आपूर्ति के अनुपात में अंतर से आ रहा उतार-चढ़ाव

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

**भाजपा** प्रदेश प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने कहा कि जयराम सरकार सेब बागवानों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार हर स्तर पर इस मामले की जांच करने के साथ-साथ मंडियों की व्यवस्था में और सुधार के लिए तेजी से काम कर रही है। प्रदेश में जिस तरह से सेब खरीद पर संकट को महिमामंडित करने का प्रयास हो रहा है, उसके पीछे बागवानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने की साजिश नजर आ रही है। मांग और आपूर्ति के अनुपात में ज्यादा अंतर आने से मार्किट में दाम गिरना स्वाभाविक प्रक्रिया है।

इसे रेगुलेट करने के लिए ही सरकार ने बागवानों को तुड़ान की गति धीमी करने का सुझाव दिया है। इससे जल्द हालात सुधरेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से विपक्षी नेता इस मामले को तूल दे रहे हैं, भ्रम फैला रहे हैं, उससे बागवानों का कतई भला नहीं होने वाला। सरकार हर स्तर पर इस मामले में गंभीरता से काम कर रही है। प्रदेश में उच्च गुणवत्ता सेब के दाम में कोई गिरावट नहीं आई है। इस बार प्रदेश में हुई बंपर फसल के कारण पिछले कुछ दिनों में आपूर्ति एकदम बढ़ गई है, जिससे मांग सीमित होने के कारण दाम में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है। बागवानों को इससे घबराने की जरूरत कतई नहीं है। उन्होंने कहा कि सेब खरीद के लिए जल्द ही रिलायंस, बिग बास्केट और सफल जैसी कंपनियां मार्किट में उतरने वाली हैं। खरीद में प्रतिस्पर्धा बढ़ने का फायदा बागवानों को ही होगा। अभी सेब सीजन शुरू ही हुआ है, ऐसे में जो हालात बने हैं उन्हें ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। बड़ी कंपनियां थर्ड ग्रेड का सेब खरीदने में भी काफी दिलचस्पी दिखा रही हैं। यह दर्शाता है कि हिमाचली सेब की डिमांड अभी और बढ़ेगी। मांग बढ़ने से दाम भी बढ़ेंगे। उन्होंने बागवानों को सलाह दी कि किसी भी राजनीति महत्वाकांक्षा के भ्रमजाल में न फंसे। कांग्रेस और अन्य दल जिस तरह से बागवानों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, उसमें वह कभी कामयाब नहीं हो पाएंगे। बागवानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार पूरी तत्परता से काम कर रही है।

- **भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा बागवान घबराएं नहीं**
- **प्रदेश सरकार पूरी तत्परता से कर रही काम**
- **विपक्षी नेता इस मामले को तूल देकर बढ़ा रहे भ्रम**

# सी ग्रेड सेब की 1 लाख 24 हजार बोरियां खरीदीं

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

**हिमाचल** प्रदेश राज्य सहकारी विपणन व उपभोक्ता संघ के एक प्रवक्ता ने आज यहां कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2020 में मंडी मध्यस्थता योजना के अंतर्गत सी-ग्रेड सेब की खरीद के लिए 125 खरीद केंद्रों पर 9.50 रुपये प्रति किलोग्राम सेब की खरीद की जा रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार खरीदे गए सेब की शिमला के अंटी और सोलन जिला के परवाणु में नियमानुसार नीलामी की जा रही है। नीलामी समितियों में हिमफैड के अधिकारियों के अतिरिक्त बागवानी विभाग तथा विपणन बोर्ड के अधिकारी शामिल किए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि नीलामी प्रक्रिया पूर्णत पारदर्शी व वित्तीय नियमों के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही है, जिसके लिए उड़नदस्तों तथा निरीक्षण दलों का गठन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि सेब फसल की अधिक उत्पादकता हुई है, लेकिन साथ ही ओलावृष्टि से वर्ष 2019-20 के अपेक्षा इस वर्ष अपेक्षाकृत सात गुणा फसल खराब हुई है। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा वर्ष 2020 में 20 जुलाई 2020 से 24 अगस्त 2020 तक 17914 सेब की बोरियां खरीदी गई थीं, जबकि इस वर्ष इसी अवधि के दौरान 124000 सेब की बोरियां खरीदी गई हैं। प्रवक्ता ने कहा कि सेब की खराब हालत के दृष्टिगत अधिक समय तक इसका भंडारण नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न मंडियों में ए व बी ग्रेड का सेब भी कम दरों पर बेचा जा रहा है। हिमफैड यह सुनिश्चित कर रहा है कि सेब के क्रय-विक्रय में पारदर्शिता अपनाई जाए।

- **दो खरीद केंद्रों पर सेब खरीद रहा उपभोक्ता संघ**

# सरवीण चौधरी को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर दी बधाई

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा रश्मि धर सूद ने समस्त महिला मोर्चा की तरफ से राष्ट्रीय महिला मोर्चा टीम मे प्रदेश सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सरवीन चौधरी को विशेष आमंत्रित सदस्य और भारती सूद को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश स दो महिलाओं को अधिमान दिए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा वानती श्रीनिवासन, मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एव सांसद सुरेश कश्यप और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा का धन्यवाद व्यक्त किया है।

आपका फैसला 28 AUG 2021

# 2 अक्टूबर से आरंभ होगी स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा

## हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा : जय राम ठाकुर

**प्रदेश के विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित होंगे**

**स्वर्णिम रथ को राज्य के विकास के गौरवशाली इतिहास प्रदर्शित करने के लिए नवीनतम उपकरणों से लैस किया जाएगा**



शिमला,( आपका फैसला )। हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार इस वर्ष 2 अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आयोजन करेगी। यह बात मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने शुक्रवार को यहां आयोजित स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि रथ यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा। सरकार प्रदेश के विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि स्वर्णिम रथ यात्रा लगभग दो महीने के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर 25 जनवरी, 2022 को एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जय राम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया है। इसके अतिरिक्त, चार उप-समितियां भी गठित की गई हैं जिनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण समिति सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 25 जनवरी से राज्य में स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा आयोजित करना चाहती थी लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में

-( शेष पृष्ठ 2 पर )-

### गुणवत्तापूर्ण प्रचार साहित्य तैयार करें अधिकारी : सीएम

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने अधिकारियों को इन सभी वर्षों के दौरान राज्य के विकास पर प्रकाश डालते हुए गुणवत्तापूर्ण प्रचार साहित्य तैयार करने का भी निर्देश दिया। जय राम ठाकुर ने जिला प्रशासन को रथ यात्रा से संबंधित कार्य योजना और अन्य जानकारी अंतिम रूप प्रदान करने के लिए एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस रथ यात्रा के सफल बनाने के लिए पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों, युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों से बढ़-चढ़ कर इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

## 2 अक्टूबर से आरंभ...

राज्य के विकासात्मक इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों जैसे- खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृति, साहित्य आदि में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल लोगों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। जय राम ठाकुर ने कहा कि स्वर्णिम रथ को राज्य के विकास के गौरवशाली इतिहास प्रदर्शित करने के लिए नवीनतम उपकरणों से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख विभाग जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, वन और बिजली विभाग भी इन पचास शानदार वर्षों के दौरान हुए विकास का प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य पचास वर्षों के दौरान राज्य की शानदार प्रगति के सम्बन्ध में हर हिमाचली के दिलों में गर्व की भावना पैदा करना है। उन्होंने कहा कि हर हिमाचलवासी के भीतर यह भावना जागृत होनी चाहिए कि वह इस गौरवशाली यात्रा का हिस्सा रहा है और राज्य के विकास में योगदान दिया है। विधायक और कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने सुझाव दिया कि विशेष जिले में कार्यक्रम मनाते समय अलग जिलों के लिए अलग-अलग विषयों पर भी विचार किया जा सकता है। राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष और बजट समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि जहां रथ यात्रा जाएगी और मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वहां के मुख्य, ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण भवनों को भी सजाने के प्रयास किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार और स्वर्णिम रथ यात्रा खरीद समिति के अध्यक्ष त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रत्येक परिवार को इस भव्य आयोजन से जोड़ने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए ताकि लोगों को इससे अपनेपन का अहसास हो सके। मुख्य सचिव राम सुभग सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। निदेशक ग्रामीण विकास ऋग्वेद ठाकुर ने बैठक कर कार्यवाही का संचालन किया। जिला परिषद मंडी के अध्यक्ष पाल वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव जे.सी. शर्मा, सचिव देवेश कुमार, विभागाध्यक्षों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए और अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

आपका फैसला

# सीएम ने प्रवासी भारतीयों को निवेश के लिए आमंत्रित किया

शिमला,( आपका फैसला )। इंडो-अमेरिकन बिजनेस एंड आर्ट्स काउंसिल (आईएबीएसी) ने सैन फ्रांसिस्को के भारतीय महाकॉन्सल के सहयोग से शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश पर केंद्रित इंडो-यूएस परिसंवाद का आयोजन किया। खाड़ी क्षेत्र के हिमाचलियों ने वर्चुअल माध्यम से इस परिसंवाद को अपना सहयोग दिया। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने इस अवसर पर अपने वर्चुअल संदेश के माध्यम से संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा आईएबीएसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने देवभूमि हिमाचल की सुंदरता का भ्रमण करने और प्रदेश की प्रकृति का आनंद लेने के लिए उन्हें यहां आमंत्रित किया। उन्होंने इच्छुक निवेशकों को राज्य में निवेश के अपार अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए भी न्यौता दिया।

## निवेश के नए अवसर तलाशने और व्यापार के अवसरों को साझा करने के लिए एक मंच किया प्रदान

संगोष्ठी ने राज्य सरकार, व्यवसायों के राज्य में निवेश के नए अवसर तलाशने और व्यापार के अवसरों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया। रोहित खन्ना ने कहा कि वह मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से हैं और प्रदेश की इस पहल का समर्थन करते हैं। निवेशकों ने आतिथ्य और आईटी क्षेत्र में गहरी रुचि दिखाई। सैम दवधारा (खाड़ी क्षेत्र में होटल श्रृंखला के मालिक) ने आतिथ्य क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाई। अमित जावेरी (महाप्रबंधक, गूगल क्लाउड) ने सरकारी विभागों सहित भारत में अपने ग्राहकों और गूगल के लिए हिमाचल प्रदेश में संभावित अवसरों का उल्लेख किया। महेश निहलानी ने राज्य सरकार के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को हिमाचल दिवस समारोह के लिए खाड़ी क्षेत्र (बे-एरिया) कैलिफोर्निया का दौरा करने और सिलिकॉन वैली के निवेशकों के साथ बैठक आयोजित के लिए आमंत्रित किया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं ऊर्जा आर.डी. धीमान ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से आईएबीएसी का आभार व्यक्त किया और इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को प्रदान किए जा रहे विशेष प्रोत्साहनों जैसे-किफायती दरों पर भूमि की उपलब्धता, उच्च गुणवत्ता और भरोसेमंद बिजली व्यवस्था तथा अग्रसर किया व सुलभ प्रशासन से अवगत करवाया। उन्होंने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश व्यापार में सुगमता सुधारों जैसे ऑनलाइन एकल खिड़की स्वीकृति प्रणाली, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की इकाइयों की स्थापना के लिए स्व-प्रमाणन, मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा ऑनलाइन नियमित ट्रैकिंग और निगरानी में देश के अग्रणी राज्यों में एक है। खाड़ी क्षेत्र सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिकी महासभा के सदस्य रोहित खन्ना, सैन फ्रांसिस्को में भारत के कॉन्सल जनरल डा. नागेंद्र प्रसाद, सामाजिक कार्य विशेषज्ञ महेश निहलानी खाड़ी क्षेत्र के प्रमुख वक्ता थे।

# डिमार्केशन शुरू

रामपुर बुशहर। रामपुर में खनेरी से लेकर नोगली एनएच और कई अन्य स्थानों पर अवैध कब्जे हुए हैं। हाईकोर्ट के फरमान के बाद स्थानीय प्रशासन ने संबंधित विभाग को एनएच किनारे हुए अवैध कब्जों की जांच सहित इन्हें जल्द से जल्द हटाने के सख्त निर्देश दिए हैं। निर्देशों के बाद तहसीलदार रामपुर की अगुवाई में राजस्व विभाग, एनएच प्राधिकरण, वन विभाग और नगर परिषद की संयुक्त टीम अवैध कब्जों और अतिक्रमण की पैमाइश करने में जुट गई है। खनेरी से डिमार्केशन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एसडीएम रामपुर यादवेंद्र पॉल ने कहा कि राजस्व विभाग, एनएच सहित संबंधित विभागों को अतिक्रमण की डिमार्केशन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने पूजा सोनी और साक्षी को आर्थिक सहायता प्रदान की

शिमला। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने जिला बिलासपुर की तहसील घुमारवीं के गांव कोठी निवासी पूजा सोनी और जिला मण्डी की तहसील सरकाघाट के गांव समनगर की साक्षी के परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें सहायता प्रदान कर उच्च मानवीय मूल्यों का परिचय दिया है। मुख्यमंत्री को अपनी वर्तमान आर्थिक स्थिति से अवगत करवाते हुए साक्षी ने कहा कि वह गरीब परिवार से सम्बन्ध रखती हैं। उनके पिता मजदूरी करते हैं जबकि मां बीमार रहती है। वह और उनकी बहन महक अपनी पढ़ाई आगे जारी रखना चाहती हैं परन्तु धन के अभाव ने उन्हें पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई हो रही है। इसी प्रकार की आर्थिक तंगी की समस्या को लेकर पूजा सोनी जब मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर से मिलीं तो मुख्यमंत्री ने उन्हें भी निराश नहीं किया। पूजा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी दो बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटी दिव्यांग है। उन्होंने कहा कि आजीविका का कोई निश्चित साधन न होने के कारण उन्हें बेटी का ईलाज करवाने में मुश्किल हो रही है। मुख्यमंत्री ने पूजा और साक्षी की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की। पूजा और साक्षी ने इस आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

28 AUG 2021

# जल जीवन मिशन के तहत हर घर में लगेगा नल

## जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने 10 करोड़ की पेयजल योजनाओं के लिए शिलान्यास

जोगिंद्रनगर, (कैलाश)। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 15 अगस्त, 2022 तक हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक घर में नल व नल में शुद्ध जल की सुविधा मुहैया करवा दी जाएगी। यह बात जलशक्ति, बागवानी, राजस्व एवं सैनिक कल्याण मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने आज जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग के माध्यम से लगभग 10 करोड़ रूपये की पेयजल योजनाओं के शिलान्यास के अवसर पर गुम्मा व चौंतड़ा में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कही। जिनमें ग्राम पंचायत गुम्मा में 193.28 लाख रूपये की लागत से ग्राम पंचायत गुम्मा व कधार पंचायतों के लिए निर्मित होने वाली पेयजल योजना तो वहीं चौंतड़ा में ग्राम पंचायत पस्सल व सगनेहड़ के लिए 370.69 लाख रूपये जबकि ग्राम पंचायत ऐहजु, बदेहड़, मटरू तथा



तलकेहड़ के लिए 357.01 लाख रूपये की लागत से जल जीवन मिशन के तहत ही निर्मित होने वाली पेयजल योजनाओं की अधारशिला शामिल है। इस मौके पर जोगिंदनगर के विधायक प्रकाश राणा भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होने जन समस्याएं भी सुनीं तथा अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया। महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग के माध्यम से लगभग 400 करोड़ रूपये की राशि विभिन्न पेयजल व सिंचाई योजनाओं पर व्यय की जा रही है। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग के अधिकारियों की कड़ी मेहनत के चलते जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में हिमाचल प्रदेश पूरे देश भर में प्रथम स्थान पर रहा है। देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के चलते तीन लाख 60 हजार करोड़ रूपये की लागत से देश के ग्रामीण क्षेत्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जल जीवन की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पिछले डेढ वर्ष के दौरान अकेले हिमाचल प्रदेश में ही 6 लाख 5 हजार पानी के कनेक्शन मुहैया करवाए हैं। उन्होने कहा कि अकेले जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत 15 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है जिन पर लगभग 107 करोड़ रूपये की राशि व्यय हो रही है। उन्होने बताया कि जोगिंद्रनगर विस क्षेत्र के लिए 150 करोड़ रूपये की दो बड़ी सिंचाई योजनाएं निर्मित की जाएंगी जिनका प्रदेश के मुख्य मंत्री शिलान्यास करेंगे जिनमें चौंतड़ा क्षेत्र के लिए ही 72 करोड़ रूपये की परियोजना शामिल है। उन्होने बताया कि जोगिंद्रनगर विस क्षेत्र के लिए नाबार्ड के माध्यम से जलशक्ति व लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 55 करोड़ रूपये की कुल 9 विकास परियोजनाओं को भी स्वीकृत हुई हैं। साथ ही कहा कि इस क्षेत्र की पेयजल समस्या के व्यापक समाधान के लिए 20 करोड़ रूपये की एक नई परियोजना को भी सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त हुई है। विधायक प्रकाश राणा ने जलशक्ति मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्य मंत्री जय राम ठाकुर के आशीर्वाद एवं जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जोगिन्दर नगर विस क्षेत्र को अनेको विकास कार्यों की सौगातें मिलीं हैं। जोगिन्दर नगर में एचआरटीसी का बस डिपो, जलशक्ति विभाग का मंडलीय कार्यालय, मकरीड़ी में उपतहसील, लडभड़ोल में आईटीआई, अटल आदर्श विद्यालय जैसी प्रमुख सौगातें शामिल हैं।

[illegible] : वीरेंद्र कंवर

# विपक्ष भी कर रहा मुख्यमंत्री के कार्य की तारीफ

बंगाणा, (विपन साजन)। ग्रामीण विकास पंचायती राज, मत्स्य, कृषि एवं पशुपालन मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा है कि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के आशीर्वाद से साढ़े तीन वर्षों में कुटलैहड़ के, लिए दर्जनों बड़ी योजनाएं धरातल पर पहुंची हैं और कई बड़े विकास कार्यों का काम भी युद्ध स्तर पर चला हुआ है। फिर चाहे 19 करोड़ की लागत से बनने वाला लघु सचिवालय हो या फिर दस करोड़ से बनने बाला खंड विकास अधिकारी भवन हो। चाहे 160 करोड़ की विभिन्न पेयजल योजनाएं हो या फिर 200 करोड़ की सड़कें हों। उन्होंने कहा कि चाहे बरनोह में क्षेत्रीय पशु अस्पताल हो या फिर थानाखास में गौ अभ्यरण्य, फिर चाहे 54 करोड़ से अटल आवासीय विद्यालय हो या फिर पिपलू और बरबासड़ा में पैराग्लाइडिंग या फिर पर्यटन के क्षेत्र में गोबिंद सागर झील के अंदारोली से रायपुर मैदान का वाटर स्पोर्ट्स हो। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ के लिए जो भी जनता की बड़ी मांग थी, उसे हमारी सरकार ने पूरा किया है और सभी विकासात्मक कार्यों का युद्ध स्तर पर कार्य भी शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2022 तक सभी बड़ी योजनाओं को पूरा करके जनता को समर्पित भी किया जाएगा। कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र को विकास का मॉडल बनाने का उनका सपना था और वह सपना 5 वर्ष पूरे होने पर ज़रूर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को देखते हुए जल शक्ति विभाग का डिविज़न थानाकलां में खोला गया है। कंवर ने कहा कि सरकार के साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है और मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। कुटलैहड़ भी उस विकास से अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जनता की सुविधाओं के लिए वह सारी योजनाएं धरातल पर उतरी हैं,



जिन्हें मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने लांच किया है। कंवर ने कहा कि विपक्ष को हो हल्ला करने की आदत पड़ गई है और बिना वजह और गलत आंकड़ों से हर समय हो हल्ला करके अपनी फजीहत करवाते रहते हैं। कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में सरकार ने बिना भेदभाव और बिना किसी भ्रष्टाचार से राज्य में चहुंमुखी विकास को रफ्तार दी है और सरकार और खास कर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की ईमानदारी और विकास पर हर समय जनता के संपर्क रखने पर अब विपक्ष भी उनकी तारीफ करने लगा है। कंवर ने कहा कि राज्य सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में बिना भेदभाव से विकास को गति प्रदान की है और समूचे हिमाचल में एक समान विकास करवाया जा रहा है।

## कुटलैहड़ की अधिकतर योजनाओं को 31 मार्च तक पूरा करने के आदेश

कंवर ने कहा कि कुटलैहड में जो भी योजनाए शुरू हुई है। उनका कार्य युद्ध स्तर पर चला हुआ है। और सम्बंधित विभाग को आदेश जारी किए है। कि सभी योजनाओ को 31 मार्च तक पूरा करके उनका उद्घाटन करके जनता को समर्पित की जाएगी। फिर चाहे लघु सचिबालय हो या खण्ड बिकास अधिकारी भवन या फिर पेयबल योजनाएं। कंवर ने कहा कि करोड़ो की योजनाओ को धरातल पर उतार कर हमने जनता की समस्याओ के समाधान के लिए काम किया है। ताकि कुटलैहड़ विकास का मॉडल बनकर उभरे और जनता की सभी समस्याओं का हल हो।

## आवारा पशु छोड़ने पर 5 हजार रुपए जुर्माना और सजा का भी प्रावधान

कंवर ने कहा कि अब सड़कों पर बेसहारा पशुओं को छोड़ने पर विशेष कानून बनाया गया है और इसमें 5 हजार जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि एसडीएम और तहसीलदार को पूरी शक्ति प्रदान की है और यह अपने आधार पर जुर्माना और सजा दोनों कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल के हमने सड़कों को बेसहारा गौवंश से मुक्त करने का प्रयास किया है।

68

# हिमाचल के हर जिले का दौरा कर संस्कृति व लोगों की समस्याओं को जान सकेंगे : राज्यपाल



**लाहुल स्पीति में पर्यटन की अपार संभावनाएं : राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर**

**दुनिया को आकर्षित करते पहाड़ और बौद्ध संस्कृति और स्वच्छ वातावरण सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है**

**राज्यपाल ने लांगचा, कौमिक और हिक्किम गांवों का भी दौरा किया**

**शिमला,( आपका फैसला )।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि राज्य के जनजातीय क्षेत्रों की संस्कृति, परम्पराएं और रीति-रिवाज समृद्ध हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि यहां के लोगों ने अपनी इस पहचान को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि वह यहां कि संस्कृति से प्रभावित हुए हैं। राज्यपाल आज लाहौल-स्पीति के काजा में उनके सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें लगा कि हिमाचल सही मायनों में सुदूर क्षेत्रों में बसता है। वह कोशिश करेंगे कि राज्य के हर जिले का दौरा कर लोगों से मिलें। हिमाचल की संस्कृति को नजदीक से समझने के साथ-साथ इस तरह वह लोगों की समस्याओं को भी जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां उनसे मिले लाहौलवासियों ने भी अपनी कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया है और वह उन्हें दूर करने के लिए हर सभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। दुनिया को आकर्षित करते पहाड़ और बौद्ध संस्कृति और स्वच्छ वातावरण सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहां नियोजित पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से रोजगार भी बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत

-( शेष पृष्ठ 2 पर )-

## हिमाचल के हर जिले का ...

लोक नृत्य का आनंद लिया। लेडी गवर्नर अनघा आर्लेकर भी उपस्थित थीं। इससे पूर्व, एडीएम मोहन दत्त ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर को पारम्परिक वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने स्थानीय प्रशासन के साथ भी बैठक कर प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनेक योजनाएं हमारे जनजातीय क्षेत्रों के लिए कार्यान्वित की हैं, जिनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। राज्यपाल ने लांगचा, कौमिक और हिक्किम गांवों क भी दौरा किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने लांगचा में छेरिंग डोलमा और गटूक छोडन को गृहिणी सुविधा के तहत गैस कनैक्शन व चूल्हा वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को खाना पकाने के चुल्हे के धुएं से छुटकारा दिलाने तथा पर्यावरण संरक्षण में हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गत तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने राज्य में इस योजना के तहत 2.85 लाख महिलाओं को निःशुल्क गैस कुनैक्शन उपलब्ध करवाए हैं और इसी का परिणाम है कि दिसम्बर 2019 में हिमाचल प्रदेश को चूल्हा धुआं मुक्त राज्य घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल इस प्रकार की उपलब्धि प्राप्त करने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने लोगों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की। राज्यपाल ने ताबो और की-गोम्पा का दौरा भी किया।

20 AUG 2021

## नागरिक अस्पताल मनाली में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता : गोविंद ठाकुर

# अस्पताल को दी एंबुलेंस, एक्स-रे मशीन का किया उद्घाटन



कुल्लू,( धनेश गौतम )। कुल्लू जिला में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं नागरिकों को मिले, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने आज सिविल अस्पताल मनाली के लिए विधायक निधि से एम्बुलेंस भेंट करने के उपरांत चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आगामी दो माह में एक और अत्याधुनिक एम्बुलेन्स इस अस्पताल को प्रदान की जाएगी ताकि मरीजों को और अधिक सुविधा मिल सके। गोविंद ठाकुर ने कहा कि नागरिक अस्पताल मनाली में हर तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। अस्पताल का खूबसूरत भवन बनाया जा रहा है और जो भी जरूरी उपकरण हैं, उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनाली का नागरिक अस्पताल मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहा है जिसके लिए उन्होंने चिकित्सकों व पैरा मैडिक्स की सराहना की। इससे पूर्व, मंत्री ने इसी अस्पताल में साढ़े पांच लाख रुपये लागत की एक एक्स-रे मशीन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लंबे समय से डॉक्टरों व आर.के.एस. के सदस्यों की कमी थी, जिसे हमने पूरा किया है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि कुल्लू में जिला अस्पताल में पिछले साढ़े तीन सालों के दौरान ढांचागत सुविधाओं में बड़ा सुधार किया गया है। अनेक चिकित्सकों व पैरा मैडिकल की नियुक्तियां इस अस्पताल में की गई हैं। कोविड मरीजों के लिए अस्पताल में 200 बिस्तरों की व्यवस्था की है और सभी बिस्तर ऑक्सीजन से जुड़े हैं और कोविड मरीज के लिए सभी सुविधाओं से लैस हैं। उन्होंने कहा कई नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जिला में हमने खोले हैं जो दूर दराज के क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कर रहे हैं। इस अवसर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, रजनी ठाकुर, जिला महामंत्री अखिलेश कपूर, मण्डलाध्यक्ष दुर्गा सिंह ठाकुर, बीएमओ रणजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# पराला मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा: सुरेश भारद्वाज

## शहरी विकास मंत्री ने मंडी के निरीक्षण के दौरान कही बात

शिमला,( आपका फैसला )। प्रोसेसिंग प्लांट, सीए स्टोर, मार्केटिंग शैड, पार्किंग एवं अन्य आधुनिक सुविधाओं से लैस कर पराला मण्डी को आदर्श मण्डी के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह बात शुक्रवार को शहरी विकास, आवास, नगर नियोजन, संसदीय कार्य, विधि एवं सहकारिता मंत्री सुरेश भारद्वाज ने फल मण्डी पराला के प्रोसेसिंग प्लांट, सीए स्टोर तथा मंडी के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपये की लागत से पराला मण्डी में प्रोसेसिंग प्लांट तथा सीए स्टोर, मार्किटिंग शैड तथा पार्किंग का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, जिसे जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि बागवानों को इस आधुनिक तकनीक से निर्मित पराला मण्डी का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पराला मण्डी में 70 हजार से एक लाख तक सेब की पेटियां रोजाना आती है और वहीं इस पराला मण्डी में लोगों को अन्य मण्डियों से अच्छे भाव मिलते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि विभिन्न मण्डियों में सीसीटीवी कैमरा व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं ताकि आढ़ती, लदानी एवं बागवानों को सुविधाएं मिल सकें।

### बागवानों को अधिक दाम देने की कोशिश करें

इस दौरान अध्यक्ष एपीएमसी नरेश शर्मा ने कहा कि पराला मण्डी में सेब के दामों में हिमाचल प्रदेश तथा अन्य प्रदेशों की मात्रा में बागवानों को अच्छे दाम दिए जा रहे हैं तथा क्षेत्र का अधिकतर बागवान पराला मण्डी में ही अपने सेब के उत्पाद को पहुंचाता है। उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन से निवेदन किया कि बागवानों को अधिक से अधिक दाम देने की कोशिश करें जिससे इस मण्डी में और अधिक सेब बागवानों द्वारा भेजा जा सके। इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरीश ठाकुर, मण्डलाध्यक्ष राजेश शारदा, हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक नरेश ठाकुर, उपमण्डलाधिकारी ठियोग सौरव जस्सल, डीएसपी लखविन्द्र सिंह, एपीएमसी सचिव किशोर-शिमला ओपी बंसल, सेब के प्रधान राजेन्द्र शर्मा तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रतिबंधों का उल्लंघन

अवैध खनन माफिया की कारगुजारियां इस कदर बढ़ चुकी है कि अब तो राज्य की खड्डों, नदी और नालों में रेत और बजरी के दर्शन तक नहीं हो रहे हैं। प्रदेश की कई खड्डों से कीमती पत्थर, रेत एवं बजरी बेखौफ भरी जा रही है तथा इसे ऊंचे दामों में बेचकर खनन माफिया अपने खजाने में इजाफा कर रहा है। प्रदेश सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद इस कार्य को बखूबी अंजाम दिया जा रहा है। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि राजनीतिक संरक्षण में यह कार्य धड़ल्ले से हो रहा है और इसमें सरकारी कर्मचारियों की शमूलियत से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। इस अवैध धंधे में लगे लोग तो अमीर बन गए हैं, लेकिन उनकी खुली लूट ने प्रदेश को भारी क्षति पहुंचाई है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से अवैध खनन पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद यह कार्य खुले और निर्बाध रूप से किया जा रहा है और नित्य प्रति सामने आने वाले मामले इसकी पुष्टि करते हैं। हालांकि अब प्रदेश सरकार की ओर से अवैध खनन को गंभीरता से लिया जा रहा है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं और उनके तहत अवैध खनन में लगे लोगों पर शिकंजा कसा जा रहा है। बावजूद इसके यह भी सत्य यह है कि अकेले कड़े नियमों-कानूनों से अवैध खनन नहीं रुक पाएगा, बल्कि इसके लिए यह सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है कि इन पर प्रभावी अमल हो। इस संबंध में दृढ़ इच्छा शक्ति तथा ईमानदारी अत्यंत आवश्यक है। सरकार तो इस ज्वलंत मुद्दे के प्रति जरूर गंभीर है, संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को भी इस दिशा में गंभीरता दर्शानी होगी। कर्त्तव्यनिष्ठ, समर्पित एवं ईमानदार अधिकारी/कर्मचारी ही अवैध खनन को सही अर्थों में रोक सकते हैं। अवैध खनन के पीछे भ्रष्ट अधिकारी, खनन माफिया तथा प्रभावशाली लोगों की जुंडली है, ऐसे आरोप लोगों द्वारा अकसर लगाए जाते रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद अवैध खनन नहीं हो पाता। वास्तव में खनन माफिया पर लगाम तभी लगाई जा सकती है, जब इसके प्रति गंभीरता से कदम उठाए जाएं। स्टोन क्रशरों का भी निरीक्षण किया जा ना चाहिए और उन तक पहुंचने वाली रेत/बजरी व पत्थरों इत्यादि की सप्लाई का भी ब्यौरा लिया जाना चाहिए कि यह वास्तव में किस जगह से उनके पास पहुंच रहे हैं। वास्तव में रेत, बजरी एवं पत्थर इत्यादि सरकारी संपदाएं हैं और इसको लूटने वालों को कदापि छोड़ा नहीं जाना चाहिए। अवैध धंधे में लगे लोग चाहे प्रभावशाली क्यों न हों, यदि वह अपराध की जद में आते हैं, तो उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने से गुरेज नहीं करना चाहिए। प्रदेश से अवैध खनन तभी समाप्त हो सकेगा, जब इसके प्रति सरकार दृढ़ इच्छा से कदम उठाने की ओर प्रयास करे। प्रकृति को तभी बचाया जा सकता है, जब इसके प्रति जागरूकता अपनाई जाए। इसके लिए जन सहयोग की भी आवश्यकता है। प्राकृतिक संसाधनों का दोहन त्याग भाव से वैज्ञानिक ढंग से होना चाहिए, क्योंकि ये मनुष्य को प्रकृति की अनुपम भेंट हैं।

दैनिक सवेरा टाइम्स

28 AUG 2021

# स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आगाज 2 अक्तूबर से

- 25 जनवरी 2022 को हिमाचल दिवस के मौके पर होगा यात्रा का समापन
- हरियाणा की तर्ज पर हिमाचल में भी गोरखधंधा शब्द पर लगेगी पाबंदी : जयराम

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो) : प्रदेश में कोरोना की रफ्तार थमने तथा करीब 95 फीसदी आबादी को वैक्सीन की पहली डोज मिलने के बाद सरकार ने स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आगाज करने की तैयारी कर ली है। प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व स्वर्ण जयंति वर्ष में निकलने वाली स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आगाज 2 अक्तूबर से होगा। यात्रा 22 जनवरी 2022 तक चलेगी। प्रदेश के विकास को दर्शाती यात्रा हरेक विधान सभा क्षेत्र से होकर गुजरेगी। स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के आयोजन को लेकर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता के बाद मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में यह जानकारी दी। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखधंधा शब्द से अगर किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचती है तो फिर इसका इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसको लेकर सरकार आधिकारिक आदेश जारी करने की सोच रही है।



स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के आयोजन को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 2 अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आयोजन करेगी। इस रथ यात्रा के दौरान ● शेष पृष्ठ 2 पर

## स्वर्णिम हिमाचल रथ...

हिमाचल प्रदेश के 50 वर्षों के सफर को दर्शाया जाएगा, जिसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जैसे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, वन और ऊर्जा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश 50 साल पहले कहां था और आज कहां है। उन्होंने कहा कि स्वर्णिम रथ यात्रा लगभग 2 महीने के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों को से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति का गठन किया है। इसके अतिरिक्त 4 उप-समितियां भी गठित की गई है, जिनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण समिति, सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 25 जनवरी से राज्य में स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा आयोजित करना चाहती थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृति और साहित्य में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल लोगों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन को रथ यात्रा से संबंधित कार्य योजना और अन्य जानकारी अंतिम रुप प्रदान करने के लिए एक कमेटी गठित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों, युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को जोड़ने को कहा है। कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल, राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष और बजट समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती और स्वर्णिम रथ यात्रा खरीद समिति के अध्यक्ष त्रिलोक ज वाल ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य सचिव राम सुभग सिंह सहित अन्य अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

**बागवानों को बाजार की हालत में सुधार आने पर फसल भेचनी चाहिए : सीएम :** पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार सेब के दाम गिरने पर बागवानों की मदद करने के विकल्प को तलाश रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में बागवानों को थोड़ा रुक जाना चाहिए तथा बाजार की हालत में सुधार आने पर फसल को भेचना चाहिए। विपक्षी कांग्रेस की तरफ से सेब के गिरते दामों को लेकर लगाए गए आरोपों का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी बातें निराधार एवं राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि सरकार बागवानों के हितों का पूरा ध्यान रख रही है तथा हर संभव मदद को तैयार है। उन्होंने कहा कि बाजार में अभी भी अच्छे सेब के सही दाम मिल रहे हैं, लेकिन ओलावृष्टि और स्कैब के कारण खराब हुई फसल के दाम गिरे हैं।

# हिमाचल में आतिथ्य व आईटी सैक्टर में निवेश करेंगे प्रवासी भारतीय

## आईएबीएसी के वर्चुअल संवाद में हिस्सा लेते हुए दिखाई निवेश में दिलचस्पी

**संवाद में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने दिया प्रवासी भारतीयों को हिमाचल में निवेश का निमंत्रण**

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो) : इंडो-अमेरिकन बिजनेस एंड आर्ट्स काउंसिल (आईएबीएसी) ने सैन फ्रांसिस्को के भारतीय महाकॉन्सल के सहयोग से हिमाचल पर केंद्रित इंडो-यूएस परिसंवाद का आयोजन किया। खाड़ी क्षेत्र के हिमाचलियों ने वर्चुअल माध्यम से इस परिसंवाद को अपना सहयोग दिया। परिसंवाद में शामिल प्रवासी भारतीयों ने हिमाचल में आतिथ्य व आईटी सेक्टर में निवेश में दिलचस्पी दिखाई।

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने इस अवसर पर अपने वर्चुअल संदेश के माध्यम से संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा आईएबीएसी के प्रयासों की सराहना करते की। उन्होंने देवभूमि हिमाचल की सुंदरता का भ्रमण करने और प्रदेश की प्रकृति का आनंद लेने के लिए उन्हें यहां आमंत्रित किया। उन्होंने इच्छुक निवेशकों को राज्य में निवेश के अपार अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए भी न्यौता दिया।

उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी धीमान ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से आईएबीएसी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को प्रदान किए जा रहे विशेष प्रोत्साहनों जैसे किफायती दरों पर भूमि की उपलब्धता, उच्च गुणवत्ता और भरोसेमंद बिजली व्यवस्था तथा अग्रसक्रिय व सुलभ प्रशासन से अवगत करवाया। बताया कि हिमाचल व्यापार में सुगमता सुधारों जैसे ऑनलाइन एकल खिड़की स्वीकृति प्रणाली, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की इकाइयों की स्थापना के लिए स्व. प्रमाणन, मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा ऑनलाइन नियमित ट्रैकिंग और निगरानी में देश के अग्रणी राज्यों में एक है।

खाड़ी क्षेत्र सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिकी महासभा के सदस्य रोहित खन्ना, सैन फ्रांसिस्को में भारत के कॉन्सल जनरल डॉ नागेंद्र प्रसाद, सामाजिक कार्य विशेषज्ञ महेश निहलानी खाड़ी क्षेत्र के प्रमुख वक्ता थे। संगोष्ठी ने राज्य सरकार, व्यवसायों के राज्य में निवेश के नए अवसर तलाशने और व्यापार के अवसरों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया। रोहित खन्ना ने कहा कि वह मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से हैं और प्रदेश की इस पहल का समर्थन करते हैं।

निवेशकों ने आतिथ्य और आईटी क्षेत्र में गहरी रूचि दिखाई। सैम देवधारा खाड़ी क्षेत्र में होटल श्रृंखला के मालिक ने आतिथ्य क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाई। गूगल क्लाउड के महाप्रबंधक अमित जावेरी ने सरकारी विभागों सहित भारत में अपने ग्राहकों और गूगल के लिए हिमाचल प्रदेश में संभावित अवसरों का उल्लेख किया। महेश निहलानी ने राज्य सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को हिमाचल दिवस समारोह के लिए खाड़ी क्षेत्र बे.एरिया कैलिफोर्निया का दौरा करने और सिलिकॉन वैली के निवेशकों के साथ बैठक आयोजित के लिए आमंत्रित किया।

# सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की मुख्यमंत्री से भेंट

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो) : हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के महासचिव महेश कुमार ने बताया कि कर्मचारी संगठन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने प्रधान भूपिन्द्र सिंह बॉबी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर कार्यकारिणी के वरिष्ठ उप प्रधान चानण मेहता, महासचिव महेश कुमार, उप प्रधान राजेन्द्र सिंह मियाँ, संयुक्त सचिव महेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष संजय एवं कार्यकारिणी के कार्यकारी सदस्य रमेश चन्द, विनोद कुमार, अमर सिंह, मनोज शर्मा, विजय कुमार, नवनीत कुमार, कुलदीप सिंह और रक्षित कुमार उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से मुलाकात करते नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्य।

73

28 AUG 2021

# दुब्बल व आसपास की पंचायतों को 45 करोड़ की पेयजल स्कीमें स्वीकृत : महेंद्र सिंह ठाकुर

## थाना-पलौण पॉवर प्रोजेक्ट निर्माण करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

मंडी, 27 अगस्त (ब्यूरो) : जलशक्ति, बागवानी, राजस्व एवं सैनिक कल्याण मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि मंडी जिला के जोगिंदर नगर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में पेयजल समस्या के व्यापक समाधान के लिए एशियन विकास बैंक के माध्यम से 30 व 15 करोड़ रूपए की दो पेयजल योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। जिनमें दुब्बल व आसपास की ग्राम पंचायतें भी शामिल हैं। महेंद्र सिंह ठाकुर शुक्रवार को जोगिंदर नगर विधानसभा क्षेत्र के दुब्बल में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर जोगिंदर नगर के विधायक प्रकाश राणा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस बीच उन्होंने जन समस्याएं भी सुनीं तथा अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया। उन्होंने इस क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत विभिन्न सिंचाई योजनाओं बारे संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि खेतों को सिंचाई सुविधा सुनिश्चित होने से न केवल किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी बल्कि उनकी आय दोगुनी करने में भी लाभ मिलेगा। दुब्बल व आसपास की ग्राम पंचायतों में हैंडपंप स्थापना की मांग को लेकर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को हाइड्रोलॉजिस्ट से सर्वेक्षण करवाने के निर्देश दिये तथा कहा कि प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर हैंडपंप स्थापित करने के पूरे प्रयास किये जाएंगे। महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि थाना-पलौण पॉवर प्रोजेक्ट निर्माण करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है तथा इस संबंध में मुख्य मंत्री जय राम ठाकुर ने उच्च अधिकारियों को जल्द उचित कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। धार पंचायत में पटवारखाना स्थापित करने बारे उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा कहा कि मापदंड पूर्ण होने पर इसे खोलने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही आयुर्वेद विभाग की जमीन को दुब्बल पंचायत घर के लिए स्थानांतरित करने बारे भी राजस्व विभाग के अधिकारियों को जल्द उचित कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय पंचायत की मांग पर कहा कि कांढापतन से कुना-रा-तर को भी सड़क से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। जिससे इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा सुनिश्चित होने के साथ-साथ जिला मुख्यालय से भी दूरी कम होगी। उन्होंने दुब्बल पंचायत में जलशक्ति विभाग का एक विश्राम गृह स्थापित करने की घोषणा भी की। इसके अलावा स्थानीय स्कूल के लिए अतिरिक्त कमरों के निर्माण बारे भी मामले को उचित स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। जोगिंदर नगर के विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान को पंचायत में वार्ड स्तर पर समाधान सुनिश्चित बनाने को एक विशेष अभियान चलाया हुआ है ताकि लोगों के घरद्वार पहुंचकर न केवल समस्याओं को जाना जा सके बल्कि उनका व्यापक समाधान भी हो सके। साथ ही कहा कि बिना राजनीतिक भेदभाव जोगिन्दर नगर विस क्षेत्र का एक समान विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री जय राम ठाकुर के आशीर्वाद एवं जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जोगिंदर नगर विस क्षेत्र को अनेकों विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं। इस बीच उन्होंने वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान जोगिन्दर नगर क्षेत्र में हुए विभिन्न विकास कार्यों की भी विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य रीमा राणा, जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया, प्रधान दुब्बल रेणु राणा, उप-प्रधान रवि सिंह, प्रधान पीपली इंद्र ठाकुर, प्रधान नौहली अजीत सिंह, प्रधान कुठेहड़ा रेखा देवी, प्रधान धार चंदेल, एसडीएम डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा, जलशक्ति विभाग के मुख्य अभियन्ता शाम कुमार शर्मा, विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि, संगठन के कार्यकर्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित कई गणयमान्य लोग उपस्थित थे।



जोगिंदर नगर के दुब्बल में जनसभा को संबोधित करते महेंद्र सिंह ठाकुर।

## सीएम मनाली को देंगे 100 करोड़ की सौगात, जनता स्वागत को तैयार

कुल्लू, (करतार) : मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के लिए एक अरब से रुपये से अधिक की 26 बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें सड़कें, पुल व जलपूर्ति योजनाओं के अलावा व्यावसायिक भवनों के उद्घाटन व शिलान्यास शामिल हैं। शिक्षा व कला, भाषा एवं संस्कृति मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनाली विधानसभा क्षेत्र के लिए चौथी बार इस प्रकार की बड़ी विकास योजनाएं प्रदान करेंगे। विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए जब भी मुख्यमंत्री से कोई मांग की, उन्होंने इसे स्वीकार करके लोगों की अपेक्षाओं को सहज ही पूरा किया है। विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में करोड़ों की परियोजनाएं बनकर तैयार हो चुकी हैं और अनेक विकास योजनाओं तथा निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं। मंत्री का कहना है कि वह मनाली को प्रदेश के आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए कार्य कर रहे हैं जिसके चलते विधानसभा क्षेत्र कई मायनों में अधिकांश मानदंडों में सबसे ऊपर है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर विधानसभा की जनता में जबरदस्त उत्साह है और लोग खुले मन से उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जाएगा। वह स्वयं पिछले वीरवार से मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों में जुटे हैं। जिला भाजपा तथा मण्डल के समस्त पदाधिकारी भी मंत्री के साथ उनका सहयोग कर रहे हैं। समारोह की अपार सफलता सुनिश्चित बनाने के लिए सभी को अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपी गई हैं।



सीएम के आने की तैयारियों का जायजा लेते हुए मंत्री।

बागवानों, विपणन बोर्ड के अधिकारियों व आढ़तियों के साथ सेब की कीमतों बारे की चर्चा

# शहरी विकास मंत्री ने किया पराला मंडी का निरीक्षण

**• पराला में जल्द पूरा होगा सीए स्टोर, प्रोसेसिंग प्लांट व पार्किंग का निर्माण कार्य : भारद्वाज**

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो) : मंडियों में सेब की गिरती कीमतों के बीच शहरी विकास एवं शिमला जिला के प्रभारी मंत्री सुरेश भारद्वाज ने पराला मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में सेब की कीमतों के साथ निर्माणाधीन प्रोसेसिंग प्लांट, सीए स्टोर व अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। शहरी विकास मंत्री ने आढ़तियों व सेब बागवानों से भी बात की। भारद्वाज के साथ निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे मंडी समिति के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने उन्हें मंडी में सेब की कीमतों बारे अवगत करवाया। उन्होंने आढ़तियों से बागवानों को सेब की उचित कीमत देने का निवेदन भी किया।



**पराला में मंडी का निरीक्षण करते शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज।**

निरीक्षण के दौरान सुरेश भारद्वाज ने कहा कि पराला को आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपये की लागत से पराला मण्डी में प्रोसेसिंग प्लांट तथा सीए स्टोर, मार्किटिंग शैड तथा निर्माणाधीन पार्किंग का कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पराला मण्डी में 70 हजार से एक लाख तक सेब की पेटियां रोजाना आती है और वहीं इस पराला मण्डी में लोगों को अन्य मण्डियों से अच्छे भाव मिलते है। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि विभिन्न मण्डियों में सीसीटीवी कैमरा व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं ताकि आढ़ती, लदानी एवं बागवानों को सुविधाएं मिल सके। पराला मण्डी में बैंक की शाखा खोलने के लिए बैंक के अधिकारियों से मण्डी का निरीक्षण कर इस दिशा में तुरन्त कदम उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ठियोग के एसडीएम सौरव जस्सल को मण्डी के आसपास सरकारी जमीन देखने के दिशा-निर्देश दिएए जिससे पराला मण्डी में लोडिंग तथा अनलोडिंग के लिए जगह बनाई जा सके और बाहरी राज्यों से आए ट्रांसपोर्टरों तथा लदानियों के साथ-साथ आढ़तियों को भी इस सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके।

उन्होंने मार्केटिंग शैड के निर्माण के संबंध में उन्होंने मार्किटिंग बोर्ड एपीएमसी एवं आढ़ती एसोसिएशन से परस्पर बैठक कर स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। कहा कि पराला मण्डी में अधिक मात्रा में सेब आने तथा ओलावृष्टि एवं सेब के आकार के कारण दामों में अवश्य कमी आंकी गई है, जो नीचले व मध्यम क्षेत्र के अधिक तुड़ान के कारण भी संभव हो सकती है।

आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरीश ठाकुर, भाजपा नेता राजेश शारदा, हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक नरेश ठाकुर, एसडीएम ठियोग सौरव जस्सल, डीएसपी लखविन्द्र सिंह, एपीएमसी सचिव किन्नौर-शिमला ओपी बसंल, सैंज के प्रधान राजेंद्र शर्मा तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### 3 साल में अढ़ाई रुपए की बढ़ौतरी

इससे पहले शिमला में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में शहरी विकास मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त होने तथा वहां हालात प्रतिकूल होने की वजह से महज एक मर्तबा नेफेड ने सेब खरीदा है। प्रदेश सरकार ने सेब के समर्थन मूल्य में तीन सालों में अढ़ाई रुपए की बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि सेब की कीमतों को कम होने से रोकने के मद्देनजर कारगर कदम उठाए जाएंगे।

# जनजातीय क्षेत्रों की संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाज समृद्ध : राज्यपाल



काजा में स्थानीय कलाकारों के साथ राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर।

शिमला, 27 अगस्त (ब्यूरो) : राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने कहा कि राज्य के जनजातीय क्षेत्रों की संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाज समृद्ध हैं। उन्होंने कि यहां के लोगों ने अपनी इस पहचान को कायम रखा है। वे यहां की संस्कृति से प्रभावित हुए हैं। राज्यपाल शुक्रवार को लाहौल-स्पीति के काजा में उनके सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें लगा कि हिमाचल सही मायनों में सुदूर क्षेत्रों में बसता है। वह कोशिश करेंगे कि राज्य के हर जिले का दौरा कर लोगों से मिलें। हिमाचल की संस्कृति को नजदीक से समझने के साथ साथ इस तरह वह लोगों की समस्याओं को भी जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां उनसे मिले लाहौलवासियों ने भी अपनी कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया है और वह उन्हें दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। दुनिया को आकर्षित करते पहाड़ और बौद्ध संस्कृति और स्वच्छ वातावरण सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहां नियोजित पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से रोजगार भी बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा पेश किए गए लोक नृत्य का आनंद लिया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर अनघा अर्लेकर भी उपस्थित थीं।

# मनाली में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता : गोविंद ठाकुर

## अस्पताल को दी एंबुलैंस व एक्स-रे मशीन का किया उद्घाटन

कुल्लू, 27 अगस्त (करतार) : कुल्लू जिला में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं नागरिकों को मिले, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने आज सिविल अस्पताल मनाली के लिए विधायक निधि से एम्बुलेंस भेंट करने के उपरांत चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आगामी दो माह में एक और अत्याधुनिक एम्बुलेन्स इस अस्पताल को प्रदान की जाएगी ताकि मरीजों को और अधिक सुविधा मिल सके। गोविंद ठाकुर ने कहा कि नागरिक अस्पताल मनाली में हर तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। अस्पताल का खूबसूरत भवन बनाया जा रहा है और जो भी जरूरी उपकरण हैं, उपलब्ध करवाए



मंत्री गोविंद ठाकुर एंबुलैंस को हरी झंडी दिखाते हुए।

जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनाली का नागरिक अस्पताल मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहा है जिसके लिए उन्होंने चिकित्सकों व पैरा मैडिक्स की सराहना की। इससे पूर्व, मंत्री ने इसी अस्पताल में साढे पांच लाख रुपये लागत की एक एक्स-रे मशीन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लंबे समय से डॉक्टरों व आर.के.एस. के सदस्यों की कमी थी, जिसे हमने पूरा किया है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि कुल्लू मे जिला अस्पताल में पिछले साढे तीन सालों के दौरान ढांचागत सुविधाओं में बड़ा सुधार किया गया है। अनेक चिकित्सकों व पैरा मैडिकल की नियुक्तियां इस अस्पताल में की गई हैं। कोविड मरीजों के लिए अस्पताल में 200 बिस्तरों की व्यवस्था की है और सभी बिस्तर ऑक्सीजन से जुडे हैं और कोविड मरीज के लिए सभी सुविधाओं से लैस हैं। उन्होंने कहा कई नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जिला में हमने खोले हैं जो दूर दराज के क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कर रहे हैं।

इस अवसर प्रदेशा भाजपा उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, रजनी ठाकुर, जिला महामंत्री अखिलेश कपूर, मण्डलाध्यक्ष दुर्गा सिंह ठाकुर, बीएमओ रणजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन का 6 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

# आज, जल शक्ति मंत्री करेंगे शुभारंभ

मंडी, 27 अगस्त (ब्यूरो) : जल जीवन मिशन के अंतर्गत धर्मपुर क्षेत्र की ध्वाली पंचायत में 6 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 अगस्त से शुरू होगा। जल शक्ति, राजस्व, बागवानी एवं सैनिक कल्याण मंत्री महेन्द्र सिंह ठाकुर प्रातः 10 बजे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। जल शक्ति विभाग मंडी के अधिशाषी अभियंता विवेक हाजरी ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत जहां देश ग्रामीण अंचलों में हर घर शुद्ध जल देने की दिशा में अग्रसर है वहीं इस मिशन के तहत आमजन की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव में जल एवं स्वच्छता समिति व हर गांव से पॉच महिलाओं के समूह बनाए जा रहें हैं। यह समूह न केवल इन योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे बल्कि पानी की शुद्धता को जांचने के लिए भी प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन सोसाइटी द्वारा इस वित्त वर्ष 6000 लोगों को पंप ऑपरेटर, फीटर, इलेक्ट्रशियन व प्लंबिंग का प्रशिक्षिण दिया जाएगा।

# सालों पहले खरीदी जमीन की बिक्री के लिए डिमांड सर्वे करवाएगा हिमुडा

**डिमांड सर्वे के आधार पर प्लाट अथवा फ्लैट बनाकर बेचेगा हिमुडा**

शिमला, 27 अगस्त (धनंजय शर्मा) : गले की फांस बनी करोड़ों की जमीनों को बेचने के लिए हिमुडा डिमांड सर्वे करवाएगा। डिमांड सर्वे के बाद इन जमीनों के प्लाट अथवा इनमें आवास बना कर लोगों को बेचे जाएंगे। हिमुडा धर्मशाला व कुछ अन्य जगहों पर जहां डिमांड सर्वे करवाने की सोच रहा है, वहीं जुब्बड़हट्टी के नजदीक खरीदी गई करोड़ों की भूमि में से कुछ के प्लाट बना कर बेचने की भी योजना है। मगर योजना को अमलीजामा पहनाने से पहले इस इलाके को टीसीपी के दायरे से बाहर करना होगा। हिमुडा की प्रदेश के धर्मशाला, जुब्बड़हट्टी, त्रिलोकपुर, देहरा, रामपुर, ऊना व राजगढ़ के साथ साथ कुछ अन्य स्थानों पर जमीनों हैं। पूर्व सरकारों के वक्त इन जमीनों को खरीदा गया। हैरानी की बात तो यह है कि जमीनों को खरीदने से पहले न तो इन इलाकों में प्लाट व न ही फ्लैट की मांग को लेकर सर्वे किया गया। नतीजतन अब करोड़ों में खरीदी गई ये जमीनें हिमुडा के गले की फांस बनी हुई हैं। जमीनों में प्लाट अथवा लैट न बिकने से हिमुडा की आर्थिक हालत बिगड़ रही है। करोड़ों की जमीनों की बिक्री न होने की वजह से हिमुडा के समक्ष कर्मचारियों के वेतन के भुगतान की भी दिक्कत खड़ी हो रही है। शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में बताया कि संपत्तियों को कैसे बेचा जा सकता है इसके लिए डिमांड सर्वे होगा। इसमें कई तरह के विकल्प हिमुडा के सामने आ सकते हैं। संपत्तियों को बेचने के लिए लगातार नीलामी रखी जा रही है मगर उसका ज्यादा लाभ मिलता नहीं दिख रहा। उन्होंने बताया कि रामपुर व देहरा में मौजूद हिमुडा की जमीन की नीलामी प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। उन्होंने बताया कि देहरा की जमीन को आवासीय जरूरतों के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालय को बेचने का एक प्रस्ताव था मगर अभी तक उनकी ओर से भी कोई जवाब नहीं आया है। धर्मशाला में मौजूद जमीन पर आवासीय कॉलौनी का निर्माण किया जाना है मगर इसके लिए पैसा नहीं जबकि यहां टीसीपी की मंजूरी भी हो चुकी है। इसके अलावा राजगढ़, ऊना, त्रिलोकपुर में भी करोड़ों रूपए की जमीन खरीद गई है परंतु उनके लिए कोई खरीदार नहीं। उन्होंने बताया कि डिमांड सर्वे के बाद मालूम होगा कि किस एरिया में किस तरह की डिमांड है जिसके अनुसार उस जमीन को प्लाट अथवा फ्लैट के तौर पर विकसित किया जा सकता है।

# 2 अक्तूबर से आरंभ होगी स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा : जयराम ठाकुर

## प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाएंगे



उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
शिमला/पी.सी. लोहमी

हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार इस वर्ष 2 अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आयोजन करेगी। यह बात मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने आज यहां आयोजित स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि रथ यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा। सरकार प्रदेश के विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि स्वर्णिम रथ यात्रा लगभग दो महीने के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर 25 जनवरी, 2022 को एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जय राम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया है। इसके अतिरिक्त, चार उप-समितियां भी गठित की गई हैं जिनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण समिति, सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 25 जनवरी से राज्य में स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा आयोजित करना चाहती थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में राज्य के विकासात्मक इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों जैसे- खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृति, साहित्य आदि में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल लोगों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। जय राम ठाकुर ने कहा कि स्वर्णिम रथ को राज्य के विकास के गौरवशाली इतिहास प्रदर्शित करने के लिए नवीनतम उपकरणों से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख विभाग जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, वन और बिजली विभाग भी इन पचास शानदार वर्षों के दौरान हुए विकास का प्रदर्शन करेंगे।

जय राम ठाकुर ने जिला प्रशासन को रथ यात्रा से सम्बन्धित कार्य योजना और अन्य जानकारी अंतिम रूप प्रदान करने के लिए एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस रथ यात्रा के सफल बनाने के लिए पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों, युवक मण्डलों, महिला मण्डलों और स्वयं सहायता समूहों से बढ़-चढ़ कर इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

# राष्ट्रपति के शिमला दौरे की तैयारी में जुटा प्रशासन

- शिमला के 5 दिवसीय प्रवास पर रहेंगे रामनाथ कोविंद
- अधिकारियों को सितम्बर माह के पहले सप्ताह में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश



उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
शिमला/पी.सी.लोहमी

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के शिमला आगमन को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 16 से 20 सितम्बर तक शिमला के पांच दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित बैठक में राष्ट्रपति के शिमला प्रवास के दौरान की जाने वाली तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को सितम्बर माह के पहले सप्ताह में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को राष्ट्रीय राजमार्ग से होटल रिट्रिट की ओर जाने वाली सड़क का नवीनीकरण करने के आदेश दिए तथा क्षेत्र में साडा द्वारा चलाई जा रही सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान शिमला में आवागमन के संभावित सभी मार्गों को दुरुस्त किया जाएगा तथा शिमला व आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को भी बेहतर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को रिट्रिट होटल के मुख्य द्वार पर बनने वाले नियंत्रण कक्ष के संबंध में संयुक्त निरीक्षण कर जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि वहां पर पुलिस नियंत्रण कक्ष का स्थाई समाधान हो सके।

उन्होंने बताया कि इस दौरान संभावित आवागमन मार्गों पर चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द ही पूर्ण किया जाएगा तथा सड़क किनारे पड़ी निर्माण सामग्रियों को भी हटाया जाएगा ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि रिट्रिट होटल के आसपास के क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क समस्या को दूर कर सुचारू बनाने के लिए कम्पनियों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उत्तम हिन्दू 28 AUG 2021

# हिमाचल में निवेश करें प्रवासी भारतीय : जयराम

## भारतीय महाकॉन्सल के सहयोग से इंडो-यूएस परिसंवाद का आयोजन

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**शिमला/पी.सी. लोहमी :** इंडो-अमेरिकन बिजनेस एंड आर्ट्स काउंसिल (आईएबीएसी) ने सैन फ्रांसिस्को के भारतीय महाकॉन्सल के सहयोग से हिमाचल प्रदेश पर केंद्रित इंडो-यूएस परिसंवाद का आयोजन किया। खाड़ी क्षेत्र के हिमाचलियों ने वर्चुअल माध्यम से इस परिसंवाद को अपना सहयोग दिया। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने इस अवसर पर अपने वर्चुअल संदेश के माध्यम से संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा आईएबीएसी के प्रयासों की सराहना करते की। उन्होंने देवभूमि हिमाचल की सुंदरता का भ्रमण करने और प्रदेश की प्रकृति का आनंद लेने के लिए उन्हें यहां आमंत्रित किया। उन्होंने इच्छुक निवेशकों को राज्य में निवेश के अपार अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए भी न्यौता दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं ऊर्जा आर.डी. धीमान ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से आईएबीएसी का आभार व्यक्त किया और इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को प्रदान किए जा रहे विशेष प्रोत्साहनों जैसे-



किफायती दरों पर भूमि की उपलब्धता, उच्च गुणवत्ता और भरोसेमंद बिजली व्यवस्था तथा अग्रसक्रिय व सुलभ प्रशासन से अवगत करवाया। उन्होंने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश व्यापार में सुगमता सुधारों जैसे ऑनलाइन एकल खिड़की स्वीकृति प्रणाली, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की इकाइयों की स्थापना के लिए स्व-प्रमाणन, मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा ऑनलाइन नियमित ट्रैकिंग और निगरानी में देश के अग्रणी राज्यों में एक है। खाड़ी क्षेत्र सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिकी महासभा के सदस्य रोहित खन्ना, सैन फ्रांसिस्को में भारत के कॉन्सल जनरल डा. नागेंद्र प्रसाद, सामाजिक कार्य विशेषज्ञ महेश निहलानी खाड़ी क्षेत्र के प्रमुख वक्ता थे। संगोष्ठी ने राज्य सरकार, व्यवसायों के राज्य में निवेश के नए अवसर तलाशने और व्यापार के अवसरों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया। रोहित खन्ना ने कहा कि वह मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से हैं और प्रदेश की इस पहल का समर्थन करते हैं। निवेशकों ने आतिथ्य और आईटी क्षेत्र में गहरी रूचि दिखाई। सैम देवधारा (खाड़ी क्षेत्र में होटल श्रृंखला के मालिक) ने आतिथ्य क्षेत्र में अपनी रुचि दिखाई। अमित जावेरी (महाप्रबंधक, गूगल क्लाउड) ने सरकारी विभागों सहित भारत में अपने ग्राहकों और गूगल के लिए हिमाचल प्रदेश में संभावित अवसरों का उल्लेख किया। महेश निहलानी ने राज्य सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को हिमाचल दिवस समारोह के लिए खाड़ी क्षेत्र (बे-एरिया) कैलिफोर्निया का दौरा करने और सिलिकॉन वैली के निवेशकों के साथ बैठक आयोजित के लिए आमंत्रित किया।

# लाहौल की समृद्ध संस्कृति से प्रभावित हुए राज्यपाल

**शिमला/ ऊषा शर्मा :** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि राज्य के जनजातीय क्षेत्रों की संस्कृति, परम्पराएं और रीति-रिवाज समृद्ध हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि यहां के लोगों ने अपनी



इस पहचान को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि वह यहां कि संस्कृति से प्रभावित हुए हैं। राज्यपाल आज लाहौल-स्पीति के काजा में उनके सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें लगा कि हिमाचल सही मायनों में सुदूर क्षेत्रों में बसता है। वह कोशिश करेंगे कि राज्य के हर जिले का दौरा कर लोगों से मिलें। हिमाचल की संस्कृति को नजदीक से समझने के साथ-साथ इस तरह वह लोगों की समस्याओं को भी जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां उनसे मिले लाहौलवासियों ने भी अपनी कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया है और वह उन्हें दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। दुनिया को आकर्षित करते पहाड़ और बौद्ध संस्कृति और स्वच्छ वातावरण सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहां नियोजित पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से रोजगार भी बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। राज्यपाल ने इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य का आनंद लिया। लेडी गवर्नर श्रीमती अनघा आर्लेकर भी उपस्थित थीं। इससे पूर्व, एडीएम मोहन दत्त ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर को पारम्परिक वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने स्थानीय प्रशासन के साथ भी बैठक कर प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनेक योजनाएं हमारे जनजातीय क्षेत्रों के लिए कार्यान्वित की हैं, जिनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल इस प्रकार की उपलब्धि प्राप्त करने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने लोगों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की।

उत्तम हिन्दू 28 AUG 2021

# नागरिक अस्पताल मनाली में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता : गोविंद



**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**कुल्लू/राजीव शर्मा :** कुल्लू जिला में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं नागरिकों को मिले, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने आज सिविल अस्पताल मनाली के लिए विधायक निधि से एम्बुलेंस भेंट करने के उपरांत चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आगामी दो माह में एक और अत्याधुनिक एम्बुलेन्स इस अस्पताल को प्रदान की जाएगी ताकि मरीजों को और अधिक सुविधा मिल सके। गोविंद ठाकुर ने कहा कि नागरिक अस्पताल मनाली में हर तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। अस्पताल का खूबसूरत भवन बनाया जा रहा है और जो भी जरूरी उपकरण हैं, उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनाली का नागरिक अस्पताल मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहा है जिसके लिए उन्होंने चिकित्सकों व पैरा मैडिक्स की सराहना की। इससे पूर्व, मंत्री ने इसी अस्पताल में साढ़े पांच लाख रुपये लागत की एक एक्स-रे मशीन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लंबे समय से डॉक्टरों व आर.के.एस. के सदस्यों की कमी थी, जिसे हमने पूरा किया है। इस अवसर प्रदेशा भाजपा उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, रजनी ठाकुर, जिला महामंत्री अखिलेश कपूर, मण्डलाध्यक्ष दुर्गा सिंह ठाकुर, बीएमओ रणजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# किसानों-बागवानों के शोषण के खिलाफ कांग्रेस का मौन धरना



## रिज पर बैठे कांग्रेसी, कहा- दोनों सरकारों को देश की कोई चिंता नहीं

शिमला/ऊषा शर्मा

किसानों व बागवानों के शोषण के खिलाफ विपक्षी दल कांग्रेस ने शुक्रवार को राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मौन धरना दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर के साथ जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष यशवंत सिंह छाजटा, जिला परिषद अध्यक्ष चंद्र प्रभा नेगी सहित अन्य पार्टी के अन्य नेता इस धरने में बैठे।

इस दौरान पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कांग्रेस अध्यक्ष राठौर ने भाजपा सरकार की किसान व बागवान विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा की केंद्र की हो या प्रदेश की भाजपा सरकार, दोनों को ही देश की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सेब बागवानों की सबसे बड़ी आर्थिकी है। प्रदेश सरकार की उपेक्षा के चलते आज बागवानों की कमर टूट गई है। एक तरफ प्राकृतिक आपदा तो दूसरी तरफ सरकार की बेरुखी से आज बागवान व किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बागवानों को आश्वासन दिया था कि इस बार कार्टन व ट्रे के मूल्यों में कोई बढ़ोतरी नही होगी,बावजूद इसके मूल्यों में बढ़ोतरी की गई। उन्होंने कहा कि सेब के मूल्यों में एकाएक कमी आना सेब बागवानों के प्रति कोई बड़ा षड्यंत्र है। अडानी लदानी के पास ऐसे क्या मापदंड है जो उसने सेब के भाव 72 रुपये निर्धारित किये है। उन्होंने कहा कि अडानी और लदानी बागवानों का खुल कर शोषण कर रहें है और सरकार ने अपनी मिलीभगत से इन्हें इसकी खुली छूट दे रखी है। राठौर ने कहा कि जब अडानी को प्रदेश में सरकार ने कॉल्ड स्टोर खोलने के लिए जमीन दी थी उस समय इन्हें इसके निर्माण में भारी सब्सिडी दी गई थी। सरकार ने इन्हें यह जमीन यह सोच के दी थी कि वह बागवानों के हितों की पूरी रक्षा करेंगे,पर आज यह भष्मासुर बन गए है। आज यह लोग बागवानों का खुलकर शोषण कर रहें है।उन्होंने कहा कि यह बागवानों से सस्ते दामों पर खरीद कर आगे डबल दामों पर बेच कर बड़ा मुनाफा कमा रहे है।उन्होंने कहा कि इन्हें अपने मुनाफे से कुछ भाग बागवानों को भी देना चाहिए। राठौर ने सरकार से जम्मू कश्मीर की तर्ज पर अच्छे सेब का एमएसपी,न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने की मांग दोहराई है। राठौर ने सरकार से मांग की किसानों व बागवानों को अडानी, अम्बानी, लदानी की लूट से बचाने के लिए हस्तक्षेप करें। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने जल्द ही कोई प्रभावी कदम नही उठाये तो कांग्रेस को मजबूरन आंदोलन को उतरना पड़ेगा।

## नैफेड के माध्यम से सेब खरीदने का मुद्दा सरकार से उठाएंगे : भाजपा

शिमला/पी.सी.लोहमी : हिमाचल प्रदेश में सेब के गिरते दामों से निराश बागवानों को राहत देने के लिए भाजपा ने सेब की फसल को नैफेड के माध्यम से खरीदने की वकालत की है। प्रदेश की जयराम ठाकुर सरकार से भाजपा आग्रह करेगी कि नैफेड से सेब की खरीददारी की जाए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा कि राज्य सरकार के समक्ष ये मांग रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि बागवान चाहते हैं कि उनकी पसंद है फसल नैफेड के माध्यम से खरीदी जाए। ये मांग सरकार के समक्ष रखी जाएगी। सरकार और संगठन पूरी तरह से बागवानों के साथ है। बागवानों की हित में जो भी संभव होगा वह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब संसद में भी उन्होंने बागवानों को हितों को सुरक्षित रखने के मामले कई बार उठाए। राज्य सरकार से लेकर बागवानी विभाग सहित सभी बागवानों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए प्रयासरत है। सुरेश कश्यप ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। इसमें एक नहीं बल्कि हर हल्के में सैकड़ों प्रत्याशी ऐसे हैं जो जीतने का माद्दा रखते हैं। इसीलिए टिकट मांगना सभी का अधिकार है लेकिन जब पार्टी किसी एक प्रत्याशी को फाइनल करती है तो उसके बाद सभी एकजुट होकर प्रचार में जुट जाते हैं। मामला कहीं का भी हो हर जगह पार्टी का प्रत्याशी घोषित होने के बाद सभी कार्यकर्ता की तरह पार्टी को जिताने के लिए काम करते हैं। सरकार के वरिष्ठ मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर की आशीर्वाद यात्रा से दूर रहे इस पर पूछे सवाल के जवाब में सुरेश कश्यप ने कहा कि स्वास्थ्य कारणों के कारण सरकार के वरिष्ठ मंत्री महेंद्र सिंह आशीर्वाद यात्रा में हिस्सा नहीं ले सके। उनके बेटे ने दो स्थानों पर आशीर्वाद यात्रा में हिस्सा लिया और केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।

## राज्य सहकारी विपणन व उपभोक्ता संघ सेब खरीद में अपना रहा पारदर्शिता

शिमला/ऊषा शर्मा : हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन व उपभोक्ता संघ के एक प्रवक्ता ने कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2020 में मण्डी मध्यस्थता योजना के अन्तर्गत सी-ग्रेड सेब की खरीद के लिए 125 खरीद केन्द्रों पर 9.50 रुपये प्रति किलोग्राम सेब की खरीद की जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार खरीदे गए सेब की शिमला जिले के अप्टी और सोलन जिला के परवाणु में नियमानुसार नीलामी की जा रही है। नीलामी समितियों में हिमफैड के अधिकारियों के अतिरिक्त बागवानी विभाग तथा विपणन बोर्ड के अधिकारी शामिल किए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि नीलामी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी व वित्तीय नियमों के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही है, जिसके लिए उड़नदस्तों तथा निरीक्षण दलों का गठन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि सेब फसल की अधिक उत्पादकता हुई है लेकिन साथ ही ओलावृष्टि से वर्ष 2019-20 के अपेक्षा इस वर्ष अपेक्षाकृत सात गुणा फसल खराब हुई है। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा वर्ष 2020 में 20 जुलाई 2020 से 24 अगस्त 2020 तक 17914 सेब की बोरियां खरीदी गई थीं जबकि इस वर्ष इसी अवधि के दौरान 124000 सेब की बोरियां खरीदी गई हैं। प्रवक्ता ने कहा कि सेब की खराब हालत के दृष्टिगत अधिक समय तक इसका भंडारण नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त कोविड महामारी के कारण दूसरे राज्यों से व्यापारी विक्रय केन्द्रों पर कम संख्या में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विभिन्न मंडियों में ए व बी ग्रेड का सेब भी कम दरों पर बेचा जा रहा है। इसके बावजूद, हिमफैड यह सुनिश्चित कर रहा है कि सेब के क्रय-विक्रय में पूर्णतः पारदर्शिता अपनाई जाए।

जयमार्ग 2 8 AUG 2021

# दो अक्टूबर से आरंभ होगी स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्राः जयराम

## स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की

➡ रथ यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा



जयमार्ग न्यूज

शिमला। हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार इस वर्ष 2 अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आयोजन करेगी। यह बात मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने आयोजित स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रथ यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा। सरकार प्रदेश के विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि स्वर्णिम रथ यात्रा लगभग दो महीने के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर 25 जनवरी, 2022 को एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जय राम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया है।

इसके अतिरिक्त, चार उप-समितियां भी गठित की गई हैं जिनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण समिति, सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 25 जनवरी से राज्य में स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा आयोजित करना चाहती थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में राज्य के विकासात्मक इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों जैसे- खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृति, साहित्य आदि में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल लोगों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। जय राम ठाकुर ने कहा कि स्वर्णिम रथ को राज्य के विकास के गौरवशाली इतिहास प्रदर्शित करने के लिए नवीनतम उपकरणों से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख विभाग जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, वन और बिजली विभाग भी इन पचास शानदार वर्षों के दौरान हुए विकास का प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य पचास वर्षों के दौरान राज्य की शानदार प्रगति के सम्बन्ध में हर हिमाचली के दिलों में गर्व की भावना पैदा करना है। उन्होंने कहा कि हर हिमाचलवासी के भीतर यह भावना जागृत होनी चाहिए कि वह इस गौरवशाली यात्रा का हिस्सा रहा है और राज्य के विकास में योगदान दिया है। उन्होंने अधिकारियों को इन सभी वर्षों के दौरान राज्य के विकास पर प्रकाश डालते हुए गुणवत्तापूर्ण प्रचार साहित्य तैयार करने का भी निर्देश दिया।

जय राम ठाकुर ने जिला प्रशासन को रथ यात्रा से सम्बन्धित कार्य योजना और अन्य जानकारी अंतिम रूप प्रदान करने के लिए एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस रथ यात्रा के सफल बनाने के लिए पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों, युवक मण्डलों, महिला मण्डलों और स्वयं सहायता समूहों से बढ़-चढ़ कर इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

विधायक और कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने सुझाव दिया कि विशेष जिले में कार्यक्रम मनाते समय अलग जिलों के लिए अलग-अलग विषयों पर भी विचार किया जा सकता है। राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष और बजट समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि जहां रथ यात्रा जाएगी और मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वहां के मुख्य, ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण भवनों को भी सजाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

## प्रवासी भारतीयों को हिमाचल में निवेश के लिए आमंत्रित किया

शिमला (जयमार्ग न्यूज)। इंडो-अमेरिकन बिजनेस एंड आर्ट्स काउंसिल (आईएबीएसी) ने सैन फ्रांसिस्को के भारतीय महावाणिज्य दूतावास के सहयोग से हिमाचल प्रदेश पर केंद्रित इंडो-यूएस परिसंवाद का आयोजन किया। खाड़ी क्षेत्र के हिमाचलियों ने वर्चुअल माध्यम से इस परिसंवाद को अपना सहयोग दिया। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने इस अवसर पर अपने वर्चुअल संदेश के माध्यम से संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा आईएबीएसी के प्रयासों की सराहना करते की। उन्होंने देवभूमि हिमाचल की सुंदरता का भ्रमण करने और प्रदेश की प्रकृति का आनंद लेने के लिए उन्हें यहां आमंत्रित किया। उन्होंने इच्छुक निवेशकों को राज्य में निवेश के अपार अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए भी न्यौता दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं ऊर्जा आर.डी. धीमान ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से आईएबीएसी का आभार व्यक्त किया और इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## कर्मचारी संगठन की कार्यकारिणी ने सीएम से भेंट की



शिमला (जयमार्ग न्यूज)। हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने अध्यक्ष भूपिन्द्र सिंह के नेतृत्व में आज यहां मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर से भेंट की। इस मौके पर कार्यकारिणी के वरिष्ठ उप प्रधान श्री चानण मैहता, महासचिव, श्री महेश कुमार, उप प्रधान श्री राजेन्द्र सिंह मियाँ, संयुक्त सचिव, श्री महेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष, श्री संजय एवं कार्यकारिणी के कार्यकारी सदस्य सर्वश्री रमेश चन्द, विनोद कुमार, अमर सिंह, मनोज शर्मा, विजय कुमार, नवनीत कुमार, कुलदीप सिंह और रक्षित कुमार उपस्थित रहे। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

82



## मुख्यमंत्री ने पूजा सोनी और साक्षी को आर्थिक सहायता प्रदान की

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। हिमाचल के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने जिला बिलासपुर की तहसील घुमारवीं के गांव कोठी निवासी पूजा सोनी और जिला मण्डी की तहसील सरकाघाट के गांव रामनगर की साक्षी के परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें सहायता प्रदान कर उच्च मानवीय मूल्यों का परिचय दिया है। मुख्यमंत्री को अपनी वर्तमान आर्थिक स्थिति से अवगत करवाते हुए साक्षी ने कहा कि वह गरीब परिवार से सम्बन्ध रखती हैं। उनके पिता मजदूरी करते हैं जबकि मां बीमार रहती हैं। वह और उनकी बहन महक अपनी पढ़ाई आगे जारी रखना चाहती हैं परन्तु धन के अभाव ने उन्हें पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई हो रही है। इसी प्रकार की आर्थिक तंगी की समस्या को लेकर पूजा सोनी जब मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर से मिलीं तो मुख्यमंत्री ने उन्हें भी निराश नहीं किया। पूजा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी दो बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटी दिव्यांग है। आजीविका का कोई निश्चित साधन न होने के कारण उन्हें बेटी का ईलाज करवाने में मुश्किल हो रही है।

## द्रुब्बल व आसपास की पंचायतों को 45 करोड़ की पेयजल स्कीमें स्वीकृत : महेंद्र सिंह ठाकुर

जगमार्ग न्यूज

जोगिन्दर नगर। जलशक्ति, बागवानी, राजस्व एवं सैनिक कल्याण मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि जोगिन्दर नगर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में पेयजल समस्या के व्यापक समाधान के लिए एशियन विकास बैंक के माध्यम से 30 व 15 करोड़ रुपये की दो पेयजल योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जिनमें द्रुब्बल व आसपास की ग्राम पंचायतें भी शामिल हैं। महेंद्र सिंह ठाकुर आज जोगिन्दर नगर विधानसभा क्षेत्र के द्रुब्बल में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर जोगिन्दर नगर के विधायक प्रकाश राणा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस बीच उन्होंने जन समस्याएं भी सुनीं तथा अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया।



जनसभा को संबोधित करते बोले जलशक्ति मंत्री ठाकुर

इस मौके पर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य रीमा राणा, जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया, प्रधान द्रुब्बल रेणु राणा, उप-प्रधान रवि सिंह, प्रधान पीपली इंद्र ठाकुर, प्रधान नौहली अजीत सिंह, प्रधान कुठेहड़ा रेखा देवी, प्रधान धार चंदेल, एसडीएम डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा, जलशक्ति विभाग के मुख्य अभियन्ता शाम कुमार शर्मा, विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि, संगठन के कार्यकर्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री जिला ऊना के प्रवास पर

ऊना (जगमार्ग न्यूज)। ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कृषि, मत्स्य तथा पशु पालन मंत्री शनिवार से जिला ऊना के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि शनिवार को वीरेंद्र कंवर प्रातः 10.30 बजे समूर कलां में रोड साइड सुविधा भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इसके उपरांत वह 11.30 बजे डंगोली में लिंक रोड का भूमि करेंगे तथा 12.30 बजे कोटला कलां अप्पर में पंचवटी पार्क की आधारशिला रखेंगे। वीरेंद्र कंवर सांय 3 बजे रैनसरी में सामुदायिक भवन का शिलान्यास करने के बाद 4 बजे सर्किट हाउस ऊना में जन समस्याओं का निवारण करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि 29 अगस्त को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री वीरेंद्र कंवर प्रातः 11 बजे बीहडू कलां में हैलीपैड की आधारशिला रखने के बाद दोपहर 12 बजे बीहडू कलां में सब तहसील कार्यालय व आवासीय भवन का शिलान्यास करेंगे।

## मुख्यमंत्री मनाली को देंगे 100 करोड़ की सौगातः गोविंद ठाकुर

कुल्लू (जगमार्ग न्यूज)। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर कल यानि 28 अगस्त को मनाली विधानसभा क्षेत्र के लिए एक अरब से रुपये से अधिक की 26 बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें सड़कें, पुल व जलपूर्ति योजनाओं के अलावा व्यावसायिक भवनों के उद्घाटन व शिलान्यास शामिल हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिक्षा व कला, भाषा एवं संस्कृति मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनाली विधानसभा क्षेत्र के लिए चैथी बार इस प्रकार की बड़ी विकास योजनाएं प्रदान करेंगे। विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए जब भी मुख्यमंत्री से कोई मांग की, उन्होंने इसे स्वीकार करके लोगों की अपेक्षाओं को सहज ही पूरा किया है। विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में करोड़ों की परियोजनाएं बनकर तैयार हो चुकी हैं।

## राज्य सहकारी विपणन व उपभोक्ता संघ सेब खरीद में अपना रहा पारदर्शिता

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन व उपभोक्ता संघ के एक प्रवक्ता ने आज यहां कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2020 में मण्डी मध्यस्थता योजना के अन्तर्गत सी-ग्रेड सेब की खरीद के लिए 125 खरीद केन्द्रों पर 9.50 रुपये प्रति किलोग्राम सेब की खरीद की जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार खरीदे गए सेब की शिमला जिले के अण्टी और सोलन जिला के परवाणु में नियमानुसार नीलामी की जा रही है। नीलामी समितियों में हिमफैड के अधिकारियों के अतिरिक्त बागवानी विभाग तथा विपणन बोर्ड के अधिकारी शामिल किए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि नीलामी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी व वित्तीय नियमों के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही है, जिसके लिए उड़नदस्तों तथा निरीक्षण दलों का गठन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि सेब फसल की अधिक उत्पादकता हुई है लेकिन साथ ही ओलावृष्टि से वर्ष 2019-20 के अपेक्षा इस वर्ष अपेक्षाकृत सात गुणा फसल खराब हुई है।

जगमार्ग

2[illegible] AUG 2021

93

# आधुनिक सुविधाओं से लैस पराला मंडी को आदर्श मंडी के रूप में होगी विकसित: सुरेश



जगमार्ग न्यूज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जिला शिमला में प्रोसेसिंग प्लांट, सीए स्टोर, मार्किटिंग शैड, पार्किंग एवं अन्य आधुनिक सुविधाओं से लैस कर पराला मण्डी को आदर्श मण्डी के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह बात आज शहरी विकास, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज ने फल मण्डी पराला के प्रोसेसिंग प्लांट, सीए स्टोर तथा मण्डी के निरीक्षण के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपये की लागत से पराला मण्डी में प्रोसेसिंग प्लांट तथा सीए स्टोर, मार्किटिंग शैड तथा पार्किंग का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, जिसे जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि बागवानों को इस आधुनिक तकनीक से निर्मित पराला मण्डी का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पराला मण्डी में 70 हजार से एक लाख तक सेब की पेटियां रोजाना आती है और वहीं इस पराला मण्डी में लोगों को अन्य मण्डियों से अच्छे भाव मिलते है।

उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि विभिन्न मण्डियों में सीसीटीवी कैमरा व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं ताकि आढ़ती, लदानी एवं बागवानों को सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि हम पराला मण्डी में बैंक की शाखा खोलने के लिए बैंक के अधिकारियों से मण्डी का निरीक्षण कर इस दिशा में तुरन्त कदम उठने के निर्देश दिए।

84

# हिमाचल में आए 186 नए मामले, तीन लोगों की मौत

जगमार्ग न्यूज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को कोरोनावायरस संक्रमण के 186 नए मामले आए हैं। इनमें मंडी जिला में सबसे ज्यादा 42 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा शिमला जिला में 39, कांगड़ा जिला में 33, हमीरपुर जिला में 28, चम्बा जिला में 12, बिलासपुर जिला में 10, कुल्लू जिला में 9, लाहौल-स्पीति जिला में 6, सोलन जिला में 3, ऊना जिला में 2, और किन्नौर जिला में 2 पॉजिटिव मामले आए हैं। इसी के साथ राज्य में अब कोरोनावायरस संक्रमित मरीजों का कुल आंकड़ा 2,12,913 पहुंच गया है।



**अब तक 2,07,356 मरीज इलाज के बाद पूरी तरह ठीक हुए**

हिमाचल प्रदेश में कोरोना से मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को प्रदेश में कोरोना से 3 लोगों की मौत हो गई है। प्रदेश में अब कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 3,569 पहुंच गया है।

हिमाचल में शुक्रवार को कोरोनावायरस से संक्रमित 293 मरीज ठीक हुए हैं। इनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। प्रदेश के लिए राहत भरी खबर ये है कि अब तक कुल 2,07,356 मरीज इलाज के बाद पूरी तरह ठीक हो चुके हैं।

हिमाचल प्रदेश में अब कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों का कुल आंकड़ा 2,12,913 पहुंच गया है। इनमें से 1965 सक्रिय मामले हैं जबकि 2,07,356 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण अब तक 3,569 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से अधिकतर मरीज अन्य बीमारियों से भी ग्रस्त थे।

85

जनसत्ता 28 AUG 2021

# दो अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा

## पूर्ण राज्यत्व स्वर्ण जयंती वर्ष पर प्रदेश सरकार मनाएगी जश्न

शिमला, 27 अगस्त (जनसत्ता)।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की जन आशीर्वाद यात्रा के बाद अब प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार इस साल 2 अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने इस बावत आज, शुक्रवार को यहां आयोजित होने वाली इस रथयात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की व कहा कि कि रथ यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा।

जय राम ने कहा कि सरकार प्रदेश के विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित करेगी। स्वर्णिम रथ यात्रा लगभग दो महीने के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर 25 जनवरी को एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विधायक राजीव बिंदल की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया है। इसके अतिरिक्त चार उपसमितियां भी गठित की गई हैं जिनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण समिति, सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं। कहा, राज्य सरकार इस साल 25 जनवरी से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा आयोजित करना चाहती थी लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में राज्य के विकासात्मक इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा जिसमें आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृतिए साहित्य आदि में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल लोगों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

जय राम ठाकुर ने कहा कि स्वर्णिम रथ को राज्य के विकास के गौरवशाली इतिहास प्रदर्शित करने के लिए नवीनतम उपकरणों से लैस किया जाएगा। सभी प्रमुख विभाग जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, वन और बिजली विभाग भी इन पचास शानदार वर्षों के दौरान हुए विकास का प्रदर्शन करेंगे।

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कहा कि स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य पचास वर्षों के दौरान राज्य की शानदार प्रगति के सम्बन्ध में हर हिमाचली के दिलों में गर्व की भावना पैदा करना है। उन्होंने कहा कि हर हिमाचलवासी के भीतर यह भावना जागृत होनी चाहिए कि वह इस गौरवशाली यात्रा का हिस्सा रहा है और राज्य के विकास में योगदान दिया है। उन्होंने अधिकारियों को इन सभी वर्षों के दौरान राज्य के विकास पर प्रकाश डालते हुए गुणवत्तापूर्ण प्रचार साहित्य तैयार करने का भी निर्देश दिया।

जनसत्ता 28 AUG 2021

# रामकृष्ण मिशन ने प्रदेश सरकार से सुरक्षा मांगी

शिमला, 27 अगस्त (जनसत्ता)।

राजधानी स्थित रामकृष्ण मिशन ने प्रदेश की जय राम सरकार और प्रदेश पुलिस से सुरक्षा की मांग की है ताकि आश्रम में रह रहे लोगों और भिक्षुओं की सुरक्षा की जा सके। गौर रहे यह वही मंदिर है जहां पिछले दिनों प्रदेश पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू और एक महिला वकील के बीच जुबानी जंग हुई थी।

मिशन के सचिव स्वामी तनमहिमानंद ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में कहा है कि मंदिर की पवित्रता को बनाए रखने और ये लोग इस तरह की हरकतें दोबारा न करे इसलिए उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जाएं। मिशन के सचिव ने कहा है कि 1886 में हिमालयन ब्रहमो समाज के सचिव लाला कांशी राम ने मालरोड़ पर एजी कार्यालय के नींचे छह एक-ड़ जमीन खरीदी और 1887 में ब्रहमो मंदिर को निर्माण कर दिया। बाद में उन्होंने इस संपत्ति के प्रबंधन के लिए एक न्यास बना दिया और 1887 में इसे शिमला में ही रजिस्टर कर दिया। इस न्यास की प्रबंधन समिति 1882 से ही काम कर रही है और इसके पूरे दस्तावेज अब मिशन के पास है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा न्यासियों ने 2011 में हिमालयन ब्रहमो समाज की इस संपत्ति को राम कृष्ण मिशन को सौंपने का फैसला किया। लेकिन तकनीकी कारणों की वजह पूरी संपत्ति के बजाए मंदिर व कुछ भवनों को ही मिशन को हस्तांतरित किया जा सका है व 15 नवंबर 2014 से मिशन ने यहां पर काम शुरू कर दिया है।

सचिव ने कहा कि पूर्व में यहां इस संपत्ति की देखभाल के लिए तैनात किए गए एक माली के पुत्र को 1990 में यहां की देखभाल के लिए तैनात किया गया। उन्होंने इल्जाम लगाया कि तैनाती से ही उसने ब्रहमो समाज की संपत्ति पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया व अनाधिकृत निर्माण कर दिया और वहां किराएदार भी रख दिए। 2007-08 से उसने ब्रहमो समाज के काम में भी दखल देना शुरू कर दिया।

87

अर्थ प्रकाश | 28 AUG 2021

# दो अक्तूबर से आरंभ होगी स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा : जय राम ठाकुर

**■ मुख्यमंत्री ने की स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता**

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**



शिमला, 27 अगस्त। हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार इस वर्ष 2 अक्तूबर से स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा का आयोजन करेगी। यह बात मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने शुक्रवार को यहां आयोजित स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रथ यात्रा केदौरान हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली यात्रा के 50 वर्षों में आम आदमी के योगदान का जश्न मनाया जाएगा। सरकार प्रदेश के विभिन्न विभागों के माध्यम से राज्य भर में 51 कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि स्वर्णिम रथ यात्रा लगभग दो महीने के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर 25 जनवरी, 2022 को एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जय राम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया है। इसके अतिरिक्त, चार उप-समितियां भी गठित की गई हैं जिनमें स्वर्णिम रथ खरीद समिति, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण समिति, सोशल मीडिया समिति और बजट समिति शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 25 जनवरी से राज्य में स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा आयोजित करना चाहती थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में राज्य के विकासात्मक इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्वर्णिम हिमाचल रथ यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों जैसे- खेल, सामाजिक कार्य, संस्कृति, साहित्य आदि में उपलब्धि हासिल करने वाले सफल लोगों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

### स्वर्णिम रथ को नवीनतम उपकरणों से लैस किया जाएगा

जय राम ठाकुर ने कहा कि स्वर्णिम रथ को राज्य के विकास के गौरवशाली इतिहास प्रदर्शित करने के लिए नवीनतम उपकरणों से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख विभाग जैसे शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, वन और बिजली विभाग भी इन पचास शानदार वर्षों के दौरान हुए विकास का प्रदर्शन करेंगे।

# लाहौल की समृद्ध संस्कृति से प्रभावित हुए राज्यपाल आर्लेकर



शिमला, 27 अगस्त (अप्रस)। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि राज्य के जनजातीय क्षेत्रों की संस्कृति, परम्पराएं और रीति-रिवाज समृद्ध हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि यहां के लोगों ने अपनी इस पहचान को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि वह यहां कि संस्कृति से प्रभावित हुए हैं।

राज्यपाल आज लाहौल-स्पीति के काजा में उनके सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें लगा कि हिमाचल सही मायनों में सुदूर क्षेत्रों में बसता है। वह कोशिश करेंगे कि राज्य के हर जिले का दौरा कर लोगों से मिलें। हिमाचल की संस्कृति को नजदीक से समझने के साथ-साथ इस तरह वह लोगों की समस्याओं को भी जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां उनसे मिले लाहौलवासियों ने भी अपनी कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया है और वह उन्हें दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। दुनिया को आकर्षित करते पहाड़ और बौद्ध संस्कृति और स्वच्छ वातावरण सभी के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। यहां नियोजित पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से रोजगार भी बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी।